


दैनिक

# शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 142 • नई दिल्ली, सोमवार, 28 अगस्त 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737



3 नेपाल तराई क्षेत्र में लगातार बारिश से करीब 250 ....

## सीएम बोले-मुंबई की मीटिंग में सब फाइनल हो जाएगाः बीजेपी को विपक्षी एकता से नुकसान का डर

**दैनिक शुभ भास्कर। पटना**

सीएम नीतीश कुमार बीजेपी की बातों पर ध्यान नहीं देते हैं। वो लोग क्या बोलते हैं उसका कोई मतलब नहीं है। ये बातें मुख्यमंत्री ने खुद कही है। नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता को लेकर कहा कि मुंबई में होनेवाली बैठक में सब तय हो जाएगा। कुछ और पार्टियां गठबंधन में जुड़ने वाली हैं। कौन-कहां से चुनाव लड़ेगा, ये सारी बातें अगली बैठक में मिलकर हमलोग तय करेंगे। सीएम ने कहा कि मुझे खुद के लिए कुछ नहीं चाहिए। मैंने तो पहले ही कहा है, मैं बस सभी को एकजुट कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि भाजपा हमसे डरती है। भाजपा देख रही है कि सभी दलों को एक मंच पर लेकर पहुंच गया है। लोहिया पथ चक्र का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए ये बातें कही।

**बढ़ेगी I.N.D.I.A की ताकत-** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुंबई में होने वाली I.N.D.I.A की बैठक को लेकर कहा कि मुंबई की बैठक में कई और पार्टी जुड़ेगी। हमने तो अपना काम कर दिया है। सभी पार्टियों को एक मंच पर ले आए हैं।



विपक्ष के हमले पर नीतीश कुमार ने कहा कि वो लोग शायद इसलिए परेशान है कि हम लगातार काम कर रहे हैं। हमारा प्रयास कामयाब हो रहा है। I.N.D.I.A की एकजुटता से उनको हार नजर आने लगी है। इसलिए शायद हमको लेकर कुछ के कुछ बोलते रहते है। लेकिन हमको कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। हमारी कोई महत्वाकांक्षा नहीं है। सीएम नीतीश रविवार को भी एक्शन में नजर आए। वो नेहरू पथ पर लोहिया पथ चक्र का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां फोन पर अधिकारियों को निर्देश भी दिया। लोहिया पथ चक्र के निर्माण काम को बारीकी से देखा और समझा। सबसे बड़ी बात यह रही कि बगल के सरकारी क्वार्टर को तोड़कर नए सिरे से बनाया जाएगा। मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग बनेगी।

**जनता चाहती है कि फूलपुर से नीतीश कुमार चुनाव लड़ें- श्रवण कुमार-** ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने शनिवार को सीएम नीतीश कुमार के पीएम बनने वाले चर्चा से जुड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि देश में नीतीश कुमार की चर्चा हर तरफ है। देश की जनता उनके कार्यों को पसंद करती हैं। उनके जैसे नेता देश में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि फूलपुर के लोग चाहते हैं कि वह यहां से चुनाव लड़ें। हालांकि चुनाव लड़ेंगे या नहीं ये फिलहाल तय नहीं हुआ है। बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार यूपी में जदयू पार्टी को मजबूत करने में लगे हैं।

### सीएम की पीएम बनने की कोई इच्छा नहीं

श्रवण कुमार ने नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री बनाए जाने के सवाल पर कहा कि यह उनकी इच्छा नहीं है। ना ही पार्टी की इच्छा है। लेकिन, उनके समर्थक इसे लेकर चर्चा करते रहते हैं। नीतीश कुमार का इतना ही लक्ष्य है कि I.N.D.I.A गठबंधन की सरकार बने। पीएम पद वाले सवाल पर कहा कि उनकी चर्चा तो हर जगह होती है। बिहार, झारखंड उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश में चर्चा होते रहती है। लोगों का कहना है कि वह प्रधानमंत्री बनने लायक हैं। देश को नीतीश कुमार जैसा प्रधानमंत्री चाहिए।

## खास खबर

### प्रत्येक शनिवार को मुफ्त भोजन कराने का अभियान पहूंचा 83 वां पादान पर

**मोतिहारी, अशोक वर्मा,** विगत 82 सप्ताह से साप्ताहिक मुफ्त भोजन करने के अभियान मे लगे मोतिहारी के सामाजिक संस्था देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम सेवा परिषद और सीता देवी ओंकार नाथ जालान सेवा संस्थान आज भी अपनी सेवा को जारी रखे हुए हैं। दोनों संस्था के संयुक्त तत्वावधान में शुरू की गई मिशन अन्नपूर्णा रसोई निशुल्क भोजन सेवा आज जिले मे प्रेरणा बन गई है। कोई भूखा ना सोए इस अनुकरणीय पहल के साथ बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर शनिवार को 83 वां साप्ताहिक आयोजन कर लगभग पाँच सौ जरूरतमंद गरीब टेंपो चालक ,रिक्शा चालक एवं रोजमर्रा के मजदूरी करने वाले मजदूरो को निशुल्क भोजन कराया गया । अंत में जब भोजन समाप्त कर सभी सेवाधारी अपने घर की ओर प्रस्थान कर रहे थे तो एक जरूरतमंद व्यक्ति भोजन के लिए आया भोजन नहीं होने के कारण वह वहां फेके गए झूठे पत्तल के सभी भोजनों को इकठ्ठा कर भोजन करने लगा यह देखकर सभी सेवको का दिल भर गया और आंखों से आंसू छलक गए फिर उसे पैसे से भोजन खरीद करना भोजन कराया गया। नगर वासियों में चर्चा है कि नगर निगम, जिला प्रशासन एवं समर्थवान लोगों को भी आगे आकर ऐसा आयोजन अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर पूरे सप्ताह मुफ्त भोजन कराने का अभियान चलाया जाना चाहिए ताकि मोतिहारी का एक भी व्यक्ति दोनो शाम भूखा ना रहे , इससे दुआओं का खजाना जमा होगा और बुरे वक्त में वही दुआएं काम आती है।

### सकूल की हालात में सुधार नहीं होने पर होगी कार्रवाईः डीईओ

**मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी।** अपर मुख्य सचिव के के पाठक के लाख जगाने के बाद भी प्रधान अधेयापक जागने का नाम नही लेरहे हैं ताजा मामला बोखड़ा प्रखंड क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय सिंघाचौड़ी का है बीते दिनों जब जाँच के लिए विद्यालय पहुंचे प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बोखरा सुधीर कुमार तो स्तिथि देख दंग रह गए बीईओ प्राइवेट शिक्षक को सरकारी स्कूल में पढ़ाते देख पूछा आप कौन हैं मैडम पता चला निजी शिक्षक है साहब ने पूछा हेडमास्टर रखवाएं हैं तो मैडम बोली जी उसके बाद आगे जांच करने लगे बच्चों की उपस्थिति भी कम थी साफ़ सफ़ाई भी ठीक नही थी। पूरे मामले पर जब ज़िला शिक्षा पदाधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा अगर ऐसी बात है तो पूरे मामले की जाँच कर उचित कारवाई की जाएगी।

### मुजफ्फरनगर स्कूल में मुस्लिम बच्चे के साथ हुई घटना बहुत ही शर्मनाक है : मौलाना नोमानी

**अबरार नोमानी, सीतामढ़ी।** उलमा बोर्ड हिन्द के अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद सदरे आलम नोमानी ने मुजफ्फरनगर यूपी के खब्बापुर गांव में हुई "स्कूल घटना" पर गहरा दुख व्यक्त किया है और सरकार से मांग की है कि स्वतः संज्ञान लेते हुए दोषी शिक्षिका को सजा दी जाए। मौलाना नोमानी ने कहा कि देश में नफरत फैलाने की पाठशाला किसी भी स्थिति में अच्छी नहीं है। ज्ञात हो कि खब्बापुर मंसूरपुर गांव में नेहा पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल तृप्ता त्यागी से संबंधित एक वीडियो सामने आयी है, जिसमें वह एक छात्र को मुस्लिम होने के कारण शारीरिक हिंसा और अपमानजनक टिप्पणी का निशाना बना रही हैं। इस तरह की निंदनीय हरकतें शिक्षा के सिद्धांतों का उल्लंघन हैं, जिनका हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है। मौलाना नोमानी ने कहा कि हर बच्चा एक सुरक्षित और समावेशी शैक्षणिक वातावरण का हकदार है,

### हित धारकों के साथ 29 अगस्त को होगी जिला एवं संभाग स्तरीय चर्चा

**विशाखा व्यास/दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान/ उदयपुर।** जोन के संयुक्त निदेशक डॉ जेड ए काजी ने बताया कि राजस्थान को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए प्रदेश सरकार मिशन 2030 के तहत जनता से चर्चा कर बेहतर सुझाव ले रही है।राजस्थान में चिकित्सा सेवा को बेहतर बनाने हेतु उदयपुर जिले मे 29 अगस्त को जिले एवं संभाग स्तर पर हित धारकों के साथ चर्चा की जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया बताया कि ज़ोनल स्तर के सभी आमंत्रित हित धारकों के साथ चर्चा कि जाएगी की वह चिकित्सा सेवाओं को 2030 तक किस रुप में प्राप्त करना चाहते हैं। उनके सुझावों को संकलित किया जायेगा।हित धारकों से प्राप्त सुझावों पर 6 अगस्त को राज्य स्तर पर चर्चा कर कार्य योजना बना कर विजन डॉक्यूमेंट तैयार किये जायेंगे। जिला एवं संभाग स्तर पर होने वाली चर्चा में जन प्रतिनिधि, स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, चिकित्सा सेवा से जुड़े व्यक्ति, मेडिकल कॉलेज के प्रतिनिधि , प्रबुद्धजन एवं बुद्धिजीवियों से सुझाव लिये जायेंगे। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा शर्मा और मिशन निदेशक डॉ जितेंद्र कुमार सोनी ने विजन 2030 के लिए होने वाली चर्चाओं की तैयारी के लिए सभी अधिकारियों के साथ विडीयो कांफ्रेंसिंग कर बैठक में समीक्षा की।

## भारत के सामर्थ्य का साक्षी बनने जा रहा सितंबर का महीना : मोदी

### पीएम ने मन की बात के 104वें एपिसोड में जी-20 समिट को लेकर की चर्चा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रविवार को मासिक रेडियो शो 'मन की बात' के 104वें एपिसोड में पीएम नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने डेयरी उद्योग से मन की बात कार्यक्रम की शुरुआत की। पीएम मोदी ने कहा कि सितंबर का महीना भारत के सामर्थ्य का साक्षी बनने जा रहा है। मोदी ने कहा कि आज ऐसे बहुत से लोग हैं, जो डेयरी को अपना कर इसे डायवर्सिटी कर रहे हैं। राजस्थान के कोटा में डेयरी फार्म चला रहे अमनप्रीत सिंह का उदाहरण देते हुए पीएम ने कहा कि उन्होंने डेयरी के साथ बायोगैस पर भी फोकस किया और दो बायोगैस प्लांट लगाए। इससे बिजली पर होने वाला उनका खर्च करीब 70 प्रतिशत कम हुआ है। इनका यह प्रयास देशभर के डेयरी किसानों को प्रेरित करने वाला है। पीएम ने कहा कि आज कई बड़ी डेयरी, बायोगैस पर फोकस कर रही हैं। इस प्रकार के समुदाय आधारित वैल्यू एडिशन बहुत उत्साहित करने वाले हैं। मुझे विश्वास है कि देशभर में इस तरह के ट्रेंड निरंतर जारी रहेंगे।



**संस्कृत को सबसे प्राचीन भाषा होने का श्रेय –** पीएम ने कहा कि संस्कृत दुनिया की सबसे प्राचीन भाषाओं में से एक है। इसे कई आधुनिक भाषाओं की जननी भी कहा जाता है। आज लोगों में संस्कृत को लेकर जागरूकता और गर्व का भाव बढ़ा है। इसके पीछे बीते वर्षों में देश का विशेष योगदान भी है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी संस्कृति से जुड़ने की, हमारी परम्परा का बहुत बड़ा सशक्त माध्यम होती है हमारी मातृभाषा। ऐसे ही भारत की एक और मातृभाषा है, गौरवशाली तेलुगू भाषा। उन्होंने कहा कि 29 अगस्त को तेलुगू दिवस मनाया जायेगा। आप सभी को तेलुगू दिवस की बहुत-बहुत बधाई।

**जी-20 से दुनियाभर के लोगों तक पहुंची आवाज –** पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि अपनी प्रेसीडेंसी के दौरान भारत ने जी-20 को और ज्यादा इंक्लूसिव फोरम बनाया है। भारत के निमंत्रण पर ही अफ्रीकन यूनियन भी जी-20 से जुड़ी और जहां अफ्रीका के लोगों की आवाज दुनिया के इस अहम मंच तक पहुंची। वहीं इस मंच के माध्यम से दुनियाभर में लोगों की आवाज भी पहुंची। देश के 60 शहरों में इससे जुड़ी करीब-करीब 200 बैठकों का आयोजन किया गया। जी-20 के प्रतिनिधि जहां भी गए, वहां लोगों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस बार 15 अगस्त के दौरान देश ने 'सबका प्रयास' का सामर्थ्य देखा। सभी देशवासियों के प्रयास ने 'हर घर तिरंगा अभियान' को वास्तव में 'हर मन तिरंगा अभियान' बना दिया।

### अंतरिक्ष को भी चुनौती दे रही भारत की बेटियां

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की बेटियां अब अनंत समझे जाने वाले अंतरिक्ष को भी चुनौती दे रही हैं। किसी देश की बेटियाँ जब इतनी आकांक्षी हो जाएं, तो उसे, उस देश को, विकसित बनने से भला कौन रोक सकता है! पीएम मोदी ने कहा कि 23 अगस्त को भारत ने और भारत के चंद्रयान ने ये साबित कर दिया है कि संकल्प के कुछ सूरज चांद पर भी उगते हैं। मिशन चंद्रयान नए भारत की उस स्पिरिट का प्रतीक बन गया है, जो हर हाल में जीतना चाहता है, जीतना जानता भी है। भारत का मिशन चंद्रयान, नारीशक्ति का भी जीवंत उदाहरण है। इस पूरे मिशन में अनेकों महिला साइंटिस्ट व इंजिनियर सीधे तौर पर जुड़ी रही हैं। इन्होंने अलग-अलग कई अहम जिम्मेदारियां संभाली हैं।

## महावीरी झंडा जुलूस मेला को लेकर प्रशासन ने निकाली फ्लैग मार्च, किया शांति की अपील



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना क्षेत्र के रायबारी महुअवा व सिसवा बसंतपुर पंचायत में लगने वाले महावीरी झंडा जुलूस मेला को लेकर पुलिस अधीक्षक बगहा किरण कुमार गोरख जाधव व अनुमंडल पदाधिकारी डॉ अनुपमा सिंह के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों ने रविवार को थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाल कर शांति की अपील करते हुए शांति का संदेश दिया। प्रशासनिक अधिकारियों के फ्लैग मार्च रायबारी महुआ, सिसवा बसंतपुर तक गई। तथा दोनों पंचायतों में एसपी व एसडीएम के नेतृत्व में स्थानीय जनप्रतिनिधियों , समाजसेवियों व ग्रामीणों के साथ एक बैठक कर रुट चार्ट के अनुसार महावीरी झंडा जुलूस निकालने की अपील प्रशासनिक अधिकारियों ने की। एसपी व एसडीएम ने संयुक्त रूप से कहा कि समाजिक एकता से ही समाज को मजबूती मिलेगी। उन्होंने शांति, सौहार्द बनाये रखने की अपील बैठक में उपस्थित लोगों से की। कहा कि आपसी समरसता व भाईचारे का प्रतीक पर्व व त्योहार है। उन्होंने कौमी एकता का परिचय देने की अपील करते हुए कहा कि समाज में एक मिशाल पेश करें, जिससे आपसी प्रेम, सौहार्द, भाईचारे की सहयोग देखने को मिलें। तभी हम कुशल समाज सेवक व कुशल जनप्रतिनिधि साबित होंगे। पुलिस प्रशासन ने महावीरी झंडा जुलूस को सौहार्द वातावरण में भाईचारे के साथ मनाने व निकालने की अपील की। ताकि आने वाली पीढी भी स्वच्छ , भाईचारे, सौहार्द के साथ ही प्रेम का संदेश दें। तथा आपसी समानता व सौहार्द वातावरण का प्रतीक बनते हुए कौमी एकता को मजबूती मिलें। किसी भी प्रकार की सुचना मिले तो जानकारी पुलिस प्रशासन को दे। ताकि वैसे असमाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा कैलाश प्रसाद, डीएसपी हेडक्वॉर्टर, पुलिस इन्स्पेक्टर आनंद कुमार सिंह, थानाध्यक्ष चौतरवा सुरेश कुमार यादव के साथ ही बगहा पुलिस जिला के सभी पदाधिकारी, व विभिन्न थाना के थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

## मंडफिया के सांवलियाजी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच की बैठक हुई संपन्न

**दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान /चितौड़गढ़** जिले का मंडफिया स्थित सांवलिया जी में राजस्थान पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच की बैठक संपन्न हुई।बैठक में जिला एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहे।बैठक में स्मृति मंच के राजस्थान प्रदेश महामंत्री एवं बेगूं विधानसभा के लोकप्रिय किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने संबोधित करते हुए कहा की केंद्र की मोदी सरकार ने हर जाति एवं वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया है।जनता के हित में मोदी सरकार हमेशा ही प्रयासरत है। किसान नेता हाड़ा ने कहा की राजस्थान का इतिहास पूरे विश्व में जाना जाता है।हम बहुत सोभाग्यसाली है जो हमारा संबंध राजस्थान से है। और वह भी मेवाड़ से।इतिहास गवाह है की मेवाड़ ने अपनी स्वतंत्रता के लिए सर्वस्व न्यौछावर कर दिया पर कभी अधीनता स्वीकार नही की। किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहां की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन कल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाना है।राजनीति की सबसे छोटी इकाई बूथ स्तर को मजबूत करना एवं पंक्ति में बैठे अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही भाजपा का ध्येय है। भाजपा के सदस्य जोड़ों अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लेवे एवं नए कार्यकर्ताओं को जोड़े।

## इसरो प्रमुख ने दिया संकेत, शुक्र ग्रह के साथ सूर्य मिशन की भी तैयारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अब शुक्र ग्रह के साथ सूर्य मिशन की तैयारी में इसरो जुट गया है। हालांकि चांद पर सफल लैंडिंग के बाद पूरे देश को इसरो पर गर्व है। यही वजह है कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने सूर्य मिशन की घोषणा भी कर दी थी। इसी बीच इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा है कि भारत स्पेस सेक्टर में और भी कई बुलंदियां छू सकता है, जिसके लिए उन्हें निवेश की और सहयोग की जरूरत है। दरअसल, मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए एस सोमनाथ ने कहा कि भारत के पास चंद्रमा, मंगल और शुक्र की यात्रा करने की क्षमता है, लेकिन हमें अपना आत्मविश्वास बढ़ाने की जरूरत है। हमें और अधिक निवेश की आवश्यकता है और अंतरिक्ष क्षेत्र का विकास होना चाहिए। इससे पूरे देश का विकास होना चाहिए, यही हमारा मिशन है। हम उस विजन को पूरा करने के लिए तैयार हैं, जो पीएम मोदी ने हमें दिया था। इसरो की ओर से चंद्रयान-3 के सफल मिशन के बाद सूर्य मिशन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि देश का पहला सौर मिशन आदित्य-एल1 तैयार है और इसे सितंबर के पहले सप्ताह में लॉन्च किया जाएगा। यह श्रीहरिकोटा पहुंच गया है और पीएसएलवी से जुड़ गया है। इसरो का अगला लक्ष्य इसका प्रक्षेपण करना है। सितंबर के पहले सप्ताह में प्रक्षेपण होगा जिसकी तारीख की घोषणा दो दिनों में होगी। मिली जानकारी के अनुसार आदित्य- एल1 उपग्रह प्रक्षेपण के बाद अण्डाकार कक्षा में जाएगा और वहां से वह एल1 बिंदु तक यात्रा करेगा, जिसमें लगभग 120 दिन लगेंगे। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद हर तरफ इसरो के वैज्ञानिकों की वाहवाही हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी ब्रिक्स सम्मेलन से लौटने के बाद सीधा बेंगलुरु में इसरो वैज्ञानिकों से मिलने पहुंचे थे।



## बेगूं विधानसभा में उठ रही मांग अबकी बार स्थानीय उम्मीदवार

**दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान / चितौड़गढ़।** जिले की बेगूं विधानसभा के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अबकी बार स्थानीय उम्मीदवार की मांग जोर से उठ रही है। भाजपा हो या कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने बेगूं विधानसभा को एक चारागाह बना रखा है। राजनैतिक क्षेत्र में चारागाह शब्द का तात्पर्य 'जहां कोई भी बाहरी उम्मीदवार अपनी दावेदारी ठोक सके'। बेगूं विधानसभा भी कुछ ऐसा ही बना हुआ है।

2013 और 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की तरफ से सुरेश धाकड़ एवं कांग्रेस उम्मीदवार राजेंद्र सिंह बिधूड़ी रहे। दोनों ही विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टियों ने बाहरी उम्मीदवार पर दाव ठोका था।परंतु पिछले कुछ सालों से बेगूं विधानसभा में स्थानीय उम्मीदवार की मांग तेज है। पत्रकार से वार्ता में बेगूं विधानसभा के निवासियों ने बताया की अबकी बार स्थानीय उम्मीदवार ही हमारी प्रमुख मांग है। हमें स्थानीय से कोई बेर नही और बाहरी से कोई प्रीत नही। 2008 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने बाहरी उम्मीदवार को मौका दिया था।

बाढ़ | मसान नदी में भीषण बाढ़ आने से झारमहुई समेत विभिन्न गांवों में घुसा पानी

## उफनाई मसान नदी , ध्वस्त हुआ प्रोकोफाइल कार्य तटीय गांवों में मंडरा रहा खतरा, लोगों में दहशत

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** प्रखंड बगहा एक के सलहा बरिअरवा पंचायत स्थित मसान नदी में अचानक भीषण बाढ आ जाने से फ्लड विभाग द्वारा प्रोकोफाइल कार्य को ध्वस्त कर दिया है। जिससे मसान नदी के तटीय गांव झारमहुई में बाढ की पानी घुस गया है। तथा दर्जनों घर बाढ की पानी के चपेट में आ गया है। बाढ की पानी आंशिक रूप से क्षति करते हुए मदरसा, उच्चोतर माध्यमिक विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विधालय के परिसर में भी बाढ की पानी समाहित है। स्थानीय ग्रामीण सह समाजसेवी सफिउरहमान, बाढ बचाव संघर्ष समिति के अध्यक्ष खलिक कुरैशी, जयप्रकाश नारायण पांडेय, नसीम अख्तर समेत दर्जनों की संख्या में लोगों ने बताया कि गांव के उत्तर व दक्षिण दिशा से बाढ की पानी निकल कर गांव को चारों तरफ से घेर लिया है। तथा यहां से निकलने वाली पानी अजमलनगर , सलहा, जमुनिया, बहुअरी, तमकुही, रायबारी महुअवा समेत कई गांवों को प्रभावित किया है। उन्होंने बताया कि गवई रास्ते को तोडफ़ोड़ करते हुए सैकड़ों एकड में लगायें गए धान व गन्ना की फसलों को बर्बाद कर दिया है। तथा खेतों में रेत भर कर लोगों के साथ तबाही व बर्बादी का मंजर खडा हो गया है। ग्रामीणों ने फ्लड विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों से निरीक्षण करने की मांग की है। ताकि अधिकारी भी तटीय क्षेत्रों के लोगों की बर्बाद हुए फसलों की मुआवना कर सके। उन्होंने बताया कि फ्लड विभाग के सहायक अभियंता के साथ ही कनीय अभियंता ने बाढ की पानी से हो रही तबाही का मंजर देखा। साथ ही सोमवार से बचाव कार्य कराने का आश्वासन भी लोगों को दिया। इस दौरान ग्रामीण रामजी यादव, बेलास साह, प्रशुराम यादव, प्रदुमन पंडित, नौशाद अनवर, मो शहीद, गुकूरुल्लाह सहित दर्जनों लोगों ने स्थाई रुप से निदान के लिए प्रोकोफाईल कार्य के सामने चैनल निर्माण के साथ सुरक्षा के मद्देनजर गाईड बांध निर्माण कराने की मांग पदाधिकारियों से की।



## ख़ास ख़बर

### जल जमाव की समस्या से परेशान लोगों ने किया सड़क जाम 2 घंटे यातायात रही बाधित




**कुर्साकांटा।** कुर्साकांटा में पिछले 48 घंटों से रुक-रुक कर हो रही भारी बारिश से कई गांव, मोहल्लों में जलजमाव हो गया है. इस बीच पौहसी पंचायत के वार्ड संख्या 14 के लोगों ने रविवार को जलजमाव की समस्या से परेशान होकर अररिया सिकटी मुख्य सड़क को जाम कर दिया. और मुखिया के खिलाफ लोगों ने जमकर नारेबाजी की. लोगों का आरोप है कि पंचायत के द्वारा 10 वर्ष पुर्व नाला बनाया गया लेकिन नाले में ढक्कन नहीं होने के कारण लोगों ने उसमें मिट्टी भर दिया जिसकी वजह से नाला जाम हो गया। और जलजमाव की समस्या होने लगी है लोगों के घरों में पानी घुस गया है लोग घर छोड़कर दूसरे जगह में रहने को मजबूर हैं इधरसड़क जाम और हंगामा की खबर पर कुआडी ओपी पुलिस अध्यक्ष रोशन सिंह सदलबल घटना स्थल पर पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर जाम को हटवाया और दो दिनों के अंदर जल निकासी करवाने की आश्वासन दिया। कई लोगों ने बताया कि यह समस्या कई वर्षों से है लेकिन इन पर ना तो जनप्रतिनिधि और ना ही प्रखंड में बैठे पदाधिकारी का नजर जाता है हर साल हमें मजबूर होकर सड़क जाम करना पड़ता है। प्रदर्शनकारी में राजेंद्र पासवान, ब्रह्मलाल शाह, छोटू पासवान, पवन लाल शाह, मुन्नी मियां , रजक मियां, ताज्बुल मियां, बंदे लाल साह, सरजुग शाह एवं ग्रामीण शामिल रहे।

### भरगामाः खेल के मैदान में कचरा भवन बनाने को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी



**अररिया।** जिले के भरगामा प्रखंड के धनेश्वरी पंचायत स्थित वार्ड संख्या 09 में खेल के मैदान के नाम पर दर्ज खाता संख्या 490,खेसरा 253 4 एकड़ 20 डिसमिल जमीन को बिना ग्रामीणों की सहमति से अंचल पदाधिकारी भरगामा द्वारा पश्चिमी भाग से पंचायत सरकार भवन एवं चिकित्सालय भवन बनवाने हेतु पूर्व में ही एनओसी दिया जा चुका है और अब पुनः सड़क साइड से आगे कचरा भवन बनवाने का भी एनओसी निर्गत किया गया है। जिसका कार्यादेश भी निर्गत हो गया है। जब ग्रामीणों को इस आशय की जानकारी प्राप्त हुई तब ग्रामीणों ने लिखित आवेदन बनाकर जिला पार्षद सदस्य नीलम देवी को दिया। साथ ही जिला पदाधिकारी अररिया एवं उप विकास आयुक्त अररिया को भी लिखित आवेदन दिया गया। जिला पदाधिकारी अररिया द्वारा यह जांच प्रखंड विकास पदाधिकारी भरगामा को दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी भरगामा द्वारा आवेदन कर्ता को सूचित किए बिना वस्तु स्थिति को समझे बिना रिपोर्ट भेज दिया गया। जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। जिला परिषद सदस्य नीलम देवी ने बताई की भरगामा प्रखंड अंतर्गत एकमात्र खेल का मैदान धनेश्वरी पंचायत में स्थित है। जहां पर छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण युवाओं का खेलकूद का साधन है। जहां प्रतिनिधित्व सैकड़ो छात्र-छात्र व युवा खेलकूद करते हैं। जिस पर चिकित्सालय कचरा भवन बनने के बाद युवा एवं छात्र-छात्रा खेलकूद से वंचित रह जायेगा।

### चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग होने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जयनगर के द्वारा मनाया गया जश्न



**जयनगर / मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो. गुलाब)।** जयनगर के सुरेखा अतिथि भवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जयनगर के द्वारा चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग होने पर जश्न मनाया गया।कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ छात्र नेता धमेंद्र उर्फ बौआ झा ने किया। कार्यक्रम में फटाका फोर कर और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया गया।इसरो के इस मिशन के सभी छात्र सदस्यों ने वैज्ञानिकों की इस सफलता पर शुभकामनाएं दीं।इस मौके पर धमेंद्र उर्फ बौआ झा ने इस सफलता के लिए इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी। कहा कि देशवासी इस सफलता से गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।इस मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जयनगर के नगर मंत्री विवेक पूर्वे ने कहा कि भारत के मून मिशन चंद्रयान-3 ने 21वीं सदी का शानदार इतिहास रचते हुए चंद्रमा के साउथ पोल पर सफलतापूर्वक लैंडिंग कर ली है। पूरी दुनिया की निगाहें चंद्रयान- 3 पर टिकीं थी। कहा कि जो कारनामा दुनिया के बड़े बड़े देश नी कर पाए वो हमारे देश के वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत, दृढ़ता और लगन से संभव हो पाया।इस मौके पर रवि सिंह ,पुष्कर रॉय,अमन गिरी,चंदन कुमार राम, चंदन कुमार, मनीष कुमार, जय सुरेखा,अंकित कुमार सहित अन्य मौजूद थें।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच शाखा फारबिसगंज ने अयोजित किया साइकिल रेस




**फारबिसगंज /डा. रूद्र किंकर वर्मा।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच शाखा फारबिसगंज के अध्यक्ष सीए निशांत गोयल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में शहर में साइकिल रेस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी फारबिसगंज सुरेन्द्र कुमार अलबेला एवं विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खूसरू सिराज के द्वारा समाज के गणमान्य नागरिकों के द्वारा संयुक्त रूप से साइकिल चलाकर किया गया। साइकिल रेस शुरू होने से पूर्व अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की सदस्यों द्वारा सभी आगंतुकों एवं प्रतिभागियों को तिलक लगाकर एवं मुँह मीठा करवाकर शुभकामनाएँ दी गयी। साइकिल रैली प्रातः 7 बजे हवाई फ़ील्ड से शुरू होकर गोढ़ियारे चौक, दिनदयाल चौक, एस के रोड, राजेंद्र चौक, श्री लक्ष्मी नारायण मारवाड़ी ठाकुरवाड़ी पथ होते हुए स्टेशन चौक, पटेल चौक एवं आदर्श थाना से आगे कटहरा स्कूल में समाप्त हुई। एसडीएम एवं एसडीपीओ के द्वारा साइकिल चलाकर अंत तक बच्चों का हौसला अफजाई किए जाने से बच्चों में काफ़ी ख़ुशी एवं उत्साह नज़र आया। कटहरा विद्यालय पहुँचने के उपरांत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें तमाम विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए तमाम प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर एसडीएम श्री अलबेला ने कहा कि युवाओं का जोश व उत्साह इस बात का सबूत है कि युवा चीजों को सकारात्मक दिशा में परिवर्तित करने का हौंसला रखते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के हौंसले को बढ़ाना समाज के प्रबुद्धजनों का दायित्व है एवं इसे हम सभी को मिलकर अच्छे से निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरीक़े का कार्यक्रम शहर में अनवरत होते रहना चाहिए ताकि एक नई ऊर्जा का संचार समाज में होते रहे। मौक़े पर एसडीपीओ श्री सिराज ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा जो पहल की गयी है वह सराहनीय है एवं इसे लगातार करने से और भी बेहतर परिणाम समाज में देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस के मौक़े पर इससे अच्छा और कुछ हो नहीं सकता कि युवा शक्ति आगे आकर समाज को नई दिशा में ले जाने का काम कर रही है। मौक़े पर अध्यक्ष श्री गोयल ने कहा कि समाज के सहयोग से कार्यक्रम सफल हो पाया और आगे भी इस तरीक़े का प्रयास जारी रहेगा ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके और लोगों को फ़िट रहने के लिए जागरूक किया जाएगा। सचिव कुणाल केडिया ने प्रतिभागियों का हौंसला बढ़ाते हुए निरंतर प्रयास करते रहने की बात कही। साइकिल एसोसीएसन पूर्णिया के सचिव विजय सिंह ने कहा कि साइकिल चलाना एक ऐसा नशा है जिसके सेवन से शरीर पर अच्छा प्रभाव पड़ता है और इंसान हमेशा मज़बूती के साथ अपने कर्तव्यपथ पर अग्रसर हो पाता है। साइकिल रेस में प्रथम स्थान मो जावेद, द्वितीय पर बबलू कुमार एवं तृतीय स्थान पर राहुल कुमार ने क़ब्ज़ा जमाया। प्रथम आए प्रतिभागी को साइकिल एवं ट्रॉफी दूसरे पर आए प्रतिभागी को स्मार्ट वॉच एवं ट्रॉफी व तीसरे स्थान पर आए प्रतिभागी को वायरलेस ईरपोड एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। मौक़े पर नगर पालिका की पूर्व मुख्य पार्षद सुनीता जैन, अंचल पदाधिकारी संजीव कुमार, बिहार प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नगर अध्यक्ष बच्छराज राखेचा, अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष जयकुमार अग्रवाल, समाजसेवी मूलचंद गोलछा, सुभाष अग्रवाल, अजातशत्रु अग्रवाल, पूनम पांडिया, पंकज रंजित, रामप्रकाश प्रसाद, तमाल सेन, अभिषेक नीरज, अनिल अग्रवाल, हरीश गोयल, सुमित अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, मारवाड़ी महिला सम्मेलन की सचिव अंजु गोयल, कोमल गोयल, नीतू अग्रवाल, एकता गोयल, सीए प्रीति अग्रवाल, सुनीता बाँयवाला, कृष्णा गोयल, शमसाद अंसारी, राकेश रौशन, राशिद जुनैद, रामकुमार भगत व अन्य अतिथिगण मौजूद रहे।

## कुर्साकांटा के ज्योति ज्वेलर्स दुकान में लाखों की चोरी



**कुर्साकांटा ।** कुर्साकांटा थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार टेंपो स्टैंड के समीप शनिवार की रात चोरों ज्योति ज्वेलर्स दुकान की दीवार में सेंधमारी कर नगद समेत 1 लाख के जेवरात की चोरी कर ली इससे व्यवसायों में हड़कंप मच गया है रविवार की सुबह दुकानदार जब दुकान खोलकर अंदर पहुंच कर देखा की दुकान के अंदर जेवर रखने वाला छोटा-छोटा बैग इधर-उधर बिखरा पड़ा है चारों तरफ शीशे टूटे पड़े हैं उसके बाद दुकानदार के पैरों तले जमीन सिसकने लगी दुकानदार विक्की सोनी ने बताया कि दुकान के पीछे के हिस्से से चोरों ने दीवार में सेंधमारी कर अंदर प्रवेश किया नगद समेत सारे छोटे छोटे जेबरात और जेवरात बनाने वाले मशीन की चोरी कर ली चोरों के द्वारा जेवर से भरे तिजोरी को तोड़ने का प्रयास किया गया लेकिन असफल रहे। दुकान में सजा कर रखे सारे जेवरात व नगदी की चोरी कर ली चोरी की घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों व व्यवसाय की भीड़ जमा हो गई व्यवसाईयों में पुलिस के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है घटना की जानकारी मिलते ही कुर्साकांटा थाना अध्यक्ष विमल कुमार मंडल पुलिस बल के साथ दुकान पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है वहीं दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में चोरों का चेहरा साफ दिख रहा है।

## योग,पर्यावरण पर जागरूकता फैला रहे कर्नाटक के युवा




**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो. गुलाब)।** देशभर में योग और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए कर्नाटक राज्य के मैसूर का एक युवक देशव्यापी पैदल यात्रा पर निकला है। करीब छह हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा कर युवक को जयनगर पहुंचा।जयनगर पहुँचने पर माँ अन्नपूर्णा कम्युनिटी किचन जयनगर ने पुराने नगर पंचायत कार्यालय परिसर में उनका अभिनन्दन किया।युवक का नाम कृष्णा नायक है।देशभर में योग और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सभी को जागरूक करने के उद्देश्य से कृष्णा नायक देशभर की यात्रा पर निकले हैं। वह अपनी पीठ पर तिरंगा झंडा लेकर लोगों को देश की एकता का संदेश भी दे रहे हैं।अब तक वह ग्यारह राज्यों का सफर तय कर चुके हैं और अब वह जयनगर पहुंच गये हैं।उन्होंने यह यात्रा पिछले साल अक्टूबर महीने में शुरू की थी।दो साल में वह 28 राज्यों की यात्रा कर वापस कर्नाटक लौटेंगे।कृष्णा नायक के अनुसार योग शरीर को स्वस्थ रखता है, मानवता के कल्याण के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी है। इसे हर देशवासी तक पहुंचाने के लिए उन्होंने इस कठिन यात्रा का रास्ता चुना।कृष्णा नायक कुल 15,000 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करेंगे।अब जयनगर से कृष्णा सोमवार को असम के लिए प्रस्थान करेंगे।इस मौके पर माँ अन्नपूर्णा कम्युनिटी किचन जयनगर के मुख्य कोडीनेटर अमित राउत, संतोष शर्मा,अरुण पूर्वे,सुशील कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## इंद्र पूजा को लेकर रामजानकी मंदिर परिसर में बैठक



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** श्री श्री 108 इंद्र पूजा समिति कमला रोड की बैठक राम जानकी मंदिर परिसर में पूर्व उप मुख्य पार्षद सह पूजा समिती के संरक्षक अशोक पासवान के नेतृत्व में हुआ।इस मौके पर पूजा समिति के सरंक्षक अशोक पासवान ने कहा कि जयनगर में इंद्र पूजा का आयोजन 90 वर्षों से हो रहा है मेरे नेतृत्व में 35 साल से हो रहा है। हर साल की भाँति इस साल भी कमला रोड में श्री श्री 108 श्री इन्द्र पूजनोत्सव और मेला का आयोजन भव्य होगा। पूजा और मेला की तैयारी को लेकर समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में पूजा और मेला को सफल बनाने के लिए विचार विर्मश कर कई अहम निर्णय लिए गए है। उद्घाटन समारोह कार्यक्रम भी आयोजित की जाएगी। कोविड के तीन वर्षों के बाद पूजनोत्सव और मेला का भव्य आयोजित होगी जो हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जायेगा।इस बैठक में पूजनोत्सव और मेला की तैयारी को सफल बनाने के लिए नये समिति का भी गठन किया गया है। सर्व सम्मति से इन्द्र पूजा समिति कमला रोड और मेला के सफल संचालन को लेकर गठित कमिटी में सरंक्षक अशोक पासवान ,अध्यक्ष विमलेश कुमार,कार्यकारणी अध्यक्ष रवि महतो,सचिव वकील पासवान,कोषाध्यक्ष रूपेश कुमार,मीडिया प्रभारी शम्भु प्रसाद को नियुक्त किया गया। 51 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति का भी गठन किया गया है जिसमें संतोष महासेठ,हैप्पी महतो,संतोष साह,मनोज कुमार,राहुल कुमार,रवि गुप्ता, बिकास कुमार,रंजन कुमार,चंदन कुमार,शक्ति कुमार,शुभम कुमार,रितेश कुमार,अनुराग कुमार, गिरधारी कुमार समेत अन्य युवाओं की टीम शामिल है। बैठक में पूजा समिति के सदस्यों ने भाग लिया।

### जिला परिषद सभागार अररिया में सामाजिक न्याय समिति की अध्यक्ष रुपम कुमारी की अध्यक्षता में हुई बैठक



**अररिया।** जिला परिषद सभागार अररिया में सामाजिक न्याय समिति की बैठक माननीया अध्यक्ष महोदया श्रीमती रुपम कुमारी जी के अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य कमजोर वर्गों के वर्गों के शैक्षणिक,आर्थिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास पर चर्चा की गई। इस दौरान सामाजिक न्याय समिति के सचिव जिला कल्याण पदाधिकारी ने विगत माह में हुए बैठक के अनुपालन के बारे में जानकारी दिए साथ ही कल्याण विभाग के संबंधित अन्य कई जानकारियां दिये। आईसीडीएस डीपीओ ने आगनंबाड़ी केंद्र में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दिए। शिक्षा विभाग के डीपीओ ने पूरे जिला में अनुसूचित जाति/जनजाति एवं पिछड़ा/ अतिपिछड़ा को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दिए। सहायक निदेश सामाजिक सुरक्षा कोषांग ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के बारे में जानकारी दिये। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों से अवैध रूप से लिये जा रहे 3000 रूपए का भी मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। इसके साथ ही अध्यक्ष महोदया ने प्रत्येक प्रखंड में आगनंबाड़ी को निरीक्षण करने हेतु एक जाँच कमिटी गठित करने का आदेश दिए। जिला में अवस्थित महादलित छात्रावास एवं पिछड़ा/अतिपिछड़ा छात्रवास को भी एक कमिटी गठित कर जाँच करने का आदेश दिए। इस बैठक में विभाग के सचिव जिला कल्याण पदाधिकारी,आइसीडीएस डीपीओ, सभी सीडीपीओ, सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, जिला सहायक निदेशक बाल सरंक्षण,डीपीओ शिक्षा विभाग,अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री अजीत कुमार झा,श्री अविनाश मंगलम,मोहम्मद नोमान,मोहम्मद फैसल जावेद यासीन,श्री राजकुमार साह,जिला कल्याण प्रधान लिपिक श्री अशोक कुमार दास एवं मीडिया कर्मीगण मौजूद थे।

### यूभीके कॉलेज कड़ामा में नैक पीयर टीम के आगमन को लेकर तैयारी पूरी, महाविद्यालय का निरीक्षण आज



**पुरैनी।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा क्षेत्र अंतर्गत यूभीके कॉलेज कड़ामा पहला ऐसा महाविद्यालय है जिसकी नैक पीयर टीम के द्वारा दूसरी चक्र में जांच की जा रही है इसको लेकर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य सहित तमाम शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारी पूरी तरह से उत्साहित है। विदित हो कि आज नैक की टीम जांच करने के लिए यूभीके कॉलेज पहुंचेगी इस टीम में चेयरपर्सन के रूप में शंकराचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय केरल के कुलपति डॉक्टर धर्मराजन पीके वहीं मेंबर कोऑर्डिनेटर के रूप में गोवा विश्वविद्यालय के डिपार्मेंट आफ जूलॉजी से डॉक्टर राम बल्लभ राय एवं महाराष्ट्र के एलआरटी कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स के प्राचार्य डॉक्टर श्री प्रभु छापके सदस्य के रूप में मौजूद रहेंगे। नैक पीयर टीम के आगमन को लेकर महाविद्यालय परिसर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है, सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर तैयारी भी पूरी कर ली गई है वहीं टीम के स्वागत को लेकर जिला के कई बड़े अधिकारियों के मौजूद रहने की भी संभावना है। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर माधवेंद्र झा ने बताया नैक का दूसरी बार एफिएशन प्राप्त करने के लिए हमने सभी अर्हता को पूरी कर ली है ऐसे में हम लोग अति सौभाग्यशाली हैं कि नैक की टीम महाविद्यालय ग्रेडिंग देने के लिए पहुंच रही है। हम लोगों को आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि इस बार हम लोग अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए पूरे विश्वविद्यालय का नाम रौशन करेंगे।

### सावन की अंतिम सोमवारी को लेकर दंडाधिकारी और पुलिस टीम पूरी तरह अलर्ट



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में श्रावणी महीने के अंतिम सोमवारी के विधि व्यवस्था को लेकर रविवार को बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता एसडीओ वीरेंद्र कुमार ने किया। एसडीओ ने कमलापुल स्थित नदी, शिलानाथ मंदिर समेत अन्य मंदिरों पर पुलिस व्यवस्था को चुस्तदुरुस्त करने पर बल दिया। उन्होंने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी ओर पुलिस अधिकारियों को सम्बंधित जगहो के चप्पे चप्पे पर विशेष नजर रखने तथा कावरियों को सुरक्षा के लिए तठस्थ रहने का निर्देश दिया। ताकि असमाजिक व उपद्रवी तत्व को नकेल कसा जा सके। श्रद्धालुओं को कमला नदी, शीलानाथ धाम,जागेश्वर नाथ सहित मंदिरों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी को अलर्ट रहने की हिदायत देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को हर प्रकार की सुविधा मुहैया कराई जाए। विधि व्यवस्था को लेकर हर चौक चौराहे समेत मंदिर व नदी के निकट मुस्तैदी से विशेष नजर रखने का निर्देश दिया।इस मौके पर जयनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन,कार्यपालक पदाधिकारी डॉ इंद्र कुमार मंडल,प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विपिन अंशु,जयनगर थाना के एसआई बीड़ी राम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थें।

**महिला उद्यमी** इनकी पहचान अब ऐसी महिला के रूप में हो गयी है जो समाज के लिए मिसाल है

# गाय पालन कर आशा ने बदली तकदीर



**सिकटी।** सिकटी प्रखंड के भिड़भिड़ी पंचायत के लाटखरीद गांव की रहने वाली आशा देवी अब महिला उद्यी के रूप में प्रसिद्ध हैं। इनकी पहचान अब ऐसी महिला के रूप में हो गयी है जो समाज के लिए मिसाल है। लोग इनका उदाहरण देकर दूसरी महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। ऐसा नहीं है कि ये शोहरत इन्हें आसानी से मिली है। इसके लिए इन्हें काफी मेहनत करनी पड़ी है। मेहनत भी काफी सालों की। आशा इंटर पास हैं। स्नातक में पढ़ाई कर रही थीं उसी वक्त इनकी शादी हो गई जिसकी वजह से इनकी पढ़ाई पूरी नहीं हो पाई। ससुराल आने के बाद घर की जिम्मेदारियों में बंध कर रह गईं। पति भी बीएड की पढ़ाई करने के बाद नौकरी की तलाश में लगे रहे। जब नौकरी मिलने में देर होने लगी तो इन्होंने भी खुद का व्यवसाय करना बेहतर समझा। आशा जीविका के स्वयं सहायता समूह से 2015 में जुड़ी थी। उसी वक्त से वह समूह की बैठकों में हिस्सा लिया करती थीं। जहां पंचसूत्रा का पालन करती थी। वहीं से बचत करने की आदत भी पड़ी। कोरोना काल के विषय परिस्थिति में आशा ने समूह से 40 हजार रुपये लोन लेकर गाय खरीदा। पति-पत्नी दोनों ने मिलकर गाय पालने में काफी मेहनत की। दूध बेचकर पैसा जमा करना शुरू किया। कुछ ही दिनों में समूह के पैसों को चुकाकर इन्होंने से दुबारा 40 हजार रुपये ऋण लिया। इन पैसों से इन्होंने दूसरी गाय खरीद ली। इसीतरह इस लोन को भी चुकाकर इन्होंने तीसरी बाद ऋण के लिए आवेदन किया। समूह से तीसरी बाद ऋण लेकर इन्होंने तीसरी गाय की खरीद की। आज इनके पास 5 गायें हैं। गाय के अलावा इनके पास 7 बकरियां भी हैं। जिनको पाल कर आशा अपने परिवार का भरण-पोषण बेहतर ढंग से कर रही हैं। इनके परिवार में खुशहाली आई है। दूध की बिक्री कर वो पैसे भी जमा करने लगी हैं। जिसकी वजह से आर्थिक मजबूती के साथ-साथ सामाजिक स्तर पर भी इनकी अलग पहचान बनी है। परिवार में पति-पत्नी के अलावा एक लड़की और दो लड़के हैं। लड़की नौवीं में जबकि बड़ा लड़का चैथी और छोटा लड़का दूसरी क्लास में पढ़ाई करता है। पति-पत्नी दोनों मिलकर मेहनत कर रहे हैं। जिससे परिवार में खुशहाली आई है। आशा का कहना है कि इसीतरह अगर उन्हें जीविका से मदद मिलती रही तो वह आने वाले दिनों में दूध का बड़े स्तर पर व्यवसाय करना चाहती हैं। इसके लिए वो प्रयासरत भी हैं।

### सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा विभिन्न योजनाओं का निष्पादन ऑन-द-स्पॉट किया जाएगा- अजीत झा

**कुर्साकांटा।** सामाजिक सुरक्षा कोषांग और दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के तहत होने वाली शिकायतों के निष्पादन के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है।



ज़िला परिषद् प्रतिनिधि अजीत झा ने बताया इस शिविर का आयोजन दिनांक 29 अगस्त 2023 को प्रातः 10:00 बजे काली मंदिर के परिसर में किया जाएगा। इस दिवसीय शिविर में समय पर पहुँचकर सामाजिक सुरक्षा और दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग के कर्मियों द्वारा संचालित सभी योजनाओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों को ऑन-द-स्पॉट निष्पादित किया जाएगा। इसमें श्री वारीश आलम, लिपिक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, अररिया का प्रमुख भूमिका निभाएंगे। यह शिविर समय पर पहुँचने और समय पर उपस्थित होने के लिए सभी योजनाओं के उपयुक्त प्रतिनिधियों के लिए एक अवसर होगा।

## देशहित में काम करने वाले पत्रकारों के खिलाफ देशद्रोह कानून की धाराएं नही लगाई जाएगी- नित्यानंद राय



**पटना।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि किसी भी सूरत में सच्चे और अच्छे पत्रकारों ,जो देशहित में काम कर रहे हैं, उनके खिलाफ देशद्रोह कानून की धाराएं नही लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि देशहित में काम करने वाले पत्रकारों के खिलाफ अगर देशद्रोह का मामला दर्ज होता है तो वह स्वयं पूरी ताकत से इसका विरोध करेंगे। राय रविवार को यहां इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन (आईजेयू) की दो दिवसीय बैठक के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि पत्रकारिता एक महत्वपूर्ण और सम्मानित पेशा है। इसे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। इसमें लोकतंत्र के बाकी तीन स्तंभों को नियंत्रित करने की क्षमता है। लोकतंत्र का यह एक मजबूत स्तंभ है। किसी गुनाह की सजा कानून बाद में देता है, लेकिन मीडिया ट्रायल के जरिए जो सजा समाज पलभर में दे देता है, वह किसी फांसी से कम नही होता। नित्यानंद राय ने कहा कि पत्रकारिता हमारी प्राथमिकता जरूर है, लेकिन देश सबसे ऊपर है। कोई भी पत्रकार यदि देशहित के विपरीत काम करे ,इसे बर्दास्त नही किया जा सकता है। हालांकि, एक लाख में मात्र एक ही पत्रकार ऐसा करते हैं और ऐसा करने वाले मूल रूप से पत्रकार नही होते हैं, फिर भी उनके खिलाफ की गई कार्रवाई को जोर शोर से प्रचारित-प्रसारित किया जाता है। उन्होंने कहा कि देशहित की रक्षा के लिए एक मजबूत कानून होना ही चाहिए। मीडिया कमीशन बनाए जाने की आईजेयू की मांग पर गृह राज्य मंत्री ने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं को हल करने और उनकी मांगों की पूर्ति के लिए एक आयोग का गठन होना चाहिए। सरकार इसके लिए पत्रकारों से वार्ता करने के लिए तैयार है। बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय बैठक की अध्यक्षता आईजेयू के अध्यक्ष के. श्रीनिवास रेड्डी कर रहे थे। बैठक में देश के विभिन्न राज्यों और केन्द्र शासित क्षेत्रों के करीब डेढ सौ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर मणिपुर में हिंसा की घटनाओं खासकर महिलाओं के साथ किए गए दुर्व्यहार की घोर निंदा की गई। विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने अपने राज्यों में पत्रकारों की समस्याओं और उनके निदान के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी दी। आईजेयू के पूर्व अध्यक्ष एस एन सिन्हा ने यूनियन की गतिविधियों और भावी कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस बैठक के सफल आयोजन के लिए बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की अध्यक्ष निवेदिता झा, महासचिव कमलकांत सहाय राष्ट्रीय परिषद के सदस्य शिवेन्द्र नारायण सिंह और रवि उपाध्याय के प्रयासों की सराहना की गई। देशभर से आए पत्रकारों ने आईजेयू के उपाध्यक्ष अमर मोहन प्रसाद के योगदान की विशेष रूप से चर्चा की। अमर मोहन प्रसाद के प्रयासों से ही एक लंबे अर्से के बाद बिहार में आईजेयू की सफल बैठक संपन्न हो सकी। उनके अथक प्रयासों के बगैर यह संभव नही था।

## ख़ास ख़बर

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 104 वी मन बात को प्रोजेक्टर के माध्यम से सुना गया



**सरोज कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर किशनपुर सुपौल।** जिले के किसनपुर प्रखंड मुख्यालय किशनपुर में रविवार को मलाढ बुथ न 23 पर भाजपा नेता अरुण कुमार जयसवाल के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 104 वीं मन की बात को प्रोजेक्टर के माध्यम से सुना गया। वहीं शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरुण कुमार जयसवाल ने कहा कि आज यशस्वी प्रधानमंत्री मन की बात के दौरान समस्त देश वासियों को सम्बोधित करते हुए चंद्रयान 3 की सफलता पर सभी वैज्ञानिकों एवं सबका प्रयास को लेकर बधाई शुभकामनायें दी उन्होंने कहा कि इसमें नारी शक्ति का भी अहम भूमिका रही है कहा भारत की बेटियों अंतरिक्ष को भी चुनौती दे रही है खेल कुद जैसे अलग अलग क्षेत्रों में भी कई मेडल जितने की प्रतिभा हासिल की है जिस देश की बेटी की इतनी आकांक्षा हो उस देश को विकसित होने में कोई रोक नहीं सकता है, कई मेडलिस्ट खिलाड़ियों से भी मोदी जी ने ऑनलाइन बात करके उनके मनोबल बढ़ाने का काम किया। अंत में उन्होंने G 20 के बारे में बताये की सितंबर के महीना भारत के सामर्थ्य का साक्षी बनने जा रही है इस कार्यक्रम में 40 देशों के राष्टअध्यक्ष और अनेक लोगों ऑर्गेनाइजेशन नये नये आधुनिकौ के साथ भाग लेंगे, उन्होंने देश वासियों को सम्बोधित किया मेरे प्रिय परिवार जनों आप सभी से कहुँगा आईये और मिलकर G 20 के कार्यक्रम को सफल बनाकर देश के मान को बढ़ाने का काम करें अंत में अग्रिम रक्षा बंधन की सबको बधाई दी।

### प्रखंड के मोजहा पंचायत में कोसी पुल के एप्रोच हुआ ध्वस्त ।सदर एस डी ओ0 द्वारा किया गया निरीक्षण



**सरोज कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर ,सुपौल।** जिले में किसनपुर प्रखंड अंतर्गत पूर्वी कोसी तटबंध के भीतर मौजहा पंचायत के वार्ड 8 स्थित कोसी पुल की एप्रोच ध्वस्त होने की जानकारी मिलते ही सदर एसडीएम मनीष कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम ने जल संसाधन विभाग के जेई को निर्देश दिया कि कटाव निरोधी कार्य अविलंब शुरू करने को कहा। उन्होंने कहा कि पुल कि अप्रोच ध्वस्त हो जाने से सड़क मौजहा दुबियाही मुख्य सड़क संपर्क भंग हो जाएगा और पूल पर विस्थापित परिवार की समस्या और गंभीर हो जाएगी। वही विस्थापित परिवारों से जानकारी हासिल की और मौके पर विस्थापित परिवारों के बीच डेढसौ पॉलिथीन सीट और डेढ़ सौ पैकेट सुख राशन विस्थापित परिवारों के बीच वितरण करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला परिषद हंसनेन नोमानी ने एसडीम को अवगत कराते हुए कहा कि मौजहा पंचायत के सभी वार्ड के लोगों के घर आंगन में पानी घुस जाने से लोगों की समस्या गंभीर हो गई है उन्होंने कहा की 15 सो पॉलीथिन और 15 सो पैकेट सुखा राशन देने की गुहार लगाई। वहीं एसडीएम ने कहा कि जो पॉलिथीन और सुखा राशन आया है विस्थापित परिवारों के बीच अविलंब वितरण करें उसके बाद जहां जो जरूरत पड़ेगा हर संभव प्रशासन की ओर से मदद की जाएगी।

### बाढ़ प्रभावित लोगों का शिविर का सही स्थान का चयन नही होने से लोग खाने से होते वंचित



**सरोज कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर किशनपुर सुपौल।** जिले के किसनपुर प्रखंड अंतर्गत कोसी तटबंध के अंदर बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए शिविर का सही स्थान का चयन नहीं होने से शिविर में अधिकांश बाढ़ प्रभावित लोग खाने से वंचित हो रहे हैं। इस बात की जानकारी देते हुए राजद के राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व विधायक यदुवंश कुमार यादव ने पत्रकारों से भेंट वार्ता के दौरान कहा। उन्होंने कहा कि बाढ़ के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति किया जा रहा है। प्रशासन के अधिकारी द्वारा मनमाने ढंग से जहां-तहां शिविर को खोला जा रहा है। जबकि असली बाढ़ पीड़ित उक्त शिविर के हकदार है। वैसे लोगों के लिए शिविर नहीं खोला गया है जो सही में बाढ़ के पानी से घिरा हुआ है। राहत शिविर के नाम पर सूखा राहत बाटा जा रहा है। जहां लोग पानी से में घिरे हुए हैं। वहां के लोगों के लिए अभी तक शिविर का कोई व्यवस्था नहीं किया जा रहा है। जहां शिविर चलना चाहिए वहां शिविर नहीं चला कर काफी दूर में जाकर शिविर को लगाया गया है। जैसे परसा माधो पंचायत के प्राथमिक विद्यालय डुमरिया में प्रत्येक वर्ष शिविर लगता था। यहां पर सैकड़ो की संख्या में बाढ़ प्रभावित लोग खाना खाते थे। जबकि इस बार मरौना प्रखंड के सीमा के बगल जाकर शिविर लगा दिया गया है। जहां किशनपुर प्रखंड का मात्र पांच से सात घर बसा हुआ है। प्राथमिक विद्यालय डुमरिया में शिविर लगने से कई टोला के लोग उसमें खाना खा सकता है। जहां लगाए गए शिविर में किशनपुर प्रखंड के लोग नहीं खाकर अन्य प्रखंड के लोग खाना खा रहा है। शिविर के नाम पर लूट करने की मंशा से शिविर खोलकर मात्रा कोरम पुरा किया जा रहा है। सही माईने में जो लोग शिविर का हकदार है। वैसे लोगों के लिए शिविर से वंचित होना पर रहा है। हालांकि कहा जा रहा है कि प्रखंड के अंदर बीस शिविर संचालन किया जा रहा है। जबकि सच्चाई है कि रविवार के दोपहर तक आधा से अधिक शिविर में खाना नहीं बनने की सूचना मिल रहा है। कहा कि मौजहा, दुबियाही, नौआबाखर, परसामाधो, बौराहा के प्रभावित लोगों के बीच त्राहिमाम की स्थिति है।

# नेपाल तराई क्षेत्र में लगातार बारिश से करीब 250 घर हुआ बेघर



**डॉ0 बिनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले के निर्मली प्रखंड में नेपाल के तराई क्षेत्र हो रही लगातार बारिश के कारण नदियों के जलस्तर बढ़ने का सिलसिला जारी है। बढ़ते जलस्तर से एक तरफ जहां कोसी नदी ने अपना रौद्र रूप दिखाना प्रारंभ कर दिया है तो वही कोसी की सहायक नदियां तिलयुगा व खड़क एवं बिहुल नदी भी आक्रामक हो गयी गई है। निर्मली प्रखण्ड के दिदिया पंचायत के पिपराही के वार्ड 06, झोरा के वार्ड 9, लगूनिया के वार्ड 10, डेगारही के वार्ड 11, रहरिया के वार्ड 12 एव 13, दूधोला के वार्ड 7 एव 8 करीब 250 परिवार बेधर होकर ऊंचे स्थान पर शरण लिया है। दिधिया के मुखिया चंदा प्रभा देवी, राजस्व हल्का कर्मचारी विकास कुमार मुकेश कुमार पंचायत समिति सुनील कुमार शर्मा उप मुखिया वीर बहादुर यादव द्वारा द्वारा बाढ़ से विस्थापित 250 परिवारों को तत्काल पॉलिथीन जुड़ा बिस्कुट नमक शक्कर आदि राहत वितरण किया जा रहा हैं। वही कोसी नदी जलस्तर वुद्धि से गांव के लोगों के बीच बेचैनी का माहौल बना हुआ है। उक्त गाँव मे फिर से बाढ़ अपना पांव पसारना शुरू कर दिया है। लोगों ने बताया कि एक तरफ महंगाई हम गरीब मजदूर वर्ग के लोगों को कमर तोड़ रही है और अब इस क्षेत्र में बाढ़ अपना पांव पसारना शुरू कर दिया है। जिससे रोजमर्रा का सामान खरीदारी कर दो घर का खर्च चला काफी मुश्किल माना जा रहा है। लेकिन अगले दो-तीन माह तक इधर पूरी तरह रास्ता से आवागमन ठप हो जाएगा। ऐसे में पशुओं के दूध आदि बेचकर घर में दो वक्त का रोटी नसीब होगा। लोगों ने प्रशासन से बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में समय से पूर्व समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग किया है। इधर मरौना प्रखंड के सिसौनी पंचायत, बरहारा पंचायत व घोघररिया पंचायत अंतर्गत तटबंध के अंदर बसे मना टोला, सिसौनी छींट, अमीन टोला, बेला, खुखनाहा सहित व अन्य गांव में बाढ़ का पानी घर-घर में घुसने लगा, बाढ़ के कारण तटबंध के भीतर रहने वाले लोगों का जनजीवन बुरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया, कोसी नदी के इस तांडव से तटबंध के अंदर बसे दर्जनों गांव के लोग बेघर हो गए हैं।

**तटबंध पर बढ़ रहा है दवाबः** कोसी नदी में बढ़ते जलस्तर के बाद अब तटबंध पर दबाब बढ़ने लगा है। कोसी नदी के आक्रामक रुख की वजह से मरौना प्रखंड अंतर्गत विस्तारित सिकरहट्टा मझारी बांध पर जिसके वजह से आसपास बसे गावं के लोगो के बीच दहशत का माहौल व्याप्त है। हालांकि तटबंधों पर अभियंताओं की टीम दिन-रात कार्य कर रही है और बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराया जा रहा है। अधिकारियों की माने तो तटबंध अभी पूर्ण रूपेण सुरक्षित है। कटाव को रोकने हेतु कटाव निरोधात्मक कार्य कराया जा रहा है।

**लिया जायजाः** कोसी नदी के उग्र रूप को देखते हुए एसडीएम संजय कुमार सिंह ने निर्मली व मरौना प्रखण्ड के बांध का निरीक्षण के दौरान उपस्थित जल संसाधन विभाग के अभियंताओं से वस्तुस्थिति की पूरी जानकारी ली और कई दिशानिर्देश दिए। वही अंचलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि बाढ़ की आशंका को देखते हुए सारी तैयारी कर लिया जाय। विशेषकर नाव की व्यवस्था के साथ साथ बाढ़ आश्रय स्थल का निरीक्षण कर रहने लायक किया जाय। इस सबन्ध में पूछने पर एसडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि तटबंध के भीतर बसे लोगो हेतु नाव की व्यवस्था की गई है। तटबंध पूरी तरीके से सुरक्षित है। कहा कि स्थिति को देखते हुए बीडीओ निर्मली, सीओ निर्मली सहित अन्य अधिकारी को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों व बांधो का मोनोटिरिंग किया जा रहा हैं।

### अंकेक्षक ऑडिटर पद पर रिजल्ट होते ही बढ़ाया मान



**डॉ0 विनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर निर्मली।** जिले के निर्मली प्रखंड में बीपीएससी द्वारा आयोजित अंकेक्षक ऑडिटर पद पर निर्मली के छात्र संतोष कुमार रजक ने सफलता हासिल कर अनुमंडल सहित जिले का नाम रौशन किया है। बता दे की छात्र संतोष रेलवे में ग्रुप सी पद पर तैनात रहते हुए यह सफलता हासिल किया है। उन्होंने अपने सफलता का श्रेय माता-पिता कामदेव साफी सहित शिक्षक भाई को दिया है। बधाई देने वालो में शिक्षक मनोज कुमार रजक, किसान रजक आदि शामिल थे।

## महिला कांग्रेस कमेटी पंचायत एवं बूथ स्तर तक मजबूत कर महंगाई को लेकर करेगी उग्र आंदोलन



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा।** कचहरी ढाला स्थित पंडित राजेंद्र मिश्रा कांग्रेस कार्यालय में रविवार को महिला कांग्रेस कमिटि की एक बैठक आहूत की गई। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के निर्देशाअनुसार बैठक की अध्यक्षता महिला कांग्रेस नेत्री आशा देवी ने किया।जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश कुमार झा ने अपने संबोधन में कहा कि समय आ गया है।जब जिले में महिला कांग्रेस कमेटी को पंचायत एवं बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा।हर घर महिला कांग्रेस का संपर्क होगा और सभी वर्गों को संगठन में भागीदारी दिया जाएगा।अब महिला कांग्रेस के तमाम पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के लिए प्रतिज्ञा नाम का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।जिसमें महिलाओं को प्रशिक्षित कर हमारा बूथ हमारी जिम्मेदारी का संकल्प दिलाया जाएगा।बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष कुमार हीरा प्रभाकर ने कहा कि जिस तरह कांग्रेस पार्टी में ऊपर के पदाधिकारी एवं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। इस तरह जमीनी स्तर पर भी हम लोगों को एकजुट होकर मेहनत करना है। उपाध्यक्ष मो नईमुद्दीन ने कहा की देश में परिवर्तन की लहर चल रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में इंडिया गठबंधन का सरकार बनना निश्चित है। अपने अध्यक्षीय भाषण में आशा देवी ने कहा की महंगाई ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है।गैस सिलेंडर से लेकर सरसों तेल सब्जी आलू प्याज के दाम आसमान छू रहा है। महिलाएं बजट संभालने में परेशान है। महंगाई को लेकर जल्द ही जिले में एक जोरदार विरोध प्रदर्शन महिला कांग्रेस के द्वारा किया जाएगा। यदि पार्टी मुझ पर भरोसा करती है तो जिले में महिलाओं का ऐसा संगठन बनाऊंगी जो प्रदेश में नंबर वन होगा। उपस्थित महिला कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष पद के लिए आशा देवी के प्रति अपनी आस्था जताई।

## जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव प्रभावित क्षेत्र का किया मोयाना





**सरोज कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर किशनपुर सुपौल।** जिले के किसनपुर प्रखंड क्षेत्र में शनिवार की देर शाम जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पु यादव किसनपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का मुयाना किया। कोशी बांध पर शिवपुरी पंचायत , किसनपुर उत्तर पंचायत तथा मोजहा पंचायत के दर्जनों जगह पर गये, यंहा मौजूद ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्या पुर्व सांसद के पास रखा। मौके पर ही जाप सुप्रीमो श्री यादव ने आपदा मंत्री, जिलाधिकारी तथा अंचल अधिकारी को फोन पर सुपौल के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों सुपौल प्रखंड के चार पंचायत, किसनपुर के छः पंचायत तथा सरायगढ़ के लगभग पंचायत बाढ़ से पुर्णरूप से जलमग्न है यंहा के लोगों को समुचित सरकारी व्यवस्था अतिशीघ्र देने को कहा। पिरगंज ढाला पर मोजूद सैकड़ों लोगों ने एक स्वर में कहा कि मुखिया घर-घर जाकर बोले कि सभी लोग घर खाली कर बांध पर चलिए वंहा सारा व्यवस्था है। लेकिन यंहा दिन भर बाल- बच्चा के साथ भुखे-प्यासे है। न प्लास्टिक का व्यवस्था, न लाईट का व्यवस्था, न खाने का व्यवस्था है। यंहा के मुखिया और पदाधिकारी कागज पर ही खाना -पुर्ति करता है और जैसे हीं किसी बड़े लोगों के आने का सुचना मिलता है बड़े-बड़े कढ़ाई में गर्म पानी करने लगता है और दिखाने के लिए दस -बीस आदमी को खिलाकर फोटो खींच लेता है। मिडिया के साथियों से बात करते हुए जाप सुप्रीमो श्री यादव ने कहा कि सरकार को चाहिए कि नेपाल से पानी छोड़े जाने के सुचना मिलने और पानी यंहा तक पहुंचने के बीच में ही जान माल के खाना-पानी, प्लास्टिक, लाइट,सांप की दवा तथा पशु के लिए चारा का व्यवस्था करवा दें। लेकिन बाढ़ के विभिषिका को नेता और पदाधिकारी उत्सव मान दोनों हाथ से लुटने में लगा रहता है। तत्काल उन्होंने दो बड़े नाव, चार भेपर लाइट,दो हजार पैकट ब्रेड तथा चिन्हित जगहों पर जनरेटर भाड़ा पर लगवाने के लिए रूपैया दे दिये हैं। साथ ही जरुरत पड़ने पर और रूपैया भेजने का बात कहा। उन्होंने कहा यदि स्थति और विकराल हुआ तो हम खुद यंहा आकर कैंप करेंगे मेरे रहते कोई भुखा नहीं रहेगा। और बाढ़ खत्म होते हीं कोशी वासियों के बाढ़ का स्थाई निदान के लिए पद यात्रा करेंगे। मोके पर जाप युवा प्रदेश सचिव सह जिला युवा संगठन प्रभारी मुकेश यादव, जाप प्रखंड अध्यक्ष धिरेन्द्र यादव, पुर्व मुखिया सलेन्द्र शर्मा, पुर्व मुखिया बरकत अलि, छात्र जिलाध्यक्ष उदय मंडल, मुकेश मुकामी, सुरजीत कुमार उर्फ पप्पू सिंह, महिला प्रकोष्ट के जिला अध्यक्ष रेनु भारती, हरे राम यादव, जगदीश यादव, राधेश्याम यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### जनता दल यू कार्यालय में जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव की अध्यक्षता में पोल-खोल पर हुई अहम बैठक



**मो0 नजीर/ दैनिक शुभ भास्कर सुपौल।** जिले में जनता दल यू जिला कार्यालय सुपौल के कर्पूरी सभागार में जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद यादव जी के अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें जनता दल यू के सभी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सभी 11 प्रखंड अध्यक्ष विधान सभा के प्रभारी सभी प्रखंड प्रभारी और जिला कोर कमिटी के सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय सांसद श्री दिलेश्वर कामत ,निर्मली के माननीय विधायक श्री अनिरुद्ध प्रसाद यादव ,पिपरा के माननीय विधायक श्री रामविलास कामत, पूर्व विधायक श्री लखन ठाकुर, कोशी प्रमंडलीय प्रभारी श्री सुभानंद मुकेश और प्रदेश महासचिव अमर कुमार चौधरी उपस्थित हुए। बैठक में प्रदेश जद यू द्वारा निर्देशित कार्यक्रम जाति आधारित गणना रोकने का साजिश रचने वाली भाजपा के खिलाफ, जनता दल यू का पोल खोल अभियान का पहला चरण में 5 सितंबर को जिला मुख्यालय में मशाल जुलूस निकालने पर विचार किया गया। दूसरे चरण में सुपौल जिला के सभी प्रखंड मुख्यालय में 7 से 12 सितंबर के बीच मशाल जुलूस निकाला जाएगा और तीसरे चरण में जनता दल यू के सभी पदाधिकारी अपने - अपने घरों में काला झंडा लगाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। बैठक में जनता दल यू के सभी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष को जिला कमिटी के द्वारा माला एवं चादर से सम्मानित किया गया। बैठक में जगदीश प्रसाद यादव, मकसूद आलम, कमल प्रसाद यादव, नंदकिशोर सिंह, रामदेव कामत, ओम प्रकाश यादव ,संजीव, नयन गुप्ता, रामचंद्र यादव, जयप्रकाश , अनिल खेरवार, अशोक चौधरी, खुर्सीद आलम, मो कमाल खान, अजय कुमार, किसन मंडल, प्रमोद कुमार मंडल, सौरव झा, रामकिशोर राय, जसवीर सरदार, पप्पू शाह ,प्रशांत कुमार ,सिकंदर सरदार, सुरेश सिंह, निर्धन पासवान ,सज्जाद आलम, बैजनाथ यादव, दिलीप यादव, अमरदेब कामत, पूनम देवी, गीता देवी, प्रियंका कुमारी, हरिमोहन उपस्थित हुए ।

### महिषी प्रखंड के वीरगांव पंचायत का जिला एवं प्रखंड मुख्यालय से सम्पर्क भंग



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा।** नेपाल के जल ग्रहण क्षेत्र में लगातार भारी बारिश होने के चलते कोसी नदी अपने उफान पर है। वही कोशी बैराज के सभी 56 फाटक खोल दिए गए हैं जिसके माध्यम से 4•62 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज कर दिया गया है। जिसके कारण प्रतिबंध के भीतर वीरपुर से लेकर नवहटा महिषी एवं सलखुआ प्रखंड में कोसी नदी के जलस्तर बढ़ने से घर-घर पानी भर गया है।वही बाढ़ के पानी भर जाने के कारण लोग अपने घरों को छोड़कर ऊंचे जगह पर पलायन कर रहे हैं।वही वीरगांव पंचायत का प्रखंड एवं जिला मुख्यालय से संपर्क भंग हो गया है। संपूर्ण अंचल में बाढ़ का पानी भर गया है। राष्ट्रीय लोक जनता दल के प्रदेश महासचिव सह पूर्व प्रत्याशी जीसू सिंह ने बाढ़ की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन से नाव चलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस भीषण बाढ़ में किसी भी पंचायत में प्रशासन एक नाव भी देने में सक्षम नहीं है।वही जिला या अंचल से एक भी कर्मचारी तक धरातल पर जायजा लेने नही पहुंचे है।बल्कि अंचलाधिकारी व कर्मचारी रोड न-17 से ही सरकार को गलत सलत रिपोर्ट देकर पानी देख भाग खड़े हो जाते हैं।उन्होंने जिला प्रशासन से नाव मुहैया कराकर अविलंब राहत कार्य चलाए जाने की मांग की है।

### इप्टा रंगकर्मियों की बैठक में रंग उत्सव मनाने को लेकर कार्य समिति गठित



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा।** रविवार को शहर के गांधी पथ स्थित इप्टा कार्यालय में रंगकर्मियों की बैठक हुई। बैठक में रंगकर्मियों ने एक स्वर से शहर की सांस्कृतिक व रंगमंचीय गतिविधि की कमी पर चिंता जतायी तथा आयोजन के लिए आपसी सहमति बनायी गयी। बैठक में आगामी 17 सितंबर 23 को एक दिवसीय सहरसा रंग उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें नाटय प्रस्तुति के अलावा लोक नृत्यों व गीत संगीत की प्रस्तुति होगी। सहरसा रंग उत्सव की तैयारी के लिए एक कार्य समिति बनायी गयी। जिसके संयोजक इप्टा के राज्य सचिव डा राजन कुमार को बनाया गया। बैठक में कार्यक्रमों की रूप रेखा तय की गयी। एक दिवसीय आयोजन में बिहार के अन्य जिलों से नाटय दल को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही सहरसा इप्टा द्वारा भी एक लघु नाटक करने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया। बैठक में आगामी 28 सितंबर से 30 जनवरी 24 तक इप्टा द्वारा ढाई आखर प्रेम का देशव्यापी सांस्कृतिक पदयात्रा की तैयारी को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। साथ ही इस सांस्कृतिक पद यात्रा में सहरसा इप्टाकर्मी भी शामिल रहेगें। डा दीपक कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राज्य सचिव डा राजन कुमार सहित एस एस हिमांशु, अजहर खान, सोनी कुमारी, किसलय कृष्ण, संजय सारथी, अनिल कुमार, विनय कसौधन, रमेश कुमार पासवान, सुधांशु शेखर, संतोष मिश्रा, विभूति चंद्र युगल, मनोज गुप्ता, संजय आदि ने भाग लिया।

**परेशानी** दूसरी और कोशी के जलस्तर में वृद्धि होने से बौरहा पंचायत के झखराही गांव में सुरक्षा बांध टूट गया

# कोसी नदी में अचानक जलस्तर में वृद्धि होने से तटबंध के अंदर बसे लोगों की बड़ी परेशानी





**सरोज कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर, सुपौल।** जिले में किसनपुर प्रखंड अंतर्गत कोशी तटबंध के भीतर कोसी नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि हो जाने से कोशी तटबंध के अंदर बसे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पर रहा है। एक तरफ लोगों का घर भी नदी में विलीन हो रहा है तो वही दूसरी और कोशी के जलस्तर में वृद्धि होने से बौरहा पंचायत के झखराही गांव में सुरक्षा बांध टूट गया है जिसके कारण मुरकुचिया, मोमिंटोला, तेलियारी आदि गांवों में भी बाढ़ की समस्या उत्पन्न हो गई। जहां लोगों के घर- घर पानी है जिसके कारण लोग खाना भी नहीं बना पाते है। वहीं नौआबाखर पंचायत में वार्ड नंबर 1 से 16 तक पूर्ण रूप से बाढ़ से प्रभावित है। लोगों के घर - घर पानी है। जिससे घर में चूल्हा भी नहीं जल पाते है। हालांकि प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा नौआबाखर पंचायत में मात्र तीन जगह खाना हेतु शिविर चुना गया था जिसमे मात्र एक जगह शिविर आरंभ हुआ लेकिन अन्य जगह नहीं पंचायत के वार्ड नंबर 6,7,8,9,14, के लोगो के घर घर पानी है फिर भी अधिकारी के नजर में वह कोशी से बाहर है। लोग खाना नहीं बना पाते हैं लेकिन प्रखंड विकास पदाधिकारी इस बात को नजर अंदाज करते है। लोगों के शिविर चलाने की बात कहते हैं लेकिन स्थल पर कहीं शिविर नजर ही नहीं आता है। वहीं कुछ ग्रामीणों का कहना है की अगर बीडीओ साहब हमलोग के बात को नहीं सुना तो प्रखंड परिसर का घेराव करेंगे। हालांकि एनडीआरएफ



के टीम के द्वारा दिन भर लोगो का रेस्क्यू किया जाता है जहां ऊंचा स्थान था वहा लोगो को पहुंचाया जाता है लेकिन खाना का कोई व्यवस्था नहीं हो पाया।

# बाढ़ प्रभावित इलाके में स्थिति त्राहिमाम प्रशासन अति शीघ्र राहत कार्य करे प्रारंभ : पूर्व विधायक किशोर कुमार



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा।** पूर्व विधायक सह नव निर्माण मंच के संस्थापक किशोर कुमार ने रविवार को नवहट्टा प्रखंड के हाटी,केदली,मुरली,कठूयार, रामपुर छतवन,असय,धोबयाही, होरिल टोल आदि बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर हाल चाल की जानकारी हासिल की।उन्होंने जिला प्रशासन से रिलीफ कोड के तहत अतिशीघ्र राहत कार्य चलने का आग्रह किया।किशोर कुमार ने बताया कि नेपाल से अत्यधिक पानी आने के कारण जिले के नवहट्टा,महिषी,सिमरी बख्तियारपुर एवं सलखुआ प्रखंड के बांध के अंदर रहने वाले लोगों को बाढ़ का सामना करना पड़ रहा है।त्राहिमाम की स्थिति में इन क्षेत्र के लोगों को बेहद परेशानी हो रही है।लोगों को यहां खाने-पीने से लेकर दवाई तक की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।खासकर रामपुर,धोबयाही के दलित टोला का हालत बहुत नाजुक है।घर घर पानी से उनके यहां चुल्हा चौकी बंद है।किशोर कुमार ने कहा कि प्रशासन द्वारा हाई अलर्ट की घोषणा के बाद सैकड़ों लोग घर से बेघर हो गए हैं।हर घर में पानी प्रवेश कर गया है।कुछ लोगों के घर पानी में बह गए हैं।तटबंध के अंदर संपर्क का रास्ता टूट गया है।यहां पर छोटी नाव की अधिक आवश्यकता है। जिससे लोगों को मदद किया जा सके। इस क्षेत्र में फसलों की पूर्णता क्षति हुई है और मवेशी को चारा का भारी दिक्कत है।ऐसे में बाढ़ प्रभावित को आपदा नियम के तहत पानी से गिरने के बाद तत्काल प्लास्टिक या पॉलीथीन देना का प्रावधान है।वही जिनके घरों में पानी प्रवेश कर गया है। उन्हें ऊंचे स्थान पर ले जाकर राहत शिविर के द्वारा उनके भोजन की व्यवस्था करना प्रशासन की जिम्मेवारी है। लेकिन यहां पर अभी तक ऐसा कुछ हो नहीं रहा है।पूर्व विधायक ने जिला प्रशासन से आग्रह करते हैं कि सामान्य रिलीफ के तहत बाढ़ से प्रभावित परिवारों को 6 हजार और जिसका घर बाढ़ की पानी में बह गया है उन्हें 10 हजार रुपए देने के साथ-साथ बाढ़ प्रभावित लोगों के राहत व बचाव के कार्य को प्राथमिकता से चलाया जाए।पूर्व विधायक ने बताया कि विगत 14 अगस्त से ही इन इलाकों में अत्यधिक पानी आया है। यहां पानी आने का खतरा लगातार बना हुआ है जिससे आम लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।इस दौरे में प्रमोद कुमार सिंह,संजय सादा,ठाकुर पंकज सिंह,श्याम शरण सादा,नितेश मंडल,महेंद्र सादा,प्रवीण सिंह, दीपक पौद्दार,सुरेश सिंह,निखिल सिंह,दीवाना मुखिया,राजा राम यादव,रामाशीष सादा सहित अन्य मौजूद रहें।

# खास ख़बर

### शराब कांड का आरोपी गिरफ्तार

**संझौली (रोहतास)** । स्थानीय थाने की पुलिस ने रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर पूर्व शराब के मामले में अमेठी ग्राम से छापामारी कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पूर्व शराब के मामले में आरोपी अमेठी ग्राम के अभिषेक कुमार बहुत दिनों से फरार चल रहा था। जिसे पुलिस ने गुप्त सूचना के आधर पर अमेठी ग्राम से गिरफ्तार कर जेल दिया गया।

### मारपीट मामलें का आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

**करगहर (रोहतास)** । विगत दो माह पूर्व कुम्हिला गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई हिंसक झड़प मामले में आरोपी पिता और पुत्र को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष सुंदेश्वर कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि भूमि विवाद को लेकर दो माह पूर्व दो पक्षों में मारपीट हुई थी। जिसमे चार लोग बुरी तरह जख्मी हो गए थे। दोनों पक्षों की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई थी। जिसमें आरोपी कन्हैया सिंह और उनके पुत्र शुभम कुमार सिंह कई दिनों से फरार चल रहें थे। जिसकी गुप्त सूचना मिलते ही दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया।

### हत्या कांड का दो आरोपी गिरफ्तार

**नासरीगंज (रोहतास)** । स्थानीय पुलिस ने नगर के वार्ड एक स्थित यादव टोला से हत्या कांड के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में उक्त वार्ड के निवासी नागेंद्र यादव पिता विश्वनाथ सिंह और मुकेश कुमार पिता दुधेश्वर सिंह उर्फ साधू बताये जाते हैं। उक्त दोनों अभियुक्त कांड संख्या 68/21 के नामजद अभियुक्त बताये हैं। जो फरार चल रहे थे जिन्हें गुप्त सुचना पर उनके घर से ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।बताते चलें कि गत 29 अप्रैल 2021 को उक्त वार्ड में आई एक बारात में नर्तकियों के नृत्य के दौरान विवाद हुआ और दो गुट आपस में भिड़ गये, जिसमें लाठी डंडे से मारपीट हुई। घटना के दौरान गंभीर रूप से घायल होकर एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। घटना के बाद में तीस अप्रैल को मृतक के स्वजनों के द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसे गुप्त सूचना पर छापामारी कर अभियुक्तों को इनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त घटना में में अन्य अभियुक़्तों के विरुद्ध भी अनुसंधान जारी है।

### पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त

**नासरीगंज (रोहतास)** । स्थानीय कछवां थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के दनवार बालू घाट के समीप से सोन नदी से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। थानाध्यक्ष मीतेश कुमार ने बताया कि उक्त बालू बिना चालान के था। जो किसी अन्य जगह ले जा रहा था। पुलिस को देख चालक फरार होने में सफल रहा उक्त मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए बालू और वाहन जब्त कर इसकी सूचना खनन और परिवहन विभाग को अग्रिम कार्रवाई हेतु दी गई है।

### सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पिस्टल लहराने का वीडियो वायरल मामले में युवक को किया गिरफ्तार

**पलासी**। पलासी थाना पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पिस्टल लहराने का वीडियो वायरल मामले में कार्रवाई करते हुए पिस्टल लहराने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार युवक का नाम अक्षय कुमार मंडल, पिता- राधेश्याम मंडल, ग्राम सहदपुर, थाना पलासी, जिला अररिया है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से गिरफ्तार युवक का पिस्टल लहराने का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (facebook/ twiter/whatsapp) पर वायरल हो रहा था। इसकी सूचना प्राप्त होने पर पलासी थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है।

पलासी थाना अंतर्गत उक्त संबंध में कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### प्रधानमंत्री मन की बात 104वीं कड़ी में लोगों की उमड़ी भीड़



**नोखा (रोहतास)** । प्रधानमंत्री "मन की बात" कार्यक्रम का 104वां कड़ी प्रसारण रविवार को लोगों ने दिल से सुना। जिस कार्यक्रम का आयोजन नगर परिषद क्षेत्र के एक सभागार में की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज चंदेल,भाजपा जिला मंत्री सुनीता गुप्ता, जवाहर चौरसिया, रोहित गुप्ता, अंटू पासवान, राजू राम, रंजित चौरसिया, गोलू गुप्ता सहित नगर के सैकड़ों लोगों ने इसमें भाग लिया। मौके पर नगर अध्यक्ष मनोज चंदेल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात के दौरान चंद्रयान-3 मिशन की उल्लेखनीय सफलता के लिए इसरो के वैज्ञानिकों को सराहना कार्य किया। प्रधानमंत्री ने आगामी जी-20 समिट खिलाड़ियों के सराहनीय प्रदर्शन, मातृभाषा का महत्व, संस्कृत भाषा,भारत वाइब्रेट डेयरी सेक्टर सहित अन्य देशहित के विषयों पर बात करते हुए लोगों को संबोधित किया। वही मन की बात कार्यक्रम में भाग लेने वाले सैकड़ों लोगों ने नरेंद्र मोदी को देश सबसे शक्तिशाली व बुद्धिमान प्रधानमंत्री बताया।

# किसान की बेटी ने बीपीएससी ऑडिटर परीक्षा में सफल हो लहराया परचम



**दावथ (रोहतास)** । प्रखंड क्षेत्र के हीरापुर निवासी भारत सिंह एवं सुमन देवी की पुत्री प्रियंका कुमारी बिहार लोक सेवा आयोग के द्वारा ऑडिटर पद की ली गई परीक्षा में सफलता प्राप्त किया। जिसकी सफलता पर परिवार सहित गांव वासियों में खुशी का माहौल है। बता दें कि शुक्रवार की शाम बिहार लोक सेवा आयोग के ऑडिटर पद का फाइनल परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कुल 366 अभ्यर्थी सफल हुए। प्रखंड के हीरापुर गांव की रहने वाली प्रियंका कुमारी बिहार लोक सेवा आयोग के द्वारा प्रकाशित की गई परीक्षा परिणाम में 258वां स्थान प्राप्त कर परचम लहराया। सफलता पर परिजनों ने बताया कि प्रियंका की प्रारंभिक पढ़ाई लक्की चिल्ड्रेन एकेडमी दावथ प्रखंड से हुई थी। वही मैट्रिक प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय दावथ से करने के बाद एएस कॉलेज बिक्रमगंज से इंटर इण्टर व मगध महिला कॉलेज पटना से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। बता दे कि प्रियंका के पापा एक किसान है जबकि माता एक कुशल गृहणी है। ग्रामीण परिवेश में रहकर ही प्रियंका ने यह सफलता अर्जित की है। प्रियंका के शिक्षक भरत प्रसाद गुप्ता,चारों धाम मिश्रा,धनेश कुशवाहा, प्रदीप गिरी सहित कई लोगों ने उसकी सफलता पर खुशी व्यक्त किया।

## भोलेनाथ जयकारे साथ कांवरिया का जत्था हुआ रवाना




**दावथ (रोहतास)** । सावन माह में शिवालयों में हर रोज दर्शन-पूजन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। जैसे-जैसे सावन समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। श्रद्धालुओं की भीड़ शिव मंदिरों में उमड़ रही है। वही सावन के अंतिम सोमवार को जलाभिषेक करने के लिए हर-हर महादेव की जयकारों के साथ बभनौल गांव से सैकड़ो कांवरिया जल लेने के लिए बक्सर रवाना हो गए। इस बात की जानकारी देते हुए बभनोल के पूर्व पैक्स अध्यक्ष विक्की चौबे ने बताया कि हर साल जे पी के इंटर कॉलेज के सौजन्य से अंतिम सोमवारी के दिन दो-तीन बस रवाना किया जाता है। जिसमें सैकड़ो कांवरिया जल लेने के लिए बक्सर जाते हैं । और शिव मंदिर में चढ़ाते हैं। मौके पर कामेश्वर चौधरी गुप्तेश्वर चौधरी गुड्डु चौबे शिव शंकर दुबे सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नगर परिषद के वार्ड 27 में समस्या को लेकर हुई आमसभा



**बिक्रमगंज (रोहतास)** । नगर परिषद बिक्रमगंज क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में जनहित विकास कार्य को लेकर वार्ड सदस्य सक्रिय दिख रहे है। जिसको लेकर वार्ड-27 में जन समस्या को लेकर रविवार को एक आमसभा बैठक का आयोजन हुआ। जिस बैठक की अध्यक्षता वार्ड पार्षद खैरुन निशा ने की। बैठक में वार्ड पार्षद ने वार्ड में अधूरी पड़ी विकास कार्य को जल्द पूरा करने का वार्ड वासियों से वादा किया। साथ ही जनहित समस्याओं व वार्ड में विकास को लेकर बैठक में अहम निर्णय लेते हुए मुख्य बिंदु अंतर्गत दो चापाकल, गली पीसीसी निर्माण,नाली दुरुस्त,पेभर ब्लॉक,स्लैब निर्माण,रोशनी लाइट, वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड सहित अन्य विकास कार्य के मुद्दों पर विशेष प्रकाश डाला गया। दूसरी तरफ वार्ड सदस्य खैरून निशा ने बताया कि नये सभापति मनोरंजन सिंह के पदभार ग्रहण करते ही नगर परिषद में विकास की बयार बह रही हैं। जिसको लेकर वह नगर परिषद के सभी 27 वार्ड सदस्यों से मिलते हुए जनहित विकास कार्य हेतु निरंतर बैठक भी कर रहें है। जिस बैठक अंतर्गत सभापति नगर में अधूरी पड़ी विकास कार्य के प्रति सभी वार्ड सदस्यों को सक्रिय रहने के लिए विशेष दिशा निर्देश भी दे रहें है। इस अवसर पर वार्ड सदस्य प्रतिनिधि शेरा खान , नजिरहसन, जितेंद्र पासवान , आदिल खान, जटलपासवान, शिवजीपासवान , टिंकू खान , माहेजबीन खातून, जाना खातून , मोनिर आलम, अमानत खान , मौला अंसारी , बसीर खान, अखलाक खान, मुस्ताक हुसैन आदि उपस्थित थे।

## कटिहार नगर थाना में एसपी ने प्रेस वार्ता कर दो लूट कांड मामले का किया उद्भेदन, 6 आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर ,जिला ब्यूरो चीफ ,रूपेश मिश्रा** । नगर थाना में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एसपी जितेंद्र कुमार ने बताया कि जिले के दो अलग-अलग जगहों पर लूट कांड की घटना हुई थी और दोनों जगह में हुए लूट कांड की घटना में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पहली घटना कोढ़ा थाना क्षेत्र के झिटकिया जाने वाली सड़क पर चार आरोपियों ने हथियार क भय दिखाकर 10000 व मोबाइल लूट लिया था। वही दूसरा मामला कदवा थाना क्षेत्र के सनौली से मिठाई दुकानदार को हथियार का भय दिखाकर 17000 नगद, 2000 का सिक्का एवं वजन करने वाला बटखारा को लूट लिया था। दोनों मामले के अनुसंधान के लिए टीम का गठन किया गया था। गठित टीम के द्वारा दोनों ही मामलों का खुलासा कर दिया है और इस मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार किया है। साथ ही लूटी गई राशि के साथ एक देसी कट्टा, कई मोबाइल व आदि सामान बरामद किया गया। गिरफ्तार सभी आरोपियों को पुलिस के द्वारा न्यायिक हिरासत भेजा गया।



## जदयू ने ग्राम संसद कार्यक्रम अभियान चलाया



**नासरीगंज (रोहतास)** । स्थानीय प्रखण्ड के खिरियावं पंचायत के तुर्कबिघा गांव में जदयु द्वारा ग्राम संसद सदभाव की बात राज्यब्यापि अभियान के अंतर्गत राज्य सरकार के उपलब्धियो पर चर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार के अध्यक्षता में हुई। उक्त कार्यक्रम मे नोखा विधान सभा प्रभारी सुरेंदर रजवार उपस्थित रहे। इस अवसर पर सरकार की उपलब्धियों एवं लाभकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। संचालन पंचायत अध्यक्ष परवेज अख्तर ने किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष बिनोद चौधरी,नईम इदरीसी, युवा प्रखंड अध्यक्ष विशाल गुप्ता,महेश चन्द्रवंशी, सीता राम भगत, भोलू समेत बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्तागण व ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री मन की बात

**नासरीगंज (रोहतास)** । स्थानीय महावीर मन्दिर प्रंगण में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर अध्यक्ष लाल बाबू साह के नेतृत्व में प्रधानमंत्री मन की बात का 104 वां एपिसोड को रविवार को दिल से सुना। कार्यक्रम तहत नगर के सभी बुथ अध्यक्षों के पास बूथो के अंतर्गत आने वाले भाजपा के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आम जनता ने अपने-अपने बुथो पर सुना। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सबसे पहले श्रावण मास एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए चंद्रयान 3 को सफलता के लिए इसरो के सभी वैज्ञानिकों के साथ साथ सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इसकी सफलता से पर्व और आनंदमय हो गया। उन्होंने एक पुरानी कविता को याद करते हुए कहा कि आसमान से सिर उठाकर घने बादलों को चीरकर रोशनी का संकल्प ले अभी तो सूरज उगा है। दृढ़ निश्चय के साथ चलकर हर मुश्किल को पार कर घोर अंधेरे को मिटाने अभी तो सूरज उगा है। आसमान में सिर उठाकर घने बादलों को चीरकर अभी तो सूरज उगा है। प्रधानमंत्री ने 20 लीडर समिट के लिए भारत की पुरी तैयारी के साथ 40 देशों को सम्मिलित होने की बात कही। हाल ही में भारत के खिलाड़ियों को 26 पदक के विजताओं को अपने नाम करने की बधाई दिया। मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के साथ संस्कृत भाषा को बढ़ावा, मेघालय के ब्रायन डी खारप्रान को 1700 से अधिक गुफाओं के खोज की चर्चा की, हर घर तिरंगा से बुनकरों को आर्थिक लाभ की चर्चा की जल्द ही सूरज पर पहुंचने की चर्चा करते हुए अनेकों विषयों के बारे में संबोधन किया। मौके पर प्रखंड प्रभारी अमित कुशवाहा,रौशन कुमार सिंह, राधारमण गुप्ता, संतोष कुमार आर्य, संतोष रौनियार ,अनिल सुमन समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शराब कांड आरोपी को जेल

**नोखा (रोहतास)** । थाना क्षेत्र के नगर परिषद के रघुनाथपुर गांव और जगन्नाथ टोला से एक महिला को पूर्व के मामले में गिरफ्तार करके पुलिस ने जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि थाना क्षेत्र के जगन्नाथ टोला से शकुंतला कुंवर और रघुनाथपुर से बजरंगी राम को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। जो पूर्व के शराब के मामले में नामजद अभियुक्त है। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार का जेल भेज दिया।

### डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर राजद कार्यकर्ता ने प्रकाश डाला



**नोखा (रोहतास)** । भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा संविधान में दी गई अनुच्छेदों का भाजपा हटाना चाहती है। जिससे डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के द्वारा निर्मित संविधान में छेड़छाड़ कर दलित,पिछड़ा,अति पिछड़ा के विकास के लिए दिए अनुच्छेद को हटाना चाहती है। उक्त बातें राजद के प्रखंड अध्यक्ष अख्तर जमाल ने कही। मौका था राष्ट्रीय जनता दल द्वारा नोखा प्रखंड के सभी 13 पंचायत में डॉक्टर भीम राव अंबेडकर पर चर्चा कार्यक्रम जहां पर की भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया गया। साथ ही विपरीत परिस्थितियों में और भारत को विकसित देश की परिकल्पना कर सभी वर्गों को एक सूत्र में और सभी वर्गों के विकास को लेकर के कानून का प्रारूप तैयार कर निर्माण किया। जिसे भाजपा अब अपनी मर्जी के अनुसार संसोधन करना चाहती है। प्रखंड अध्यक्ष अख्तर जमाल ने बताया कि नॉनसारी पंचायत के सिसिरित टोला पर कम, उत्तरी वराव, दक्षिणी बराव सहित सभी पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर वीरेंद्र कुमार, राकेश कुमार ,संजय कुमार, अरुण कुमार, वीरेंद्र कुमार, अखिलेश यादव, विजय पटेल अनीश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलटने से चालक जख्मी

**कोचस (रोहतास)** । कोचस थाना क्षेत्र के कोचस मोहनीया रोड राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर एक बालिका को बचाने के क्रम में ई-रिक्शा अनंत्रित होकर पलट गया जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल होंगे गया। घायल ई रिक्शा चालक सेमरिया निवासी लक्ष्मण पासवान का पुत्र अखिलेश कुमार पासवान बताया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ई रिक्शा चालक परसथुआ से कोचस की तरफ आ रहा था कि कोचस बजार के समीप कोचस मोहनिया राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर एक बालिका ई रिक्शा के सामने आ गई। जिसको बचाने में ई रिक्शा नियंत्रित होकर पलट गई जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बाद आसपास मौजूद रहे लोगों ने घायल चालक को आनन-फानन में कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां ड्यूटी में तैनात पीएचसी प्रभारी डॉ० तुषार कुमार ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सासाराम भेज दिया है।

**सेमिनारं** होमियोपैथी चिकित्सा की दिशा में मिल का पत्थर सिद्ध होगा

# होमियोपैथिक दंपती चिकित्सक अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में हुए सम्मानित

**नासरीगंज (रोहतास)** । स्थानीय नगर के बड़ी बाजार रोड स्थित एसके होमियो हॉल के निदेशक डॉ० सुरेश कुमार और उनकी पत्नी डॉ० अंजू देवी को मलेशिया में सम्मानित किया गया। उन्हें मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में दोनों होमियोपैथिक चिकित्सकों के उल्लेखनीय योगदान के लिए विगत दिनों होमियोपैथी सेमिनार में डॉ० एचपी सिंह मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया गया। भारत और मलेशिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित उक्त अंतराष्ट्रीय सेमीनार का उदघाटन मलेशिया के साइबर जेया विश्वविद्यालय कुलपति डॉ० जावेदी हुसैन, विश्वविद्यालय डीन इब्राहिम उस्मान, इंडियन एम्बेसी की सी



सुषमा,केंट होमियोपैथी लैबोरेटरी एमडी उतपल कुमार,उत्तरप्रदेश होमियोपैथी चिकित्सा के निदेशक अरविंद वर्मा,पटना के चिकित्सक डॉ० आरपी सिंह,व होम्योपैथी मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बिहार अध्यक्ष डॉ० संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वल्लित कर किया। इस अवसर पर देश विदेश आये चिकित्सकों ने बिहार के रोहतास जिले के नासरीगंज के होम्योपैथी चिकित्सक दम्पतियों का उनके उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनकी होमियोपैथी के क्षेत्र में किये गये परिश्रम का परिणाम है कि इन्हें उक्त सम्मान से सम्मानित किया गया है। इस अवसर डॉ० सुरेश कुमार ने कहा कि उक्त आयोजन होमियोपैथी चिकित्सा की दिशा में मिल का पत्थर सिद्ध होगा। उनके द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में होमिईपैथी चिकित्सा की ओर लोगों को आकर्षित कर सफल इलाज किया जा रहा है। वही डॉ० अंजू देवी ने बताया कि होमियोपैथी के इलाज से स्वास्थ्य समाज एवं राष्ट्र का सपना साकार किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि उनका क्लीनिक एसके होमियो हॉल गरीब एवं असहाय रोगियों का निःशुल्क इलाज करता है। उक्त अंतराष्ट्रीय सम्मान पाकर दोनों चिकित्सक दम्पतियों ने राज्य, जिला व प्रखण्ड को गौरांवित किया है। इसके अलावा डा. सुरेश व अंजू को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए थाईलैंड, दुबई, इंडोनेशिया, शारजाह सहित अबुधाबी में भी पूर्व में सम्मानित किया जा चुका है। उनके उक्त उपलब्धि पर बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्र से लोगों ने बधाई दी।

# जदयू राज्यव्यापी ग्राम संसद सदभाव सभा का आयोजन

**नोखा (रोहतास)** । प्रखण्ड क्षेत्र के लेवड़ा एवं महापुर में ग्राम संसद सदभाव सभा आयोजित की गई। जिसमें कार्यक्रम में राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही सरकार के द्वारा किए गए विकास कार्य को लोगों के बिच बताया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष रुपेश चंद्रवंशी, पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह,अशोक कुमार,एवं प्रखण्ड सचिव नागेन्द्र प्रसाद चंद्रवंशी एवं बीरबल राम उपस्थित थे।इस कार्यक्रम में प्रखण्ड जदयू अध्यक्ष रुपेश चंद्रवंशी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के 18 वर्ष के शासनकाल में बिहार का सर्वाधिक बिकास हुए हैं इसके मूल में न्याय के साथ बिकास की अवधारणा है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने सता में आते ही पंचायत चुनाव में एकल पदों सहीत बिभिन्न पदों पर अनुसूचित जाति जनजाति और अतिपिछड़ा एवं महिलाओं को आरक्षण देकर समाज में सदियों से ब्याप्त असंतोष को दूर किया और इससे बंचित वर्ग के लोग राज्य के बिकास कार्य में योगदान दे रहे



हैं।आज राज्य के किसि कोने से राजधानी पटना पांच घंटे में पहुंच जाते हैं। राज्य सरकार ने हर क्षेत्र में सड़क, शिक्षा,स्वास्थ्य, हर घर बिजली,सात निश्चय योजना, मुख्यमंत्री साइकिल योजना, मुख्यमंत्री पोशाक योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, स्टुडेंट क्रिकेट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परीवहन योजना, सतत् जिविकोपार्जन योजना सहित कई योजना को राज्य सरकार ने आपलोगो के लिए चलाई है। जदयूके नेताओं ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सीएम नीतीश कुमार समाजिक ताना बाना को मजबूत करते हुए समाज के सभी बर्गो के सहयोग से विकास की गाड़ी को पटरी पर लाकर एक एक कार्य कर रहे हैं वहीं दुसरी तरफ फिरकापरस्त ताकतें जिनकी आजादी की लड़ाई में कोई भूमिका नहीं थी। भाजपा षडयंत्र के तहत धर्म का राजनीतिकरण करते हुए राम के नाम पर हमारे नौजवानो के हाथों में कलम की जगह तलवार देने और उन्हें धार्मिक उन्माद की ओर धकेलने का काम करते हैं। जिससे समाज में तनाव पैदा होता है सच्चाई यह है कि इन लोगों को हिन्दुत्व और राष्ट्रवाद से कोई मतलब नहीं है देशहित से इन्हें कोई सरोकार नहीं है। इन्हें बस धर्म की आड़ में राजनीतिक की रोटी सेकना है। ऐसे विभाजनकारी ताक़तो से हमें सावधान रहना होगा। इस अवसर बृजलाल राम,भीखर राम, शिवनारायण राम,जमींदार राम,मुरारी राम,मलू राम, शंकर राम, मुन्ना राम,राम जन्म सिह, अरविंद कुमार,छोटन पासी, रमेश शर्मा सहित सैकड़ों उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

### शिव मंदिर निर्माण हेतु निकाली गई कलश यात्रा में शामिल हुए समाजसेवी संजय मिश्रा



**अररिया** । अररिया जिले में भगवान शिव के प्रति श्रद्धालुओं की उमंग बढ़ाने के लिए एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया है। इस कलश यात्रा ने नागरिकों के द धार्मिक उत्सव की उमंग को बढ़ावा दिया है। कलश यात्रा का पहला चरण "शिव मंदिर निर्माण" कार्य के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें वरीय समाजसेवी संजय मिश्रा भी सहभागी रहे। उन्होंने इस यात्रा में अपने योगदान से निर्माण कार्य को समृद्धि दिलाई। यात्रा के तीसरे चरण में, "हर हर महादेव" की ध्वनि से शहर में एक अद्वितीय माहौल बना। यह धार्मिक उत्सव नगर के लोगों के आत्मशांति का बोध कराया। अंतिम चरण में, "पानी टंकी वार्ड 7" से "परमान नदी" से जल भरने के लिए एक यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लिए। इससे नगर में परमान नदी के प्रति समर्पण को दिखाया गया। इस पूरे उत्सव ने नगर के लोगों में एक उत्कृष्ट आत्मबल और सामाजिक सहयोग की भावना को मजबूती से बढ़ाया है। धार्मिक उत्सवों के माध्यम से समाज के आदर्श और संकीर्तन को मजबूत करने के लिए यह कदम एक महत्वपूर्ण दिशा है।

### फुटबाल लीग मैच में पांचवे दिन कटिहार की टीम जीते



**प्रवीण कुमार, कटिहार**। जिला फुटबाल संघ कटिहार के द्वारा 71 वॉ बिहार राज्य मोइनुल हक फुटबाल क्षेत्रिय लीग मैच बिहार राज्य मोइनुल हक फुटबाल लीग मैच में रविवार को पहली पारी में कटिहार और किशनगंज के टीम के बीच लीग फुटबाल मैच खेला गया। जिसमे 9-0 से कटिहार की टीम ने शानदार जीत हासिल किया। वही दूसरी पाली में मधेपुरा और पूर्णिया की टीम के बीच खेला गया। जिसमे दोनो टीम के बीच मैच ड्रॉ हो गया। जिला फुटबॉल संघ के मीडिया प्रभारी ने बताया की सोमनार को अररिया मधेपुरा के टीम के बीच फुटबॉल लीग मैच खेला जाएगा। हालाकि लगातार बारिश के कारण रविवार को दोनो पाली का मैच सेकंड हाफ में संपन्न हुआ। बावजूद इसके रविवार को राजेंद्र स्टेडियम में आयोजित लीग मैच में सभी खिलाड़ियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया । लीग मैच में कमेंट्री उदय साधु खान और शंकर साह ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि डॉ रीना कुमारी, महिला फुटबॉल सचिव जिला फुटबॉल संघ, एस के सुमन, निर्देशक जयमाला शिक्षा निकेतन के साथ जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष शिव प्रकाश गरोडिया , सचिव दिलीप कुमार साह उर्फ भोला, संरक्षक रमेश केडिया के साथ , उदय साधु खान, जे पी शर्मा , हीरा लाल, बबन झा, नलीन सिन्हा, आनन्द यादव ,डा एस सुमन, आशिश बलीदानी, हरीन्द्र मोहन, मुकेश, लक्खि, राजा कुमार, विनोद कुमार, संजय कुमार , शुभाशीष शुभम , बिनोद चौधरी, गोविंद, सिकंदर, गोपाल ,अमर , गौरव केडिया आदि संघ के प्रतिनिधिगण मौजूद थे। जिसमे शनिवार को आयोजित मैच में प्रथम मैच में हिरेंद्र यादव, रोशन कुमार,विनय कुमार और दूसरे मैच में मोहन कुमार, मुकेश, विशाल, विनय आदि ने शानदार प्रदर्शन किया।

### दारू के नशे में शराबी हुआ गिरफ्तार

**भगवानपुर कैमूर**। शराब के नशे हंगामा कर रहे एक शराबी को भगवानपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल इसकी जानकारी थानाध्यक्ष भगवानपुर अनिल प्रसाद ने देते हुए बताया की ग्राम मनिकपुर से गुप्त सुचना मिला की एक शराबी शराब के नशे मे हंगामा कर रहा है सुचना पाते हीं भगवानपुर पुलिस ग्राम मनिकपुर पहुंची तो देखा की एक शराबी शराब के नशे ने हंगामा कर रहा है उसे गिरफ्तार कर भगवानपुर थाना लाया गया I पूछताछ मे पता चला गबर बिन्द ग्राम मनिकपुर बताया जिसका समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर मे मेडिकल जांच कराकर जेल भेजा गया।

# मुखिया प्रतिभा खोज परीक्षा के सहयोग में आगे आ रहे समाजसेवी संगठन

**रामगढ़ कैमुर, शुभ भास्कर**। सिसौडा पंचायत के मुखिया के द्वारा जो महिम चलाया गया है उसका अब नतीजा सामने आने लगा है कहीं समाज सेवी तो कहीं अच्छे संगठनों के द्वारा इस कार्य को सराहना के तौर पर सराहा जा रहा हैं साथ ही वे लोग अपना कदम भी इस विचारधारा की ओर बढ़ाने लगे हैं सिसौडा पंचायत के मुखिया सह समाजसेवी ने बच्चों के प्रति शुरू से ही एक अलग पहचान छोड़ी है उन्होंने कहा कि मुखिया प्रतिभा खोज परीक्षा का समय-सेवी संगठन और समाजसेवी मदद करते हैं तो क्षेत्र के बच्चों का होगा सर्वांगीण विकास ,और साथ में उनका एक और विचार तेजी से लोगों के बीच में बढ़ता हुआ लोक प्रिय होता जा रहा है कि आप जिस स्कूल में पढ़े हैं उसको विकसित बनाने के लिए दान दें और उसे स्कूल का प्रति अपना दायित्व को पूरा करें आज उसी क्रम में 27 अगस्त दिन रविवार को पंचायत संसाधन केंद्र सिसौड़ा में मुखिया प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया । इस प्रतियोगिता





में टॉप टेन बच्चों को सम्मानित किया गया ।इस आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में कलम क्रांति फाउंडेशन की टीम जिसमें रंभा यादव , जयप्रकाश गुप्ता , शशिकांत कुशवाहा, सुरेश प्रसाद शर्मा शिवचंद , हीरा यादव, निर्मल कुशवाहा रहे। इस प्रतियोगिता में बच्चों को तैयारी करने के लिए जुनून भरा जाता है उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हौसला दिया जाता है आज की प्रतियोगिता में सिंगर प्रिया यादव को सोनाली कुमारी को सम्मानित किया गया । यह प्रतियोगिता सिसौड़ा पंचायत के मुखिया प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा आयोजित की जाती है। रविवार को होने वाली है प्रतियोगिता क्षेत्र के बच्चों के लिए बहुत बहुत ही खास है क्योंकि आने वाले आतिथि बच्चों का मार्गदर्शन करते हैं उन्हें मोटिवेट करते हैं। मुखिया प्रदीप ने कहा कि भविष्य में मुखिया प्रतिभा खोज परीक्षा से तैयारी करने वाले बच्चे कई क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाएंगे ।कलम क्रांति की टीम ने पढ़ाई करने वाले बच्चों का हर संभव मदद करने का मदद करने का वादा किया। मुखिया प्रदीप ने कहा कि सामाजिक संगठन एवं समाजसेवी मुखिया प्रतिभा खोज का सहयोग करने के लिए आगे आते है तो भविष्य में क्षेत्र का विकास बहुत तेजी से होगा।

## चैनपुर पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता चैनपुर**। चैनपुर कैमूर थाना क्षेत्र विउर पंचायत से गिरफ्तार कर चैनपुर थाना लाया गया है उक्त वारंटी पूर्व के केस में फरार चल रहा था की चैनपुर थाना की पुलिस बल के साथ विअर गांव पहुंची जहां वारंटी पुलिस को देखकर भागने की कोशिश किया लेकिन पुलिस बल के जवानों ने उसको गिरफ्तार करके चैनपुर थाना लाया वही इस संबंध में थाना अध्यक्ष रणवीर कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार वारंटी जफर साह उर्फ बुधु साह पिता अली हसन शाह ग्राम विउर का रहने वाला है जो की पूर्व के केस में फरार चल रहा था वही चैनपुर पुलिस बल टीम के जवानों ने विउर जाकर उसको गिरफ्तार करके लाया गया है उक्त वारंटी को चैनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य में मेडिकल कराकर उसको भभुआ न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## चोरी करते हुए ग्रामीणों ने पकड़ा चोर मारपीट का वीडियो वायरल





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं, (कैमूर) भभुआं**। थाना क्षेत्र अंतर्गत अखलासपुर गांव में पिछले दिनों रात के अंधेरों में घर में चोरी करते हुए ग्रामीणों ने एक चोर को पड़कर पहले कुटाई की उसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले किया, मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। आपको बताते चले कि पिछले दिनों रात के अंधेरे में एक चोर घर में चोरी करने के नियत से गया हुआ था तभी ग्रामीणों ने देख लिया और चोर को पकड़कर बिजली के खम्मे में बांधकर जमकर पिटाई की। बाद में ग्रामीणों के द्वारा 112 पुलिस को कॉल कर सूचना दिया गया कुछ देर बाद पुलिस पहुंची और चोर को कब्जे में लेकर पूछताछ कर रही है।

## समस्तीपुर सिविल कोर्ट में अधिवक्ता संघ के पूर्व संयुक्त सचिव द्वारा पदाधिकारीयों से विशेष सुरक्षा की मांग

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कैमूर**। अधिवक्ता संघ के पूर्व संयुक्त सचिव मंटू पाण्डेय द्वारा 27 अगस्त को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से, समस्तीपुर सिविल कोर्ट में हुई गोलीबारी की घटना का निन्दा किया गया। आपको बता दें कि विगत दिनों समस्तीपुर सिविल कोर्ट में, अपराधियों के द्वारा कोर्ट परिसर में दिनदहाड़े दो कैदियों पर फायरिंग कर दिया गया। जिससे गोली लगने के वजह से दोनों घायल हो गए,



कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी मच गया। जिस संदर्भ में पूर्व संयुक्त सचिव के द्वारा घटना में शामिल अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी के लिए समस्तीपुर शासन प्रशासन से मांग किया गया। उनके द्वारा जिला जज राधेश्याम शुक्ल, जिला पदाधिकारी सावन कुमार व पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा कैमूर से, व्यवहार न्यायालय कैमूर भभुआं परिसर में अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु पुलिस बल की अधिक मात्रा में तैनाती एवं कोर्ट परिसर में, गेट पर बिना चेकिंग के किसी भी व्यक्ति को अंदर जाने पर रोक लगाने की मांग हैं। उनके द्वारा यह उल्लेख किया गया है, कि कैमूर भभुआं कैमूर न्यायालय परिसर में सन 2001व सन 2009 में गोलीबारी एवं बम बारी की घटना हो चुकी है। इसलिए भभुआं जेल गेट के सामने तथा निबंधन कार्यालय भभुआं कैमूर के दक्षिणी क्षेत्र रोड पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग है। जिससे अपराधियों की गतिविधि पर नजर रखते हुए, सिविल कोर्ट भभुआं कैमूर में में अधिवक्ताओं, कैदियों व गवाहों की सुरक्षा हो सकें।

### विधान पार्षद एवं महापौर ने प्रधानमंत्री के 104वां मन की बात सुनी



**कटिहार**। विधान परिषद अशोक अग्रवाल जी के आवास के कार्यालय में विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल एवं महापौर उषा देवी अग्रवाल ने देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम मां की बात का 104 वां एपिसोड टेलीविजन के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी कटिहार के कार्यकर्ताओं एवं दूर दराज से आए हुए जनता जर्नादनों के साथ सुना। कार्यक्रम के बाद विधान पार्षद अशोक अग्रवाल ने बताया की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सभी को प्रेरित और ऊर्जावान करने वाला "मन की बात" कार्यक्रम को हर महीने के आखिरी रविवार को आयोजित की जाती है। मन की बात कार्यक्रम को सुनने से एक नई ऊर्जा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दी जाती है। जिससे लोगों को काफी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। देश के विकास में किए गए कार्यों की मोदी जी द्वारा उल्लेख की जाती है। वहीं महापौर उषा देवी अग्रवाल ने बताया कि मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री ने चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता, नारी सशक्तिकरण, भारतीय भाषा संस्कृत के प्रति जागरूकता, G20 के भव्य आयोजन सहित विभिन्न विषयों पर अपने विचारों को साझा कर आने वाले समय में देश के विकास पर चर्चा कर महत्वपूर्ण जानकारी साझा किया है। जिससे सुनकर लोगों को देश के प्रति एक नई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। इस कार्यक्रम में भाजपा कटिहार के पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रभूषण ठाकुर, कृष्ण कुमार साह राय, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### किसान आंदोलन के अगले चरण में एन एच 219 निर्माण स्थल पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा





**भभुआ कैमुर| शुभ भास्कर**। भूमि अधिग्रहण को लेकर जिगिना गांव में किसानों की बैठक की गई बैठक की अध्यक्षता रंग बहादुर सिंह ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया। प्रस्ताव में भू अर्जन पदाधिकारी के द्वारा आयोजित कैम्प में किसान कोई कागजात एवं दस्तावेज जमा नहीं करेंगे। प्रस्ताव 2 में किसान आंदोलन के अगले चरण में एन एच 219 निर्माण स्थल पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। प्रस्ताव संख्या तीन में किसान आंदोलन को लीड करने के लिए रंगबहादुर सिंह जमुना गोंड को लीडर चुना गया। बैठक में मंगल गुप्ता संजय साह अंजनी सिंह दरोगा सिंह अंजनी कुमार सिंह अंम्बुज सिंह ओमप्रकाश सिंह अलख साह शंकर गुप्ता सहित दर्जनों किसान उपस्थित थे। बैठक का आयोजन किसान मजदूर संघर्ष समिति कैमूर के द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष किसान मजदूर संघर्ष समिति कैमूर अभिमन्यु सिंह ने कहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में किसान नेता राकेश टिकैत भी शामिल होंगे। उन्होंने ने कहा किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिला तो सड़क निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। बैठक में किसानों ने संकल्प लिया उचित मुआवजा मिले बिना सड़क निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।एन एच 219

### चोरी करते हुए ग्रामीणों ने पकड़ा चोर मारपीट का वीडियो हुआ वायरल

**(कैमूर) भभुआं, शुभ भास्कर**। थाना क्षेत्र अंतर्गत अखलासपुर गांव में पिछले दिनों रात के अंधेरों में घर में चोरी करते हुए ग्रामीणों ने एक चोर को पड़कर पहले कुटाई की उसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले किया, मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। आपको बताते चले कि पिछले दिनों रात के अंधेरे में एक चोर घर में चोरी करने के नियत से गया हुआ था तभी ग्रामीणों ने देख लिया और चोर को पकड़कर बिजली के खम्मे में बांधकर जमकर पिटाई की। बाद में ग्रामीणों के द्वारा 112 पुलिस को कॉल कर सूचना दिया गया कुछ देर बाद पुलिस पहुंची और चोर को कब्जे में लेकर पूछताछ कर रही है।

धरना मुखिया गण, सभी वार्ड सदस्य ,साथ स्वच्छता कर्मी एवं पंचायत के आम जनों द्वारा धरना दिया गया

# ग्राम पंचायत के अधिकारों में कटौती एवं 19 सूत्री मांगों को लेकर धरना जारी

**रामगढ़ कैमुर, शुभ भास्कर**। दिनांक 22 अगस्त 2023 दिन मंगलवार को मुखिया संघ के आवाहन पर प्रखंड मुख्यालय रामगढ़ पर प्रखंड के मुखिया गण, सभी वार्ड सदस्य ,साथ स्वच्छता कर्मी ,एवं पंचायत के आम जनों के द्वारा ग्राम पंचायत के अधिकारों में कटौती एवं 19 सूत्री मांगों को लेकर धरना दिया गया। धरने में सरकार के समक्ष इन बातों को पहुंचाया गया कि जब तक सरकार ग्राम पंचायत के मांगों को नहीं मान लेती है तब तक यह धरना जारी रहेगा । अब ग्राम पंचायत के ग्राम सभा के महत्व को सरकार द्वारा खत्म किया जा रहा है जो केवल पत्र और चिट्ठी भेजकर अधिकारियों द्वारा अपना आदेश मनवाने की कोशिश की



जा रही है ।महात्मा गांधी जी ने गांव के विकास का जो सपना देखा था उसे अब खत्म किया जा रहा है राज्य भर में मुखिया जन हत्या के शिकार हो रहे हैं सरकार मुखिया गण की सुरक्षा को लेकर कोई कार्य करते हुए नहीं दिख रही है ।साथ ही सरकार आर्म्स के हथियार को भी मंजूरी नहीं दे रही है मुखिया जो अपने गांव के जमीन से जुड़े हुए हैं उनका भत्ता भी मात्र ढाई हजार है जो सरकार के द्वारा बढ़ाया जाना चाहिए ।सभी मुखिया और वार्ड सदस्यों द्वारा चुने गए विधान परिषद से भी उन्होंने सवाल दागा की सदन में हमारी आवाज को वह क्यों नहीं उठा रहे हैं ,गांव को विकसित बनाने को सरकार मुखिया संघ के मांगों को पूरा करना चाहिए इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि चुन्नू तिवारी ,उर्फ राजन हर्षवर्धन बाबूलाल यादव ,मुखिया प्रदीप कुमार सिंह ,जयप्रकाश तिवारी, वंदना कुमारी ,बेचन शर्मा ,मनोज राम ,अंजनी मिश्रा ,के साथ समर्थकों में मनु कुमार ,गोपाल राम ,प्रदीप शर्मा ,बृजमोहन राम, विक्रम सिंह ,के साथ बहुत सारे लोग उपस्थित रहे।

मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुये विधायक व जिला अध्यक्ष

# भाजपा ने मन की बात कार्यक्रम को पसमांदा मुसलमान के बीच सुना



**कटिहार**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात के 104वें एपिसोड का लाइव प्रसारण कटिहार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 42 की निगम पार्षद जसमीन खातून के नेतृत्व में बूथ संख्या 262 पर पसमांदा मुसलमान के बीच सुना गया। मन की बात कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय, पूर्व डिप्टी सीएम व सदर विधायक तारकेश्वर प्रसाद , लोकसभा प्रभारी प्रफुल्ल रंजन वर्मा, भाजपा जिला महामंत्री व युवा मोर्चा के जिला प्रभारी सौरभ कुमार मालाकार, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष इफ्तिखार राय , शामिल हुए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में चंद्रयान-3 के चांद पर सफल लैंडिंग को लेकर सभी वैज्ञानिक एवं देशवासियों को बधाई दिया।उन्होंने उद्योग जगत के कई महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी बातें को राखी एवं खेल प्रेमियों का उत्साह वर्धन के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी बातों को रखी जो देश को एक नई दिशा प्रदान करेंगी। इस मौके पर मन की बात कार्यक्रम में वार्ड 42 के पूर्व निगम पार्षद यासीन मुखिया, मोहम्मद अमान, वसीम खान, शाहनवाज आलम, मंजूर आलम, रिंकू यादव, शंभू चौधरी, दिलीप चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में पसमांदा समाज के मुसलमान भाई एवं महिलाएं इस कार्यक्रम में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति खुशी जाहिर करते हुए महीने के हर अंतिम रविवार को मन की बात कार्यक्रम सुनने का संकल्प लिया।

## ख़ास ख़बर

### प्रत्येक बी पैक्स बनायें 200 नये सदस्य- सहायक निबंधक अंसल कुमार



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** सहकार से समृद्धि के अन्तर्गत बी-पैक्स सदस्यता महाअभियान 2023 जो 01 सितम्बर, 2023 से 30 सितम्बर, 2023 तक संचालित किया जा रहा है। आज दिनांक 27. 08.2023 को जिला पंचायत सभागार गाजीपुर में वीरेन्द्र सिंह, सभापति डी०सी०एफ० की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी जिसमें सरोजेश सिंह, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लि०, गाजीपुर मुख्य अतिथि तथा विजय शंकर राय, निदेशक इफको नई दिल्ली विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, अंसल कुमार द्वारा सहकार से समृद्धि योजना के सम्बंध में विस्तार से बताया गया तथा 01 सितम्बर, 2023 से प्रारम्भ होने वाली सदस्यता महाअभियान के सम्बंध में प्रत्येक बी पैक्स को 200 नये सदस्य बनाये जाने का अनुरोध किया गया। कैलाश चन्द, सचिव/मुख्यकार्यपालक अधिकारी द्वारा नये सदस्य बनाये जाने से सदस्य, बी पैक्स एवं जिला सहकारी बैंक को क्या लाभ होगा, के सम्बंध में जानकारी दी गयी। सरोजेश सिंह अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लि०, गाजीपुर द्वारा भी प्रत्येक समिति में 200 नये सदस्य बनाये जाने एवं पुराने सदस्यों से भी अंशधन के रूप में धनराशि जमा करने की अपेक्षा की गयी तथा सचिव से अंशधन प्रमाण पत्र भी जारी करने की अपेक्षा की गयी। सदस्यता महाअभियान के अन्तर्गत प्रत्येक सदस्य से 221 रूपये की धनराशि जमा करायी जानी है। यह धनराशि ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनो प्रकार से जमा की जा सकती है। ऑनलाइन जमा करने हेतुwww.pacsmember.in पर जमा सुविधा उपलब्ध है तथा सहकारी स्वयं सेवक के माध्यम से उक्त धनराशि ऑफलाइन माध्यम से जमा की जा सकती है। इस अवसर पर बी-पैक्स के समस्त अध्यक्षगण, संचालकगण, सहकारी संघ के अध्यक्ष समस्त क्रय-विक्रय समितियों के अध्यक्ष तथा जिला सहकारी बैंक लि०, गाजीपुर के समस्त संचालकगण उपस्थित रहे। सभी अध्यक्षगणों द्वारा इस अभियान को सफल बनाने का आश्वासन दिया गया।

### भांवरकोल मच्छटी चौकी प्रभारी ओमकार तिवारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान मचा हड़कंप



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, भांवरकोल।** रविवार की शाम पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया, तो वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान पुलिस ने संदिग्धों की भी तलाशी ली। जनपद में हो रही वाहन चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण व बाइक सवारों द्वारा किए जा रहे अपराधों पर लगाम कसने के इरादे से एसपी ओमवीर सिंह के निर्देश पर रविवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए जिस पर सभी थानों की पुलिस चेकिंग अभियान में जुट गई। जिले के सभी थानों के गेट पर चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना भांवरकोल मच्छटी चौकी प्रभारी ओमकार तिवारी ने राष्ट्रीय मार्ग 31 स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने करीब छः से अधिक वाहनों का चालान किया। अभियान के दौरान पुलिस ने संदिग्धों व उनके सामान की भी तलाशी ली। लेकिन इस दौरान कुछ भी आपत्तिजनक पुलिस के हाथ नहीं लगा।

### राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर के द्वारा सहकारी समितियों भाजपा काशी क्षेत्र सहकारिता प्रकोष्ठ



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, गाजीपुर।** सहकार से समृद्धी लक्ष्य को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर के द्वारा सहकारी समितियों को लगातार मजबूती प्रदान कि जा रही है।यह बात आज भाजपा काशी क्षेत्र सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक राकेश सिंह अलगू ने जिला पंचायत हाल मे जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बी पैक्स सदस्यता अभियान बैठक को सम्बोधित करते हुए कही उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से किसानों एवं समाज के प्रत्येक वर्ग की स्थिति को सुदृढ़ कर समाज के मुख्य धारा से जोडना है। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों के मजबूती के लिए प्रत्येक समितियों पर सहकारी स्वयं सेवक की अतिशीघ्र नियुक्ती की जाएगी जो सहकारिता को गांव गांव में मजबूती प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि लोगों के विकास और कल्याण में सहकारिता का उज्वल भविष्य है।देश में जबसे गृहमंत्री अमित शाह ने गुजरात के तर्ज पर उत्तर प्रदेश में सहकारिता की बड़ी संभावनाओं का सपना देखा है वह अब धीरे धीरे पुर्ण हो रहा है। जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि पुर्व की सरकारों के ग़लत नितियों से जिले की 182 समितियों में से 16 निष्प्रयोज्य हो गई तथा ज्यादातर आर्थिक संकट से गुजर रही थी ।लेकिन जब से भाजपा की सरकार केन्द्र और प्रदेश में स्थापित है तब से लगातार इनके समृद्धि और मजबूती का मार्ग प्रशस्त हुआ है। बन्द समितियों का गठन कर उन्हें पुनर्जीवित किया गया है। कहा कि समिति सदस्यों की संख्या विस्तार व ज्यादा से ज्यादा बांड खरीद से समितियों की स्थिति में सुधार होगा।

# "मन की बात" के लगातार 104 वें संस्करण को भारतीय जनता पार्टी सुना





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे, गाजीपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक कार्यक्रम "मन की बात" के लगातार 104 वें संस्करण को भारतीय जनता पार्टी ने बुथ स्तर पर सुना तथा बुथ बैठक कर मतदाता चेतना अभियान में प्रत्येक व्यस्क के नाम को मतदाता सूची में शामिल कराने का निर्णय लिया। जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने जखनियां विधानसभा के मंडल मनिहारी प्रथम, शक्ति केंद्र बरहट के बूथ 351 पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात को सुनते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षी दलों में असंतोष व्याप्त है,आज विपक्ष के पास कोई नैतिक विषय ही नही बचा है जिसको लेकर वह जनता के बीच जा सके। गाजीपुर सदर विधानसभा के बुथ संख्या 138 महाराजगंज के हीरा पैलेस में विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के कोने कोने से समाज में छोटी से छोटी घटनाओं, आयोजनों एवं प्रतिभाओं आदि को राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा कर उसको देश की मुख्य धारा से जोडना तथा प्रोत्साहित करना मन की बात का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को लोग उत्साह से इस कार्यक्रम को सुनने के लिए उत्सुक रहते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में सबका नाम हो यह प्रयास जरूरी है। इस अवसर पर बिरनो ब्लाक प्रमुख राजन सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल राय, अच्छेलाल गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, मनोज बिंद, अनिल जायसवाल, कमलेश बिंद, रामजी बलवंत, मोहन जायसवाल, रंजीत कुमार,डा प्रदीप पाठक,महेश पासी आदि उपस्थित रहे। भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने रौजा पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 104 वें एपिसोड को सुना जहां विष्णु पांडेय,माधुरी पांडेय,मीरा कुशवाहा ,रामकेवल कुशवाहा,राजेन्द्र कुशवाहा, चमेली कुशवाहा, नगीना कुशवाहा, प्रमोद राय बूथ अध्यक्ष, आयुषी कुशवाहा ,आशा तिवारी आदि उपस्थित रही। वंशी बाजार विवेकानन्द कालोनी में जिला महामंत्री प्रवीण सिंह, तुलसी सागर में जिला उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह, जंगीपुर विधानसभा के मलिकनाथपुर बुथ पर राज्य सलाहकार समिति के सदस्य एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष शैलेश राम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुना।

## हमारी संस्कृति भाषा देश की धरोहर - प्रमोद वर्मा

**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय। जखनिया गाजीपुर।** आज प्रधानमंत्री के मन की बात का 104वां एपिसोड जखनिया मंडल प्रथम के बूथ संख्या 206 पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने एक साथ बैठकर रेडियो के माध्यम से सुना। उक्त अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा कि जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात से सीधे देशवासियों से जुड़ाव होता है देश की अनेकता और विविधताओं से परिचय प्राप्त होता है यह देश के लिए ऊर्जा प्रदान करने का काम करता है। वर्मा ने कहा जब से मन की बात प्रारंभ हुआ है हर देशवासियों को प्रधानमंत्री से सीधे जोड़ने का अवसर मिला है और अपनी नई खोज नई जानकारी को साझा करने का भी मौका मिला है। वर्मा ने कहा आज भारत का सामर्थ दिन प्रतिदिन यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बढ़ता जा रहा है। आज उन्हीं की देन है कि देश में जी-20 की बैठक पहली बार आयोजित हुई। इसरो ने चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग कर कर इतिहास रचा। वर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर एक छोटी सी छोटी बात को गंभीरता से लेते हैं उसका मनन और अध्ययन करते हैं और देशवासियों से अपील भी करते हैं की अपनी विरासत अपनी संस्कृति से जुड़े रहें, देश का भ्रमण करें, नई जानकारियां कहीं भी हो उसको लोगों से साझा करें। प्रधानमंत्री के मन की बात से देश में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है और लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत हुई है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को तेलुगु दिवस और रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दिया। बर्मा ने बताया की आईआईएम रोहतक की स्टडी के अनुसार मन की बात देश के 23 करोड लोग नियमित रूप से सुनते हैं।

## एमएलसी ने महाराजगंज बूथ पर सुनी पीएम मोदी के मन की बात



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाज़ीपुर।** एमएलसी विशाल सिंह चंचल रविवार को महराजगंज स्थित बूथ संख्या 138 पर मन की बात का 104वॉ संस्करण में शामिल होकर भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को सुना। कार्यक्रम उपरांत उपस्थित लोगों को वोटर चेतना महाअभियान के तहत जागरूक किया तथा वहाँ उपस्थित लोगो के जन समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोज कुमार बिंद, मीडिया प्रभारी शशिकांत शर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक अनिल जायसवाल, मंडल अध्यक्ष गोपाल राय, मंडल महामंत्री राम जी बलवंत, मंडल कोषाध्यक्ष डॉ मोहन जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख राजन सिंह, प्रधान गण नंदू पासी, अनूप गुप्ता, नवीन जायसवाल, ओम प्रकाश यादव चंद्रिका यादव जी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## बुजुर्ग माता-पिता पर अत्याचार करने वाली संतान संपत्ति से होंगे बेदखल, योगी सरकार ला रही है नया प्रस्ताव

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, लखनऊ।** योगी सरकार बूढ़े मां-बाप या वरिष्ठ नागरिकों पर अत्याचार करने वाली संतानों एवं रिश्तेदारों को संपत्ति से बेदखल करने की प्रक्रिया और आसान बनाने जा रही है। इसके लिए सरकार उत्तर प्रदेश माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण नियमावली-2014 में संशोधन करने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कैबिनेट के समक्ष संशोधन प्रस्ताव रखने से पहले समाज कल्याण विभाग को महाधिवक्ता से सलाह लेने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, प्रदेश में केंद्र सरकार का माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 लागू है। इसे प्रदेश में वर्ष 2012 से लागू किया जा चुका है।



इस अधिनियम के लिए वर्ष 2014 में नियमावली जारी की गई थी। इसके तहत उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में भरण-पोषण अधिकरण का गठन किया गया है। जिले में डीएम की अध्यक्षता में अपीलीय अधिकरण हैं। प्रदेश में गठित राज्य सप्तम विधि आयोग ने इस नियमावली में तीन संशोधनों की सिफारिश चार दिसंबर 2020 को की थी। विधि आयोग ने वर्ष 2014 में बनी नियमावली को केंद्रीय अधिनियम के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं माना था। विधि आयोग ने नियमावली के नियम-22 के बाद तीन और नियम 22-क, 22-ख व 22-ग बढ़ाने की सिफारिश की है। इसमें वरिष्ठ नागरिकों का ध्यान न रखने पर बच्चों या नातेदारों को उस संपत्ति से बेदखल करने के प्रविधान की बात कही गई है, जिस पर वरिष्ठ नागरिकों का कानूनी अधिकार है। बेदखली के लिए आवेदन अधिकरण के समक्ष किया जा सकता है।

**यह हैं प्रस्तावित संशोधनः** वरिष्ठ नागरिक अपनी संपत्ति से संतानों एवं रिश्तेदारों की बेदखली के लिए अधिकरण को आवेदन दे सकते हैं। अगर वरिष्ठ नागरिक स्वयं आवेदन करने में असमर्थ हैं तो कोई संस्था भी उनकी ओर से ऐसा आवेदन दाखिल कर सकती है। अधिकरण को यह अधिकार होगा कि वे बेदखली का आदेश जारी कर सकें। कोई व्यक्ति आदेश जारी होने से 30 दिनों के अंदर वरिष्ठ नागरिक की संपत्ति से बेदखली आदेश को नहीं मानता है तो अधिकरण उस संपत्ति पर पुलिस की मदद से कब्जा कर सकता है। संबंधित पुलिस भी बेदखली आदेश का पालन कराने के लिए बाध्य होगी। अधिकरण ऐसी संपत्ति को बुजुर्ग को सौंप देगा। जिला मजिस्ट्रेट अगले माह की सात तारीख तक ऐसे मामलों की मासिक रिपोर्ट सरकार को भेजेंगे। अधिकरण के आदेश के खिलाफ वरिष्ठ नागरिक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित अपीलीय अधिकरण में अपील कर सकते हैं।

### लोकसभा में गठबंधन की सरकार बनी तो उत्तर प्रदेश में शराब होगी बंद, श्रवण कुमार ग्रामीण विकास मंत्री बिहार सरकार



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय।** दुल्लहपुर गाजीपुर। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के हरदासपुर खुर्द गांव में स्थित मां वीणा वादिनी इंटर कॉलेज परिसर में जनता दल यूनाइटेड पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग हरिवंश चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें ग्रामीण विकास विकास मंत्री बिहार व उत्तर प्रदेश प्रभारी श्रवण कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा सरकार आई है तब से देश का हालात काफी बिगड़ चुका है ।आम जनता महंगाई से झेल रहा है भ्रष्टाचार का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन की सरकार बनेगी। जिसमें जनता दल यूनाइटेड के मुखिया बिहार के सीएम नीतीश कुमार के अगुवाई में पार्टी अहम भूमिका निभा रही है। देश के अधिकांश मध्य वर्गीय परिवार शराब के चलते परिवार विघटन की ओर है। गठबंधन की सरकार बनी तो उत्तर प्रदेश में शराबबंदी कराई जाएगी। ताकि लोग घर जाएं तो शराब लेकर ना दूध और सब्जियां लेकर जाए। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा सालनी सिंह पटेल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं को सुरक्षा के जागरूक के लिए जो भी अभियान चलाई है कागजों पर सीमित रह गई है। आज भी महिलाएं सुरक्षित नहीं है। महिलाओं को लॉलीपॉप जैसे गांव-गांव में एनजीओ के माध्यम से जोड़कर सरकार अपने को रोजगार देने की बात करती है। महिलाओं को हौसला बुलंद करते हुए प्रदेश अध्यक्ष शालिनी सिंह ने कहा कि हर महिलाओं को चढ़ बढ़कर राजनीति में हिस्सा लेना चाहिए और अपने अधिकारों को जानना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष सत्येंद्र पटेल ने कहा कि बिहार में जब से नीतीश जी की सरकार ने शराबबंदी की है तब से हड्डी चिकित्सकों के अस्पताल बंद हो गए।

### जल्द नगर के विकास का काम शुरू करें नगर पालिका चेयरमैन- संतोष कुमार पाठक एडवोकेट



**पीडीडीयू नगर।** पीडीडीयू नगर में आज आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज नगर के सुभाष पार्क में तिरंगा शाखा लगाई म, तदोपरांत नगर में विकास कार्य के ठप होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए नगर पालिका परिषद पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया और नगर का विकास कार्य जल्द शुरू करने की नगर पालिका अध्यक्ष सोनू किन्नर से मांग की । इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने कहा कि पहले भाजपा के चेयमैन नगर में थे जमकर 10 साल तक नगर को लूटा गया । उसके बाद लोगों ने बड़ी उम्मीद के साथ सोनू किन्नर को नगर पालिका परिषद पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर का अध्यक्ष बनाया ताकि नगर का विकास कार्य तेजी से होगा। परंतु अभी तक नगर पालिका मुगलसराय का विकास कार्य शुरू ही नहीं हो पाया है । नगर में जगह जगह सडको पर गड्ढे हैं नालिया टूटी पडी हैं, गलियों में प्रकाश की व्यवस्था नहीं है। नगर पालिका के अध्यक्ष को क्या करना है? क्या नहीं करना है? उनके कुछ समझ में नहीं आ रहा है , अगर यह सही है तो चेयरमैन साहब को अपने साथ नगर के जानकारव ईमानदार लोगों की एक टीम बनाकर काम करें। क्योंकि नगर के लोगों ने उनको नगर के विकास के लिए और त्वरित गति से काम करने के लिए चुना है। संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने कहा कि अगर नगर के विकास कार्य जल्द शुरू नहीं हुई तो आम आदमी पार्टी जल्द ही नगर पालिका कार्यालय के सामने एक विशाल प्रदर्शन करेगी।

### रामगढ़ में पानी के लिए मचा हाहाकार



**चहनिया।चंदौली।** बाबा कीनाराम की नगरी जन्मस्थली रामगढ़ में आज कल पानी के लिए जलनिगम उपभोक्तओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, स्थानीय उपभोक्तओं ने पानी न मिलने के कारण पानी टंकी के पास धरना प्रदर्शन किया रामगढ़ गांव में लगा जलनिगम की पानी टंकी आपरेटर,विभागीय जेई व एक्सईएन के गलत नीतियों के कारण विगत 6 महीनों से उपभोक्तओं को पानी के लिए दर दर भटकने को मजबूर किया जा रहा विभागीय जेई व एक्सईएन के निष्क्रियता से ग्रामीणों में रोष है। रामगढ़ गांव में लगा जलनिगम की पानी टंकी से रामगढ़ ,रईया महराजगंज,बरियाँ तथा दरियापुर गांव के उपभोक्तओं को पानी की सप्लाई दी जाती है ,लेकिन बिगत कई महीनों से विभागीय लापरवाही के कारण इन उपभोक्ताओं को उमस भरी गर्मी में पानी के लिए तड़पना पड़ रहा है, ग्रामीणों ने युवा नेता रमेश सिंह फौजी के नेतृत्व में जलनिगम के जेई , कर्मचारियों व विभागीय अधिकारियों के खिलाफ पानी टंकी के सामने धरना प्रदर्शन किए तथा चेतावनी दिए कि दो दिनों के अंदर पानी टंकी से समुचित पानी की सप्लाई समस्त ग्रामीणों को सुबह दोपहर व शाम शिड्यूल के अनुसार नही दिया गया तो सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण ब्लाक मुख्यालय का घेराव करने को बाध्य होंगें इसके जिम्मेदार जेई व एक्सईएन होंगे।

दुख | जम्मू कश्मीर में ड्यूटी के दौरान हृदयगति रुकने से निधन हो गया था

## सेना के जवान का शव पंचतत्व में विलीन



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाज़ीपुर।** जम्मू कश्मीर के लाला द बाग में तैनात जिले के सादात क्षेत्र के इकरा निवासी हवलदार राजेन्द्र यादव का पार्थिव शरीर वाराणसी से एंबुलेंस से लाने पर वीर जवान का अपमान बताते हुए हजारों ग्रामीणों ने रविवार की सुबह राजवारी (खरौना) स्थित गोमती नदी पुल पर चक्काजाम कर दिया। करीब तीन घंटे तक चले जाम से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। उल्लेखनीय है कि इकरा निवासी रामसकल यादव के तीन पुत्रों में से मंझले बेटे राजेंद्र यादव का शुक्रवार को जम्मू कश्मीर में ड्यूटी के दौरान हृदयगति रुकने से निधन हो गया था। हवाई जहाज से उनका शव शनिवार की रात वाराणसी के बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचने के बाद रविवार की सुबह सेना के जवानों द्वारा सेना की गाड़ी के बजाय एंबुलेंस से शव को पैतृक आवास लाने पर वाराणसी पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने सेना के वाहन से शव ले जाने की बात कहते हुए शव को वहीं रोक दिया। मान मनौव्वल के बाद किसी तरह एंबुलेंस आगे बढ़ी तो बनारस और गाजीपुर जनपद की सीमा पर रजवाड़ी पुल के पास शव लेकर आ रहे एंबुलेंस को रोक कर लोग सेना के वाहन से शव को ले जाने पर अड़ गये। बाद में मौके पर पहुंचे सैदपुर एसडीएम पुष्पेंद्र पटेल, सीओ विजय आनंद शाही तथा तहसील स्तरीय अधिकारियों ने सैन्य अधिकारियों से वार्ता कर सेना का वाहन बुलाने की कोशिश किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। अंत में फूल माला से सजाकर पिकअप लाया गया, तब जाकर करीब तीन घंटे बाद जाम खत्म हुआ। जैसे ही जवान का शव उनके पैतृक घर पहुंचा तो परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे। पत्नी रीता देवी, बेटा अंश और आयुष सहित भाई, माता, पिता सभी बिलखने लगे। पैतृक आवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखने के बाद शव को सैदपुर के गंगा तट पर स्थित जौहरगंज श्मशान घाट पर सेना की सलामी के उपरांत हजारों लोगों की भीड़ के बीच मृतक के पिता रामसकल यादव ने मुखाग्नि दी। इस दौरान दलीय सीमा टूटती नजर आई और सपा, बसपा, भाजपा सभी दल के लोगों सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व गणमान्यजन मौजूद रहे।

## आर्मी जवान के पार्थिव शव को प्राइवेट एंबुलेंस से लाने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने किया रजवाड़ी पुल पर चक्काजाम







**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे, गाजीपुर।** आर्मी जवान के पार्थिव शरीर को प्राइवेट एंबुलेंस से घर भेजे जाने से परिजन आक्रोशित हो गए हैं। वे वाराणसी-गाजीपुर बार्डर स्थित खरौना में राजवाड़ी पुल पर हाइवे जाम कर दिए हैं। इससे दोनों तरफ की गाड़ियां जहां-तहां खड़ी हो गई है। प्रदर्शनकारी मांग कर रहे हैं आर्मी जवान के पार्थिव शरीर को सेना की गाड़ी से ही भेजा जाए। सादात थाना क्षेत्र के इकरा गांव निवासी आर्मी जवान हवलदार राजेंद्र यादव की शुक्रवार को जम्मू कश्मीर के लाला द बाग में ड्यूटी के दौरान हृदयगति रूकने से निधन हो गया था। आर्मी के साथी जवानों के मुताबिक वह ड्यूटी के दौरान गश्त आने पर अचानक गिर पड़े। साथी जवानों ने उन्हें हास्पिटल पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। आर्मी अधिकारियों से सूचना मिलते ही परिजनों के रोने- बिलखने से चीख-पुकार मच गई। परिवार में सैनिक की पत्नी रीता देवी अपने दोनों बच्चों के साथ गांव पर ही रहती हैं। सैनिक का बड़ा पुत्र अंश सात वर्ष का है और दूसरा पुत्र आयुष यादव पांच वर्ष का है। राजेंद्र यादव 2009 में आर्मी में भर्ती हुए थे। पढ़ाई लिखाई गांव के ही स्कूल में हुई थी। अभी एक महीने पहले ही छुट्टी लेकर घर आए थे और सबसे मिल कर गए थे। बच्चों से वादा करके गए थे कि छुट्टी मिलते ही घर आऊंगा। मृतक राजेंद्र यादव तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। इनके बड़े भाई राज यादव भी आर्मी में इस समय दिल्ली में तैनात हैं। पिता रामसकल यादव ने बताया कि पुत्र राजेंद्र का बचपन से ही आर्मी में भर्ती होने का सपना था। उस समय काफी खुशी हुई थी, लेकिन आज पुत्र के निधन की सूचना मिलते ही पूरे परिवार के लोगों के आंखों के आंसू नहीं रुक रहे हैं। पत्नी रीता देवी, मां नागेश्वरी देवी के रोने- बिलखने से गांव में चीख- पुकार मची हुई थी।

## ख़ास ख़बर

### उद्यान मंत्री करेंगे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण एवं राहत सामग्री का वितरण

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो गोंण्डा।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह *कल (28 अगस्त) को दोपहर 3 बजे तरबगंज पहुंचकर बाढ़ प्रभावित नवाबगंज तथा वजीरगंज क्षेत्र का निरीक्षण एवं बाढ़ प्रभावितों को राहत सामग्री का वितरण करेंगे। इसके बाद वह तरबगंज में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रभावितों को राहत सामग्री वितरण व अन्य सुरक्षा उपायों के संबंध में समीक्षा बैठक करेंगे।

### बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया माँ पद्मावती का जौहर

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** अयोध्या मित्र मंच के संयोजक शरद पाठक बाबा के संयोजकत्व में माँ पद्मावती का जौहर यहां बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और दीपदान किया गया। मुख्य अतिथि में राम मंदिर आंदोलन में 2 नवम्बर 1990 को शहीद हुए कोलकाता के कोठारी बन्धु राम कुमार व शरद कुमार कोठारी की बड़ी बहन पूर्णिमा कोठारी रही व विशिष्ट अतिथि पश्चिम बंगाल की बीजेपी की प्रदेश महिला मोर्चा की सचिव सीमा सिंह रही। मुख्य अतिथि पूर्णिमा कोठारी ने मां पद्मावती के शौर्य वीरता व नारी शक्ति को नमन करते हुए उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। कहा कि खुद बलिदानी परिवार से हूं। मेरे दोनों भाई राम मंदिर आंदोलन में शहीद हो गए। उन्होंने कहा अब राम मंदिर बन रहा है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को साधुवाद दिया। मित्रमंच के संयोजक और आयोजक शरद पाठक बाबा ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने घोषणा की कि शहीद कारसेवकों की स्मृति में पवित्र सरयू तट पर अपने निजी खर्चे से स्मारक का निर्माण करायेंगे। युवा समाज सेवी यश पाठक ने सभी का स्वागत किया।

### सपाइयों ने महंत राजूदास पर बोला तीखा हमला

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** शहर स्थित एक होटल में समाजवादी महिला सभा की ओर आयोजित पत्रकार वार्ता में सपाइयों ने महंत राजूदास पर तीखा हमला बोला। हनुमानगढ़ी के महंत राजूदास के अभद्र बयानों को लेकर समाजवादी पार्टी ने तीखे तेवर अख्तियार कर लिए हैं। पार्टी ने कहा है कि हनुमानगढ़ी ही नहीं अयोध्या से भी कथित महंत को बेदखल किया जाए। इसके अलावा एफआईआर दर्ज न होने पर सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी है। सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन के नेतृत्व में एसएसपी से मिलेगा। । महिला सभा की महानगर अध्यक्ष अर्पणा जायसवाल ने कहा कि कथित महंत अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं और उन्हें अपना इलाज कराना चाहिए। कहा कि ऐसे व्यक्ति को हनुमानगढ़ी और अयोध्या में भी रहने का अधिकार नहीं है, तत्काल उन्हें वहां से हटाया जाए। उन्होंने कहा कि उन्होंने रविवार को वीडियो के जरिए माफी मांग साबित कर दिया शनिवार को वायरल वीडियो उन्हीं का था और कदापि एडिट नहीं था। उन्होंने कहा कि माफी मांगने से महिला समाज पर की गई उनकी अभद्र टिप्पणी का अपराध कम नहीं हो जाता है। अध्यक्ष ने कहा कि तहरीर पर अब तक केस नहीं दर्ज किया गया है और न ही गिरफ्तारी की गई है। यदि शीघ्र केस दर्ज कर गिरफ्तारी नहीं होती तो शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। महिला सभा ने यहां तक कहा कि उनकी सिफलिस की बीमारी के साक्ष्य मौजूद हैं, उन्हें इस पर हाईपर न होकर इलाज कराना है। सभा ने कहा कि उन्हें रक्तदान करने से भी तत्काल प्रतिबंधित करना चाहिए वर्ना और लोग भी शिकार हो सकते हैं।

### गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** स्थानीय पुलिस ने 27 अगस्त 2023 शनिवार सुबह 11:30 महादेव घाट बंधा के पास से मुखबिर की सूचना पर गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस बरामद गांजा को कब्जे में लेकर गिरफ्तार युवक के खिलाफ विधिक कार्रवाई में जुटी है।थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि गोसाईगंज कस्बा पुलिस को देखते ही युवक भागने का प्रयास किया। पुलिस कर्मियों ने उसे पकड़ कर पूछताछ की, तो उसने अपना नाम विनय कुमार उर्फ बब्बू सिंह पुत्र राजकुमार निवासी अंकारीपुर पुरौवा थाना गोसाईगंज जिला अयोध्या बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से 12.30 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी ने बताया कि वह गांजा सप्लाई करने आया था। एसओ ने बताया कि बरामद गांजे को कब्जे में लेकर गिरफ्तार युवक के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, उ0नि0 सतीश चन्द्र,का0 अनुराग कुमार का0 सतीश चन्द्र का0 नरेन्द्र कुमार ने किया।

### अध्यक्ष श्याम बहादुर ठाकुर की अध्यक्षता में हुई बैठक

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** सर्किट हाउस में भाजपा हिंदुस्तान पिछड़ा मोर्चा के द्वारा लोकसभा 2024 तैयारी के लेकर अध्यक्ष श्याम बहादुर ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नानक भुर्जी रहे बैठक में श्याम बहादुर ठाकुर के सभी कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सर्व समाज की हितैषी पार्टी है सरकार के द्वारा कार्यों को लेकर व सरकार के द्वारा जन कल्याण की योजना जन-जन तक पहुंचाने की आवाहन किया जिसे भारतीय जनता पार्टी 2024 का लक्ष्य पूरा हो सके इस मौके पर उक्त अवसर पर विभिन्न जनपदों तहसीलों से आए अभिषेक शर्मा प्रधान प्रतिनिधि कल्यान पुर विनोद शर्मा मनोज गुप्ता मनमोहन निषाद यमुना प्रसाद शर्मा बस्ती दीपक शर्मा प्रेम शर्मा साजन शर्मा विनोद शर्मा राष्ट्रीय सचिव मनमोहन केवट जिला संगठन मंत्री मौजूद रहे ।

# आपदा में अवसर तलाश रहे पटवारी-प्रधान के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन





**नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा।** नवाबगंज माझा क्षेत्र के दत्त नगर, साखीपुर, तुलसीपुर, दुर्गागंज, गोकुला, बाणी माझा आदि गाँव को जहां सरयू नदी की बलखाती लहरों ने अपने आगोश में ले रखा है। बाढ़ के विकराल रूप धारण करने से लोगों का जन-जीवन दुष्कर हो चला है। बाढ़ग्रस्त गाँवो से लोग पलायन कर उंचे स्थानों पर अपना अस्थायी आशियाना तैयार करने लगें हैं। ऐसे में तेज तर्रार जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बाढ़ पीड़ितों की राहत एवं बचाव के लिए जिले के संबधित विभागों को एलर्ट मोड पर रखा है।लोगों आवागमन के लिए नावों की व्यवस्था और भोजन के राहत किट, दवायें आदि जरूरत के अनुसार वितरित किए जा रहे हैं। क्षेत्र के दत्त नगर गाँव के 550 बाढ़ पीड़ितों को भी बीते शुक्रवार को उपजिलाधिकारी तरबगंज भारत भार्गव की मौजूदगी में राहत किट का वितरण किया गया था जिस पर अब गाँव के अन्य बाढ़ पीड़ितों ने सवाल खड़े किए हैं। गांव की बुजुर्ग विधवा महिला मीरा ने बताया कि उसके घर में खाने के लिए एक दाना भी शेष नहीं है, घर में पानी भरा हुआ है लेकिन राहत सामग्री के वितरण की सूचना उसे किसी ने दी है। गांव के ही पवन का कहना है कि उसकी फसल बाढ़ में बह गई घर में भी पानी भरा है लेकिन जाति विशेष के लोगों को ही राहत सामग्री दी गई है। विधवा महिला अनारा का आरोप है कि सिर्फ जाति विशेष के लोगों को राहत सामग्री दी गई है जबकि उसके घर में भी पानी भरा हुआ है अनाज, जूता, चप्पल कुछ नहीं बचा है लेकिन ग्राम प्रधान पुल्लन देवी के द्वारा हम लोगों को सूचित नहीं किया गया। 80 वर्षीय महिला मुरैला ने बताया कि प्रधान प्रतिनिधि राजाराम यादव ने अपने चहेतों को राहत सामग्री दिलाई है जिसमें उनके 04 सगे भाई भी शामिल हैं।जबकि प्रधान प्रतिनिधि के दो सगे भाई रामकुमार और हरिकेश सफाईकर्मी हैं। 90 वर्षीय बुजुर्ग शंकर गुप्ता ने कहा कि स्थानीय लेखपाल ओमप्रकाश वर्मा आज तक हमारे मजरे में झांकने तक नहीं आये। वितरण प्रणाली की निष्पक्षता और लेखपाल एंव प्रधान प्रतिनिधि की सांठगांठ से आक्रोशित गाँव के लालता, रूपा, लक्ष्मी, रमकला, शिल्पा, शीला, निरंजन, सुमन, मुन्नी, मंगरू, खुशीराम, शिव शंकर, सिरताज, लाल मोहम्मद, तौफीक सहित दर्जनों लोगों ने रविवार को प्रदर्शन किया है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी तरबगंज भारत भार्गव ने कहा कि यदि किसी के द्वारा अनुचित तरीके से लाभ लिया गया है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## आंगनबाड़ी केंद्र पर बंटने की जगह बिकने जा रहे राशन को पुलिस ने पकड़ा





**नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा।** नवाबगंज क्षेत्र के दत्त नगर गाँव के आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों को वितरित होने की जगह बिकने के लिए जा रहे राशन को पुलिस ने पकड़ लिया है। रविवार को दत्तनगर गाँव निवासी रोशन सिंह द्वारा शिकायत की गयी की गांव के कोटेदार ने आंगनबाड़ी केंद्र पर जीरो से 06 वर्ष के बच्चों को वितरित करने के लिए राशन दिया गया था जोकि बिक्री के लिए नवाबगंज बाजार जा रहा है। शिकायत पर सक्रिय हुई पुलिस ने कस्बे के कन्या इंटर कॉलेज के सामने एक टैंपू पर टैग लगा सरकारी राशन पकड़ा लिया। सूचना मिलने पर पंहुचे नायब तहसीलदार रंजन वर्मा ने बताया कि दत्तनगर की आंगनबाड़ी कार्यकत्री सलमा को यह राशन कोटेदार द्वारा बच्चों में वितरित करने के लिए दिया गया था। टैंपू में 06 बोरी सरकारी चावल और एक गेंहू की बोरी मिली है। इस संबध में सीडीपी रिपोर्ट तलब की गई है।

## अवैध असलहा बनाने की फैक्ट्री का भण्डाफोड़, 4 अभियुक्त गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो गोंण्डा।** गोंण्डा पुलिस अधीक्षकअंकित मित्तल ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध शस्त्र के निर्माण, बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों को दिये थे जिसके क्रम में थाना को0मनकापुर व स्वाट की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांक 26/27.08.2023 की रात्रि को थाना को0मनकापुर व स्वाट की संयुक्त टीम क्षेत्र भ्रमण में रवाना होकर थाना क्षेत्र के पीलखाना तिराहे के पास मौजूद थी कि जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बड़कामऊ में निर्मल कोरी के मडहे में अवैध शस्त्र बनाने का कार्य चल रहा है। इस सूचना पर पुलिस बल द्वारा मौके पर पहुँचकर दबिश देकर 04 अभियुक्तों-01. मो0 शब्बीर, 02. सुबेदार शेख, 03. शिवम यादव, 04. विश्राम यादव को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 02 अदद अवैध तमंचा 12 बोर, 01 अदद अर्द्धनिर्मित तमंचा 315 बोर व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये गये। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग निर्मल कोरी के साथ मिलकर अपने भौतिक एवं आर्थिक लाभ हेतु अवैध तमंचा बनाने व बिक्री करने का काम किया करते है। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना को0मनकापुर में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

# अमर शहीद कोठारी बन्धुओं की बहन पूर्णिमा कोठारी मुख्य अतिथि के तौर पर किया कार्यक्रम का उदघाटन





**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** अयोध्या जनपद के बेनीगंज स्थित बिमला भवन में आयोजित पिछले पांच वर्षों की भांति इस वर्ष भी मां पद्मावती व 16000 वीरांगनाओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए मित्र मंच प्रमुख शरद पाठक बाबा जी के निर्देश पर अयोध्या में 16000 दीपों से दीपदान करके श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर अमर शहीदकोठारी बन्धुओं की बहन पूर्णिमा कोठारी शामिल हुए।इस दौरान पद्मावती व 16000 वीरांगनाओं की वीरता को नमन किया जाएगा। यह पूरा कार्यक्रम अयोध्या स्थित विमला भवन गेस्ट हाउस में बलिदान दिवस मनाया गया।अयोध्या में मित्र मंच के कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम स्थल पर व अपने-अपने भवनों में 16000 दीप प्रज्वलित किए। इसी क्रम में हिंदुस्तान के 15 राज्यों में और विश्व के कई देशों में मित्र मंच के कार्यकर्ताओं द्वारा मां पद्मावती व 16 हजार वीरांगनाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गईं वही मित्र मंच प्रमुख शरद पाठक बाबा ने कहा कि विदेशी आक्रांताओं द्वारा हिंदुस्तान की संस्कृति,इतिहास व सनातन धर्म को नष्ट करने का लगातार प्रयास किया गया था। इस मौके पर बंगाल प्रदेश से भाजपा महिला मोर्चा सचिव श्रीमती सीमा सिंह,श्रीमती लता सिंह, श्रीमती मालती सिंह, श्रीमती मीना सिंह, श्रीमती रीना सिंह तथा भाजपा नेता यश पाठक बाबा, आशुतोष तिवारी अनिल पांडे , धर्मेंद्र गुप्ता शिव शर्मा,आकाश यादव,रवि विश्वकर्मा, रजत पांडे, ऋषभ पांडे, समर्थ ओझा,उत्कर्ष सिंह प्रखर, प्रिंस,सुनील पांडे,कैफ मोहम्मद आरिश, शिवम पांडे सुरेंद्र यादव,लवकुश चौरसिया, शिवम उपाध्याय इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का योगदान रहा।

### वंचित वर्ग के बच्चों के साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** रक्षाबंधन पर्व के शुभ अवसर पर अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अयोध्या के जयसिंहपुर वार्ड के मलिन बस्ती में वंचित वर्ग के सैकड़ो बच्चों के साथ रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि अनूप कुमार तोलानी समाजसेवी लखनऊ तथा अतिथि डॉक्टर जावेद अख्तर राम बहल निरंकार अग्रवाल प्रीतम सिंह डीएन वर्मा श्रीमती मीनू कपूर ने वंचित वर्ग की बेटियों से रक्षा सूत्र बंधवा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट जिन मलिन बस्तियों के बच्चों के बीच में पहुंचकर या कार्यक्रम आयोजित कर रहा है या अपने आप में एक ऐतिहासिक कदम है ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में आदर्श संस्कार व शिक्षा के प्रति जागरूकता की बहुत ही ज्यादा आवश्यकता है हम सब मिलकर इनको शिक्षित कर पावे यही हमारे भारत का भविष्य होगा तथा यही हमारा असली भारत है विशिष्ट अतिथि अनूप कुमार तोलानी समाजसेवी लखनऊ तथा संरक्षक अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट ने अपने संबोधन में कहा कि समाज सेवा का क्षेत्र असली यही है ट्रस्ट को ऐसे आयोजन बढ़-चढ़कर करने की आवश्यकता है जिससे भीख मांगने वाले परिवार के बच्चों में देश के प्रति शिक्षा के प्रति जागरूकता पैदा हो सके ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम आयोजित करके अपार खुशी प्राप्त होती है कार्यक्रम में बच्चों को अपना स्कूल के संचालकरंजीत यादव खाकी गुरु के द्वारा जो स्कूल चलाया जा रहा है।

### अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग फिल्म महोत्सव

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** वाराणसी के बी.एल.डब्ल्यू सिनेमा हॉल में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग फिल्म महोत्सव प्रथम बार आयोजित किया गया जिस के मुख्य अतिथि महामहिम लक्ष्मण आचार्य जी राज्यपाल सिक्किम थे आयोजक उत्तम ओझा एवं चंदन रेमंडस थे। इस फिल्म महोत्सव में जन विकास समिति एवं ब्रदरहुड नई दिल्ली का भी सहयोग रहा। इस प्रकार का महोत्सव बहुत कम होते हैं प्रथम बार किसी ने करने की हिम्मत करी। इस महोत्सव में इटली ,नीदरलैंड ,तमिलनाडु ,कोलकाता , बनारस ,नई दिल्ली ,अयोध्या आदि विभिन्न स्थानों पर दिव्यांगों पर बनी फिल्म दिखाई गई जिसमें लोगों ने देखा कि किस प्रकार दृष्टिहीन होते हुए भी दृढ़ इच्छाशक्ति से डॉक्टर बन सकते हैं किस प्रकार मूकबधिर होकर भी स्पोर्ट्स में जूडो चैंपियन बन सकते हैं तो किस प्रकार हाथ व पैर से विकलांग बच्चे पढ़ लिखकर प्रोफेसर व अन्य पदों पर आसीन हो सकते हैं। यह फ़िल्म महोत्सव जन समाज को दिव्यांगों के विषय में काफी जागरूक कर रहा था इसके माध्यम से दिखाया गया कि आप दिव्यांगों को कमजोर ना समझे। इस महोत्सव में आपके जिले की फिल्म "साइलेंट" जो कि मुस्कान पुनर्वास केंद्र कनीगंज में बनी है तथा विद्यालय के मूक बधिर बच्चों ने ही रोल किया है बचपन का रोल जिग्नेश सोनी तथा युवा का रोल अरुण यादव ने किया है। 20 मिनट की डॉक्यूमेंट्री फिल्म जब दिखाई जा रही थी तो बार-बार बीच-बीच में ताली बजाकर वहां उपस्थित जनसमूह ने स्वागत किया और फ़िल्म को काफ़ी सराहा। 40 पिक्चर के बीच में "साइलेंट" ने अपना सर्वश्रेष्ठ स्थान बनाया और उसके कलाकार को मंच पर बुलाकर प्रोत्साहित किया गया तथा फिल्म के अंत में आयोजक को मंच पर बुलाकर साक्षात्कार भी किया गया जिसमें डॉक्टर रानी अवस्थी एवं निदेशक तथा प्रोड्यूसर राघवेंद्र अवस्थी एवं बाल कलाकार के रूप में जिग्नेश सोनी उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी की हुई बैठक

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** सपा कार्यालय तारुन पर लोक सभा चुनाव की तैयारियों को लेकर विधानसभा गोसाईगंज के सेक्टर प्रभारियों एवं सेक्टर पर्यवेक्षक की बैठक हुई। सपा नेता भारत वर्मा ने बताया कि अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सियाराम निषाद एव बतौर मुख्यातिथि विधायक अभय सिंह रहे। इस दौरान विधायक श्री सिंह ने कहा कि बूथ संगठन की मजबूती ही चुनावी जीत की आधारशिला रखती है। लोकसभा चुनाव की दुंदुभी कुछ महीने बाद ही बजने बाली है। ऐसे में समाजवादी पार्टी के जुझारू सेक्टर प्रभारियों एवं पर्यवेक्षक कार्यकर्ताओं को सक्रिय होने की जरूरत है। और उन्हें अपने क्षेत्र के बूथों को पूरी तरह सक्रियता प्रदान करने की जरूरत है। हर कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होता है। सक्रियता ही पार्टी की पहचान है। बूथों के निष्क्रिय पदाधिकारियों के स्थान पर गांव के सक्रिय युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें। जिससे संगठन मज़बूत हो।

### अयोध्या के सावन झूला मेले में स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य व स्वच्छता के किए व्यापक प्रबंध

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** श्रीराम चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय व राजर्षी दशरथ मेडिकल कालेज में बनाए गए हैं 10-10 बेड के रिजर्व वार्ड मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अयोध्या के सावन झूला मेला मे देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवा व स्वच्छता उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। स्वास्थ्य विभाग ने मेला क्षेत्र में स्वच्छता के लिए व्यापक व्यवस्था की हैं। मेला अधिकारी डा राम मणि शुक्ला ने बताया मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार जैन के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य सेवा व स्वच्छता के व्यापक प्रबंध किए हैं। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में 15 स्थान पर मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवा देने के लिए अस्थाई चिकित्सालयों की व्यवस्था की है। पक्का घाट पर आठ बेड का अस्थाई चिकित्सालय बनाया गया है। इसके अलावा राम की पैड़ी में विकास प्राधिकरण के पास, बंधा तिराहा, कंट्रोल रूम, नागेश्वर नाथ ,साकेत पेट्रोल पंप अंडरपास के नीचे, कनक भवन, राम जन्मभूमि, हनुमानगढ़ी, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन, दशरथ महल, हनुमान गुफा, कच्चा घाट, झुंकी घाट, बंधा तिराहा पर अस्थाई चिकित्सा शिविर स्थापित किए गए हैं। जो 24 घंटे संचालित किए जा रहे हैं। किसी भी आपदा से निपटने के लिए मेला क्षेत्र में 10 एम्बुलेंस लगाई गई हैं। दो एंबुलेंस हर समय कंट्रोल रूम में रिजर्व रखी रहती है। इसके अलावा आठ एंबुलेंस को मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर लगाया गया है।

**आयोजन** नवाबगंज कस्बे के विभिन्न मंदिरों में पवित्र सावन माह में विविध आयोजन वर्षों से किए जा रहे

# सावन झूलनोत्सव के उपलक्ष में शिव महापुराण का हुआ शुभारंभ





**नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा।** नवाबगंज कस्बे के विभिन्न मंदिरों में पवित्र सावन माह में विविध आयोजन वर्षों से किए जा रहे हैं। विशेषकर सावन मास में परंपरागत रूप से झूलन उत्सव का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी झूलन उत्सव का आयोजन किया गया है।कस्बे के जवाहर चौक स्थित श्री राम जानकी मंदिर में राकेश कुमार शाह के संयोजन में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया।मंदिर झूलन उत्सव भी किया जा रहा है जिसमें में भगवान झूलन पर पधार कर भक्तों को दर्शन का लाभ दे रहे हैं। इसी अवसर पर अयोध्या धाम के प्रसिद्ध कथा व्यास पूज्य अमरेश्वरानंद जी महाराज के मुखारविंद से श्री शिव महापुराण के कथा का प्रसंग सभी भक्तों को सुनाया जा रहा है। इस कथा प्रसंग ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस में कथा व्यास ने बताया व्यक्ति के जन्म से मृत्यु तक 16 संस्कार होते हैं। जिसका विस्तार पूर्वक वर्णन भी उन्होंने किया।कथाव्यास ने गर्भाधान संस्कार तथा 12 ज्योतिर्लिंग की कथा का भी विस्तार पूर्वक वर्णन किया। शिव विवाह का जीवंत झांकी के माध्यम से प्रसंग सुन सभी श्रोता आनंदित होकर नृत्य करके अपने भाव को प्रकट कर रहे थे। कथा में मुख्य यजमान के रूप में नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी व समाजसेवी श्री राकेश कुमार शाह मीरा देवी शाह ने विधिवत वैदिक आचार्य के द्वारा पूजन अर्चन कर कथा का शुभारंभ किया । इस अवसर पर ज्योतिष कुमार, गोविंद शाह ,पुरुषोत्तम ,आशुतोष, प्रिंस, गौरव, अजय गुप्ता , अशोक गुप्ता जी, विष्णु बाबू,राम शंकर गुप्ता, अगम प्रकाश,अजय गुप्ता , शिवम् गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सैक्सेड सीमेन इस्तेमाल कर प्रगतिशील पशुपालक की होगी आय में तिगुनी वृद्धि

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** मिल्कीपुर-अयोध्या ।मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना कृत्रिम गर्भाधान से संबंधित कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें विशेष रूप से वर्गीकृत सीमन से पशुओं को गर्भाधान कराने पर बल दिया गया। वर्गीकृत सीमेन के प्रयोग से 90 प्रतिशत उत्कृष्ट बछिया ही उत्पन्न होती है तथा पशुपालक को प्रतिवर्ष दुग्ध उत्पादन में 15 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ साथ 40 प्रतिशत निराश्रित गोवंशों की संख्या में कमी आएगी।उत्तर प्रदेश पशुधन विकास परिषद लखनऊ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ नीरज गुप्ता ने बताया कि कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता द्वारा समयवद्ध प्रविष्टि भारत पशुधन एप पर करने से रुपए 250 से रुपए 350 तक प्रति संतति प्रोत्साहन राशि मिलती है एवं 2 महीने के अंदर गर्भ परीक्षण कर पशुपालक द्वारा पूरी ब्याय का 20 से 25% दूध बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने अमूल क्रांति एवं एनडीडीबी का अनुभव सांझा किया और सभी पशु चिकित्सा विद को पशुपालन की बारीकियों पर काम कर भविष्य में दुग्ध उत्पादकता वृद्धि पर गंभीर होकर योजना पर अमल करने की अपील की।

# 25,000 का इनामिया शातिर चोर गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो गोंण्डा।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने जनपद मे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुरस्कार घोषितकाफी लम्बे समय से फरार वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों को दिए थे। जिसके क्रम में थाना छपिया पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना छपिया पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर चिकमंडी मसकनवा से लगभग 08 माह से फरार शातिर चोर अभियुक्त मो0 इरसाद को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा ने रू0 25,000/- का पुरस्कार घोषित किया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना छपिया पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

### मारपीट का मुकदमा दर्ज

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। हैदरगंज।** अयोध्या ओदी रतनाथपुर में हुई मारपीट एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज । चोटहिल को डंडे से पीटते पिता का वीडियो वायरल हुआ है थाना क्षेत्र हैदरगंज अंतर्गत ओदी रतनापुर गांव निवासी ग्रामीण अंशु विश्वकर्मा, रोवेस गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव निवासी मनदीप पुत्र राम धीरज आए दिन शराब के नशे में लोगों को गाली गलौज देता रहता है । बीते शुक्रवार की रात में वह दोनों लोग भीटी बाजार से घर आ रहे थे गांव के पास ही मनदीप ने शराब के नशे में गाली गलौज करना शुरू कर दिया । इससे भी जी ना भरा तो गला दबाकर मारने पीटने लगा । गोहार सुनकर पहुंचे लोगों के साथ ग्राम प्रधान राकेश पाठक ने छुड़ाना चाहा तो गाली गलौज देते हुए ग्राम प्रधान के शर्ट को फाड़ दिया । वही मौके पर पहुंचे मनदीप के पिता रामधीरज ग्राम प्रधान से किसी तरह छुड़ाकर धकेलते हुए मनदीप को दूर ले जाकर डंडे से पिटाई कर दिया ।। जिसका मौके पर मौजूद लोगों ने वीडियो बनाकर वायरल भी किया है । वहीं हैदरगंज पुलिस ने मनदीप के शिकायती पत्र पर मुकदमा दर्ज कर अंशु विश्वकर्मा, रोवेश गुप्ता सहित एक अन्य को शांति भंग में चालान भी कर दिया ।

## ख़ास ख़बर

### मधुपुर आरपीएफ ने रेल यात्री का खोया हुआ मोबाइल सौंपा



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मधुपुर/देवघर** । सियालदह बलिया एक्सप्रेस ट्रेन में सफर कर रहे एक रेल यात्री का 18 हजार का मोबाइल मधुपुर स्टेशन से ट्रेन खुलने के बाद खिड़की से बाहर गिर गया। बताते चलें कि ट्रेन मधुपुर से रवाना हुई कुछ दूरी के बाद रेल यात्री ने जैसे अपना मोबाइल चलाने के लिए निकाला, उसके हाथ से खिड़की से बाहर गिर गया। जिसकी सूचना रेल यात्री ने जसीडीह आरपीएफ को दिया। जसीडीह आरपीएफ ने तुरंत इसकी सूचना मधुपुर पोस्ट को दी। सुचना मिलते ही आरपीएफ मधुपुर ने रेलवे ट्रैक से मोबाइल बरामद कर द्वारा रेल यात्री को सकुशल सौंप दिया ।आरपीएफ ने बताया कि 13105अप सियालदह बलिया एक्सप्रेस से रवि शंकर यादव पुत्र पंचदेव यादव सा० सुरहिंया पोस्ट सहतवार थाना सहतवार तहसील बांसडीह जिला बलिया (उ०प्र०)का निवासी सफर के दौरान जैसे ही मधुपुर से ट्रेन खुली। कुछ ही दूरी पर अपना मोबाइल से बात करने के क्रम में उसका मोबाइल खिड़की से गिर गया था। आरपीएफ ने सभी कानूनी औपचारिकता पूरी करती हुए मोबाइल रेल यात्री को सौंप दिया। रेल यात्री ने मधुपुर आरपीएफ की इस कार्य शैली को देखते हुए धन्यवाद दिया।

### इंटर कला और विज्ञान संकाय में दो-दो यूनिट सीट बढ़ाने को लेकर प्रभारी प्राचार्य को सोंपा ज्ञापन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मधुपुर/ देवघर** ।

मधुपुर महाविद्यालय में झारखंड छात्र मोर्चा एवं झारखंड युवा मोर्चा की ओर से इंटर कला और विज्ञान संकाय में दो-दो यूनिट सीट बढ़ाने का मांग किया गया। जैक अध्यक्ष को मधुपुर प्रभारी प्राचार्य के द्वारा ज्ञापन सोंपा गया। मौके पर उपस्थित जिला उपाध्यक्ष उम्र बंटी, छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष अमित राणा, संजय रावत प्रकाश यादव, शाहनवाज नूर, निर्मल यादव, आदि छात्र उपस्थित थे।

### डुमरी उप चुनाव में नाला के दर्जनों कार्यकर्ता रवाना



**दैनिक शुभ भास्कर सुष्मिता कुमारी नाला /जामताड़ा** । डुमरी उप चुनाव के प्रचार प्रसार को लेकर नाला के जेएमएम केन्द्रीय समिति सदस्य सलीम जहांगीर, युवा नेता सफीक अंसारी, विधायक प्रतिनिधि वासुदेव हांसदा, हातिम अंसारी, मुकेश झा आदि नेताओं ने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ डुमरी उपचुनाव में प्रचार प्रसार हेतु रवाना हुए । इस संबंध में केन्द्रीय समिति सदस्य सलीम जहांगीर ने जानकारी देते हुए बताया कि डुमरी उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी बेबी देवी के चुनाव प्रचार को लेकर उक्त स्थल पर आयोजित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जनसभा में भी शामिल होंगे। साथ ही डुमरी विधानसभा क्षेत्र के चैनपुर, लटकादो, पिपराडीह आदि दर्जनों गांव में झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी के समर्थन में प्रचार प्रसार किया जायेगा। क्षेत्र भ्रमण तथा प्रचार प्रसार के दौरान काफी लोगों का समर्थन प्राप्त हुआ।

# नेशनल स्पोर्ट्स डे पर जामताड़ा में बच्चों ने निकाली साइकिल रैली, लोगों को किया जागरूक



**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा** । अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच जिला शाखा की ओर से रविवार को नेशनल स्पोर्ट्स डे पर जामताड़ा में बच्चों की साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस रैली में भाग लेने वाले बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। जामताड़ा के गांधी मैदान से बच्चों के लिए साइकिल रैली निकाली गई और बाजार भ्रमण करने के बाद इसकी समाप्ति हुई। इस दौरान बच्चों ने लोगों के बीच अच्छा स्वास्थ्य और स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया। इसके बाद अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के जामताड़ा शाखा अध्यक्ष की ओर से रैली में शामिल बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष विक्की नारनोलिया ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 27 अगस्त को पूरे देश भर में स्वच्छ भारत और फिट इंडिया बनाने के उद्देश्य से एक साथ बच्चों की रैली निकाली जाती है। जिसके तहत जामताड़ा में साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

## संथाल परगना शौंडिक समिति की बैठक,सुड़ी मंडल समाज के हजारों लोग हुए सम्मिलित



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मधुपुर/ देवघर** । संथाल परगना शौंडिक समिति द्वारा फ़ागो गांव में सुडी- मंडल समाज की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता फुलधारी मंडल ने की। इस बैठक में संथाल परगना क्षेत्र के सैकड़ो गांव के सुड़ी मंडल समाज के हजारों लोग सम्मिलित हुए।बैठक में 11 सूत्री प्रस्ताव पर विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया। जिसमे बाल विवाह का पर रोक,दहेज प्रथा पर लगाम लगाना , विवाह में फिजूल खर्ची पर लगाम , विवाह में बारात की संख्या में कमी करना, विधवा-विधुर विवाह व संतानहीन विधवा को अपने समाज मे ही विवाह के लिए मान्यता,बिना किसी कारण के पुनर्विवाह व दूसरी शादी पर रोक आदि विचारों पर गहन चिंतन और मंथन के बाद सटीक निर्णय लिया गया।इसे पूरे समाज में लागू करने का समिति के पदाधिकारीयों ने निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी इन नियमों और निर्देशों का पालन नहीं करेगा उनके विरुद्ध अर्थ दंड सहित सामाजिक बहिष्कार जैसी कार्यवाही की जाएगी।इसके अलावा लिंगानुपात की समस्या से निपटने के लिए लड़कियों की कमी को देखते हुए अपने समाज की शाखा को छोड़कर अन्य शाखा को अपनाने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए 101 सदस्यों की केंद्रीय समिति का गठन किया। जिसके अध्यक्ष फूलधारी मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष शंकर मंडल, महामंत्री मनोज मंडल ,महासचिव नरेश चंद्र मंडल का सर्वसम्मति से चयन किया गया। इसके अलावा समिति में चार संगठन सचिव, चार सचिव, दो उपाध्यक्ष ,तीन कोषाध्यक्ष मनोनीत किए गए। मौके पर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विष्णु मंडल, मुकेश मंडल, उमेश मंडल, पिंकू मंडल, श्याम मंडल, विनोद मंडल ,मोहित मंडल की भूमिका सराहनीय रही।

## बाबूलाल मरांडी ने सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं संग सुनी मन की बात कार्यक्रम



**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा** । झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा के दूसरे चरण में जामताड़ा पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ पीएम मन की बात कार्यक्रम सुनी। साथ ही पीएम मन की बात कार्यक्रम को काफी सफल बताया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश का मान-सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बढ़ा है। विदित हो कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी संभालने के बाद बाबूलाल मारांडी अपने पुराने राजनीतिक गढ़ संथाल परगना के साहिबगंज से संकल्प यात्रा की शुरुआत की थी ।इस यात्रा के दूसरे चरण में बाबूलाल मरांडी जामताड़ा पहुंचे। शनिवार को जामताड़ा पहुंचकर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने नाला विधानसभा क्षेत्र में सभा को संबोधित किया और रात्रि विश्राम जामताड़ा में किया। वहीं दूसरे दिन संकल्प यात्रा के दौरान जामताड़ा सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं से मिलकर संगठन और पार्टी के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने और आगे की रणनीति को लेकर चर्चा की। बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को काफी सफल बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम से लोगों की भावना से अवगत होते हैं। सभी क्षेत्र में लगे लोगों को आगे बढ़ाने का काम करते हैं और जागरूक करते हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 घंटे देश की सेवा और जनता की सेवा में लगे रहते हैं। विदेशों में रहकर भी देश के लोगों के लिए काम करते हैं। इसरो द्वारा चांद में चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग को लेकर चर्चा की और कहा कि प्रधानमंत्री विदेश से लौटकर सबसे पहले इसरो के वैज्ञानिकों के पास गएऔर उनका हौसला बढ़ाया।

# बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बालेश्वर प्रसाद सिंह ने आनन्द लॉ इंस्टीट्यूट का किया उद्घाटन

**दैनिक शुभ भास्कर प्रेम रंजन झा देवघर** । रविवार को बेलाबगान में बचपन प्ले स्कूल के कैंपस में आनंद लॉ एल एल पी एवम क्लैट डी यू एल एल बी की की पढ़ाई के लिए एक सुव्यवस्थित संस्थान का उद्घाटन किया गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बालेश्वर प्रसाद सिंह, सेक्रेटरी कृष्णधन खवारे, कोषाध्यक्ष विजय कौशिक द्वारा किया गया। मौके पर शहर के सारे सामाजिक न्याय प्रिय लोग उपस्थित थे। आर के मिशन के जयंता जी महाराज, बजला कॉलेज की सुचिता कुमारी, रेड क्रॉस के जीतेश राजपाल, चैंबर ऑफ कॉमर्स के रवि केशरी, आलोक कुमार मलिक, सीमा सिंह, संजीत कुमार सिंह, जी ग्रुप के संजय मालवीय, वीरेंद्र सिंह, ऋषि राज, लायंस क्लब से शेखर ड्रोलिया, अरुण शाह, उमेश राजपाल, संजय ड्रोलिया, गिरिडीह से सलूजा गोल्ड के अमरजीत सिंह, प्रदीप डोकानिया, संजय खेतान, रीजन चेयरपर्सन लायंस क्लब, इनर व्हील की सारिका साह, विनीता मिश्रा, जैन बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद जैन, पीयूष जैसवाल, हरे कृष्ण रॉय, विपुल मिश्रा, एडवोकेट इशिका भारद्वाज, कुमार आनंद, जूही, शीतल, किरण वाला झा,नरेंद्र पंजियारा, उमाकांत सिंह,भारतेंदु डूबे ,सारे लोगो ने संस्थान के द्वारा इस सेवा की शुभकामनाएं दी और कहा की आज के समय में इसकी बहुत जरूरत थी । युवाओं को इस कोर्स से बहुत लाभ होगा । बच्चियों में बहुत उत्साह का माहोल देखा गया ।अब उन्हें देवघर से बाहर जाकर



ये पढ़ाई पूरी करने की जरूरत नहीं है।आनंद लॉ की कोऑर्डिनेटर रूपश्री ने सभी को हार्दिक आभार व्यक्त किया एवम संस्थान की गुणवक्ता बनाए रखने की अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

## पार्श्व गायक मुकेश कुमार की याद में कार्यक्रम हुआ आयोजित




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मधुपुर/ देवघर** । शनिवार को मधुपुर कालीमंडा रोड स्थित होटल आदिति इन के सभागार में पार्श्व गायक मुकेश कुमार की याद में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । गौरतलब हो 27 अगस्त 1976 को मशहूर गायक मुकेश कुमार का निधन हुआ था । इसी के उपलक्ष्य में मधुपुर के 40 प्लस क्लब एवं रेड सीरीज स्टूडियो के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय कलाकारों के द्वारा जाने कहां गए वो दिन.. कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर अतिथियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य बलबीर राय, मां भगवती हीरो शोरूम के संचालक संजय झा एवं समाजसेवी हेमंत कुमार सिंह रहे । इसके साथ-साथ कार्यक्रम में मधुपुर के संगीत प्रेमी, 40 प्लस क्लब के सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे ।कार्यक्रम का शुभारंभ मधुपुर के प्रसिद्ध गायक मुन्ना आरिफ ने सुहानी चांदनी रातें साथ किया । इसके बाद जयप्रकाश ने डम डम डिगा डिगा.. रेड सीरीज स्टूडियो के संचालक साजिद सलाह ने जीना यहां मरना यहां.. मिस संध्या ने एक प्यार का नगमा है.. सूर्यकांत पाल ने कहीं दूर जब दिन ढल जाए... मो. तारिक ने चंदन सा बदन तथा विनोद यादव ने कभी-कभी मेरे मन में ख्याल आता है.. गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया । कार्यक्रम को सफल बनाने में चंदन गुप्ता, राजकिशोर राजू ,सुरोजित मंडल, जयप्रकाश, साजिद,अविनाश माइकल, रानू, कुंदन, रितेश, तारीख का महत्वपूर्ण योगदान रहा । कार्यक्रम में अतिथियों के साथ 40 प्लस क्लब के रामाशंकर राय, संजीत झा, राकेश झा, गुड्डू वर्मा, पंकज राय, मुन्नीलाल, मंगल यादव, फैयाज अहमद, कन्हैया श्रीवास्तव के साथ समाजकर्मी कुंदन भगत एवं पंकज पियूष मौजूद थे।

## न्यायालय कर्मियों को खिलाई गई आईडीए की दवा



**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा** ।

जामताड़ा के कोर्ट आवासीय परिसर ( ज्यूडिशल कॉलोनी )के कर्मियों के द्वारा आईडीए की दवा खाने की इच्छा बताई गई थी। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामताड़ा के स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा कोट आवासीय परिसर में जाकर वहां के लोगों को आईडीए का दवा खिलाया गया एवं एमपीडब्ल्यू मनोज तिवारी के द्वारा लोगों को यह बताया गया कि आईडीए का कार्यक्रम फाइलेरिया को जड़ से समाप्त करने के लिए हमारे जामताड़ा जिला में एवं झारखंड के कई अन्य जिला में चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम जामताड़ा जिला में 2022 से प्रारंभ किया गया है एवं यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष 10 अगस्त से शुरू होता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को आईडीए प्रोग्राम के प्रति जागरूक करना एवं उन्हें दवा का मुफ्त सेवा प्रदान करना है। लोग इसके प्रति जितना ज्यादा जागरुक रहेंगे।वे खुद ही दवा खाने की इच्छा जाहिर करेंगे। इसलिए उन्हें चाहिए कि वह खुद और अपने पूरे परिवार को दवा का इस्तेमाल करायें एवं अन्य लोगों को इसके प्रति जागरूक करें। स्वास्थ्य विभाग के टीम ने आदित्य बाउरी ,गौतम महतो, रंजन कुमार,अलता कुमारी एवं मंजू कुमारी शामिल थे। कोर्ट परिसर के लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के टीम का काफी सहयोग किया ।

जागरूकता | बाल विवाह लड़के लड़कियों के विकास में बाधक है

# बाल विवाह के विरोध में जन जागरूकता हेतु एक दिवसीय फुटबाल मैच आयोजित

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मधुपुर/ देवघर** । प्रखंड अन्तर्गत दलहा पंचायत के ग्राम जरियाटांड़ मधुपुर में रविवार को बाल विवाह के विरुद्ध जन-जागरूकता हेतु किशोरियों का एक दिवसीय फुटबॉल मैच आशा,रांची के सहयोग से स्वयंसेवी संस्था फूलीन द्वारा गर्ल्स नॉट ब्राइड् के बैनर तले आयोजन किया गया। यह फुटबॉल मैच ग्राम जाभागुड़ी एवं बाघमारा मार्गोमुंडा के किशोरियों की टीम के बीच खेला गया। जिसमें दल्हा पंचायत की मुखिया इंद्राणी देवी, पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, जरियाटांड़ के वार्ड सदस्य सह समाज सेवी असलम अंसारी, मधुपुर नगर पार्षद सदस्य गुड्डू दुबे, वार्ड पार्षद शबाना परवीन, समाजसेवी श्याम, पटवाबाद के पूर्व मुखिया परवेज अंसारी, दलहा के पूर्व मुखिया मकबूल अंसारी, स्थानीय समाजसेवी अलाउद्दीन अंसारी, लुकमान अंसारी, अबू तालिब अंसारी अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों व अतिथियों को संबोधित करते हुए फुलीन संस्था के प्रतिनिधि सिकंदर आलम द्वारा विषय प्रवेश कर गर्ल्स नॉट ब्राइड



द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह जन जागरूकता पर विस्तार से चर्चा किया गया। श्री आलम ने बताया कि बाल विवाह से लड़कियों को जीवन में रक्त अल्पता सहित कई तरह की परेशानियां झेलनी पड़ती है। बाल विवाह लड़कियों को असमय घरेलू जिम्मेदारियों के बोझ से दाब देता है और लड़कों को डिप्रेशन का शिकार बना देता है। जो समाज के लिए अत्यंत घातक है।अतः इसका रोकथाम आवश्यक है। कार्यक्रम के अतिथि गुड्डू दुबे ने कहा कि बाल विवाह लड़के लड़कियों के विकास में बाधक है। अतः इस पर रोक लगाया जाना अति आवश्यक है। कार्यक्रम की अतिथि श्रीमती शबाना ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि बाल विवाह शिक्षा और स्वास्थ्य के विकास में सबसे बड़ा बाधक है। अतः हमें आगे बढ़कर जागरूकता फैलाना है और इस पर रोक लगानी है। समाजसेवी लुकमान अंसारी ने बाल विवाह के विभिन्न कानूनी पहलुओं की सविस्तार चर्चा करते हुए कहा कि बाल-विवाह किशोर-किशोरियों के सर्वांगीण विकास में बाधक है। समाजसेवी अलाउद्दीन अंसारी ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप के साथ-साथ कानूनन जुर्म भी है। संदर्भ व्यक्ति अबू तालिब ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए बताया कि बाल विवाह में शामिल होने वाले सभी लोग अपराधी की श्रेणी में आते हैं । जिनको 2 साल की जेल एवं 10 हजार जुर्माना अथवा दोनों एक साथ लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह हमारे समाज की बुनियाद को कमजोर कर देता है। इसलिए इसे रोकना हम सब का सामाजिक दायित्व है।

# हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर,ऑफिसर बोलते हैं हर महीना रिचार्ज कराना पड़ता है- बाबूलाल मरांडी

दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपनी संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण में जामताड़ा की जनसभा के साथ संथाल परगना के 18विधानसभा क्षेत्र की जनसभा को संबोधित किया। श्री मरांडी ने बारिश के बीच जनसभा में हजारों की संख्या में उनकी बातों को सुनने के लिए उपस्थित होने को संथाल परगना की जनता का हृदय से आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि जनता के स्नेह और समर्थन से संकल्प यात्रा अब जनसंकल्प यात्रा में बदल गई है। श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड राज्य भाजपा नीत अटल सरकार की देन है। भाजपा राज्य गठन से लेकर राज्य के सर्वांगीण विकास केलिए समर्पित है। लेकिन अलग राज्य की लड़ाई का ढिंढोरा पीटने वाले झामुमो कांग्रेस और राजद के लोगों ने क्या किया यह जनता जानती है। ये झारखंड आंदोलन को बेचने और खरीदने वाले लोग है। कोई लाश पर बनने की कसम खाने वाले लोग हैं। शिबू सोरेन को तिहाड़ जेल जाने की कहानी झारखंड की जनता जानती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अलग राज्य भी दिया और गांव ,गरीब,किसान को विकास की मुख्यधारा से भी जोड़ा। 60वर्षों तक कांग्रेस ने गांव में सड़क बिजली नहीं भेजी क्योंकि गांव में गरीब,दलित , पिछड़ा लोग रहते हैं।लेकिन अटल जी की सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांव में विकास की नई क्रांति ला दी। उन्होंने कहा कि अटल जी की सरकार ने संथाली भाषा को 8वीं अनुसूची में जोड़ा,आदिवासी मंत्रालय बनाए।और आज मोदी सरकार ने पिछले 9वर्षों में गांव गरीब किसान के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई।आज केंद्र सरकार में आदिवासी समाज से आजाद भारत के इतिहास में पहली बार 8 मंत्री जनजाति समाज से हैं। भगवान बिरसा की जयंती 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस घोषित हुआ। श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को भारत की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनाकर आदिवासियों का सम्मान बढ़ाया। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में विकास की गाथा लिखी जा रही। दुमका का मेडिकल कॉलेज,





देवघर में एम्स की स्थापना,एयरपोर्ट ,साहेबगंज में बंदरगाह और गंगा पुल का निर्माण मोदी सरकार की देन है। कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को कोरोना से केवल बचाया ही नहीं, मुफ्त टीकाकरण अभियान चलाया,किसी को भूखे नहीं सोना पड़े इसकी चिंता की। लॉक डाउन में गरीबों के खाते में पैसे भेजे, प्रति व्यक्ति 5किलो अनाज भेजे, जो आज तक मिल रहा। श्री मरांडी ने कहा एक तरफ केंद्र सरकार जनता के विकास केलिए काम कर रही वहीं राज्य की हेमंत सरकार कमाने के लिए राज्य भ्रष्टाचार,लूट का तांडव मचा है। मुख्यमंत्री के क्षेत्र में भी गरीबों के अनाज की लूट मची है। खान खनिज की लूट हो रही, गरीबों, आदिवासियों की जमीन लूट ली जा रही । कहा लूट में मुख्यमंत्री का परिवार शामिल है। सोरेन परिवार नाम बदलकर गरीब आदिवासियों की जमीन लूट रही है। कहा कि सोरेन परिवार कमाने के लिए,खान,खनिज ,जमीन को लूटने और लुटवाने केलिए और परिवार को बचाने केलिए सत्ता में रहना चाहता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में अपराधियों की हिम्मत बढ़ गई है। रोज हत्या लूट बलात्कार की घटनाएं हो रही। राज्य में आदिवासी,दलित पिछड़ा,बहन बेटियां कोई सुरक्षित नही।

## ख़ास ख़बर

### सीवान एसडीओ का हुआ ट्रांसफर

**सिवान संवाददाता**। सिवान जिले के सिवान अनुमंडल पदाधिकारी का स्थानांतरण हाजीपुर कर दिए जाने की सूचना पर स्थानीय लोग लगातार चर्चा कर रहे हैं। बताते चलें कि अत्यंत सरल एवं मिलनसार स्वभाव के अनुमंडल पदाधिकारी सिवान सदर रामबाबू बैठा को हाजीपुर सदर का अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है। वहीं सोनपुर के अनुमंडल पदाधिकारी सुनील कुमार को सिवान सदर का अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है।

### बंद मकान में चोरी किए मामले में नहीं हुई कार्रवाई

**मैरवा सिवान संवाददाता**। जिले के मरवा प्रखंड मुख्यालय के लालगंज से एक मकान में हुए तेरी जमाने में पुलिस ने दूसरे दिन कोई कारवाई नहीं की। बताते चलें कि मैरवा में बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए की चोरी के मामले को लेकर क्षेत्र में सनसनी देखो चला है । सिवान जिले के मैरवा के लालगंज में बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा में अपने मकान में ताला लगाकर ड्यूटी करने गए थे। आने पर पता चला कि ताला काट कर लाखों रुपए की चोरी कर ली गई है। इस मामला के सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। इस संबंध में लालगंज निवासी शमीम अंसारी ने मैरवा थाने में आवेदन देकर कहा है कि मैं 2 दिन के लिए अपना मकान बंद करके सिवान बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा में वीक्षक के रूप में ड्यूटी करने चला गया था। इसी दौरान चोरों ने मौका पाकर मेरे में गेट का दरवाजा का ताला काट कर लैपटॉप तथा सोने के गहने, मेरी साइकिल समेत लाखों रुपए नगद लेकर फरार हो गए हैं। उन्होंने बताया कि 112 नंबर पर भी फोन करके बुलाया गया था और आवेदन मैरवा थाने में भी दी गई है। वहीं इसी मकान में किराए पर रह रही शिक्षिका जरीना अंसारी ने बताया कि शिक्षक भर्ती परीक्षा देने गोपालगंज गई हुई थी। लौटने पर मकान में चोरी होने की बात बताई गई। लाखो रुपए की सामान चोरी कर लिए जाने के बाद शिक्षक व शिक्षिका एवं उनके परिवार के लोग लगातार रो रहे हैं। घरमे भोजन नहीं बनने की बात कही जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन किशोर घायल, गंभीर

**गुठनी**। थाना क्षेत्र के गुठनी मैरवा मुख्य मार्ग पर भठही गांव के समीप रविवार की दोपहर मोटर साइकिल सवार तीन किशोर को गुठनी के तरफ से जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार तीनों किशोर गंभीर रूप से घायल हो गई। वही घायल किशोरों की पहचान थाना क्षेत्र के चेरौवा गांव निवासी हरिओम पाण्डेय, करन कुमार राम, और रविश कुमार राम के रूप में हुई है। तीनों किशोरों को घायलावस्था में स्थानीय लोगों के सहयोग से मैरवा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल तीनों किशोर की हालत नाजुक देख सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। परंतु परिजनों ने अच्छे उपचार के लिए गोरखपुर ले कर चले गए। वही घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया की बाइक सवार तीनों किशोर मैरवा से कोचिंग कर वापस घर लौट रहे थे तभी गुठनी के तरफ से जा रहे टायर लदे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार किशोरों को ठोकर मार दिया। इसी क्रम में बाइक सवार किशोर को बचाने के क्रम में मैरवा की तरफ से आ रहे ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पेड़ में ठोकर मार दिया।

### प्रत्येक शनिवार को मुफ्त भोजन कराने का अभियान पहूंचा 83 वां पायदान पर

**मोतिहारी अशोक वर्मा**। विगत 82 सप्ताह से साप्ताहिक मुफ्त भोजन करने के अभियान मे लगे मोतिहारी के सामाजिक संस्था देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम सेवा परिषद और सीता देवी ओंकार नाथ जालान सेवा संस्थान आज भी अपनी सेवा को जारी रखे हुए हैं। दोनों संस्था के संयुक्त तत्वावधान में शुरू की गई मिशन अन्नपूर्णा रसोई निशुल्क भोजन सेवा आज जिले मे प्रेरणा बन गई है। कोई भूखा ना सोए इस अनुकरणीय पहल के साथ बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर शनिवार को 83 वां साप्ताहिक आयोजन कर लगभग पाँच सौ जरूरतमंद गरीब टेंपो चालक ,रिक्शा चालक एवं रोजमर्रा के मजदूरी करने वाले मजदूरो को निशुल्क भोजन कराया गया । अंत में जब भोजन समाप्त कर सभी सेवाधारी अपने घर की ओर प्रस्थान कर रहे थे तो एक जरूरतमंद व्यक्ति भोजन के लिए आया भोजन नहीं होने के कारण वह वहां फेके गए झूठे पत्तल के सभी भोजनों को इकट्ठा कर भोजन करने लगा यह देखकर सभी सेवको का दिल भर गया और आंखों से आंसू छलक गए फिर उसे पैसे से भोजन खरीद करना भोजन कराया गया। नगर वासियों में चर्चा है कि नगर निगम, जिला प्रशासन एवं समर्थवान लोगों को भी आगे आकर ऐसा आयोजन अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर पूरे सप्ताह मुफ्त भोजन कराने का अभियान चलाया जाना चाहिए ताकि मोतिहारी का एक भी व्यक्ति दोनो शाम भूखा ना रहे , इससे दुआओं का खजाना जमा होगा और बुरे वक्त में वही दुआएं काम आती है।

### श्री हनुमान मंदिर रुद्राभिषेक आयोजन



**गुठनी सीवान संवाददाता**। जिले के गुठनी चौराहे पर स्थित श्री हनुमान मंदिर रुद्राभिषेक आयोजन का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मौके पर हजारों से संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। जहां आयोजन करता पंडित रंजीत नाथ तिवारी ने बताया कि सावन में भगवान शिव के रुद्राभिषेक का बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा कि रुद्राभिषेक से प्रश्न होते हैं तथा भक्तों के सारे दुख कष्ट क्लेश को दूर करते हैं तथा जीवन में सुख समृद्धि धन वैभव देते हैं बताते चलें कि सावन के इस पावन महीने की किसी भी दिन यदि कोई भोलेनाथ का भक्त रुद्राभिषेक कराता है तो उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं उन्होंने बताया कि भगवान भोलेनाथ औघडदानी है। मन से जिसने भी रुद्राभिषेक कर दिया उसकी मनोकामनाएं पूर्ण होने ही होने है।

# 1 सितंबर को जदयू0 निकलेगा भाजपा सरकार के खिलाफ मशाल जुलूस



**सीवान संवाददाता** । आज जनता दल यूनाइटेड सिवान के जिलाध्यक्ष चन्द्रकेतु सिंह की अध्यक्षता मे पार्टी कार्यालय पर पार्टी के महत्वपूर्ण साथियों की एक बैठक की गई जिसमे 1 सितंबर को शहर के जैन स्वीट्स से जे 0 पी 0 चौक तक मशाल जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा किन आप सभी राजनीतिक रूप से सजग है और इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि केन्द्र में बैठे लोग आज देश को किस दिशा में ले जा रहे हैं। इनलोगों को ना तो हमारे सामाजिक तानेबाने से कोई मतलब है और ना हमारी गंगा-जमुनी तहजीब से यहाँ तक कि ये लोग अब हमारे देश के इतिहास और संविधान तक को बदलने पर आमादा है। अभी हाल में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन विवेक देबरॉय ने अपने एक लेख में देश के लिए नए संविधान की जरूरत बताई और इसके प्रस्तावना में लिखे समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, न्याय, स्वतंत्रता और समानता जैसे शब्दों पर सवाल उठाए ये लोग एक ओर आत्मनिर्भर भारत की बात करते हैं और दूसरी ओर सदियों से वंचित वर्ग को विकास की मुख्यधारा में शामिल होने से रोकते हैं। आप बिहार के संदर्भ में ही देखें तो माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी प्रारंभ से अतिपिछड़ों के लिए आरक्षण के साथ पंचायती राज और नगर निकाय का चुनाव कराने को सकल्पित थे, लेकिन भाजपा को यह मंजूर नहीं था। उसका चरित्र तो 2015 में ही स्पष्ट हो गया था जब आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत जी ने आरक्षण नीति की सामाजिक समीक्षा की बात कही थी। भाजपा की इसी सोच के कारण यह मामला न्यायालय तक गया, जहाँ हमारी जीत हुई और अतिपिछड़ों के लिए आरक्षण के साथ बिहार में स्थानीय निकाय के चुनाव सम्पन्न हुए। ठीक वैसे ही जाति आधारित गणना को लेकर भाजपा का दोमुँहापन पूरा देश देख रहा था। केन्द्र ने इससे साफ इनकार कर दिया, तब मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने राज्य में बिहार सरकार के अपने संसाधन से इसे कराने का निर्णय लिया, जिसके विरुद्ध भाजपा ने पर्दे के पीछे रहकर पटना उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कराया और वहाँ से हारने के बाद माननीय सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। यहाँ भाजपा ने पहले अपने से जुड़े बड़े वकीलों को खड़ा किया और जब इससे भी दाल नहीं गली तो श्री मोदी सरकार ने अपने सॉलिसीटर जनरल को न्यायालय में इसके विरोध में खड़ा कर दिया। सॉलिसीटर जनरल ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के पास जाकर जो तर्क रखा उससे यह साफ हो गया कि भारतीय जनता पार्टी अब तक जो खेल पर्दे के पीछे से कर रही थी, अब उसके लिए उसे खुलकर अतिपिछड़ों के गरीबों के विरोध में मैदान में आकर खड़ा होना पड़ा है यह पूरी तरह स्पष्ट हो चुका है कि वो इनके और इस समाज के विरोधी हैं। साथियो इस पृष्ठभूमि में पार्टी ने निर्णय लिया है कि जाति आधारित गणना का विरोध करने वाली भारतीय जनता पार्टी के चेहरे को बेनकाब करने के लिए उनकी पोल खोलने के लिए 'पोल खोल अभियान चलाया जाय जिसके तहत दिनांक 01 से 5 सितंबर 2023 तक संध्याकाल में बिहार के सभी जिला मुख्यालयों में मशाल जुलूस / कैंडिल मार्च का आयोजन किया जाएगा।

## सुबह में टहलकर घर आ रहे अधेड़ को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौके पर हुई मौत



**रघुनाथपुर, सीवान**। रविवार की सुबह पत्नी के साथ रघुनाथपुर-आंदर मुख्य मार्ग पर टहल कर घर आ रहे पति को अज्ञात वाहन ने रौद दिया जिससे अधेड़ पति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर गांव निवासी विशेश्वर मिश्रा प्रतिदिन की भांति रविवार की सुबह अपनी पत्नी रेणु देवी के साथ टहलकर घर को लौट रहे थे कि आंदर की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार सुल्तानपुर मोड़ के समीप उनको रौदते हुए फरार हो गया। टक्कर इतना जोरदार था कि अधेड़ विशेश्वर मिश्रा की मौत मौके पर ही हो गई। घटना के बाद मृतक की पत्नी दहाड़ मारकर रोड के किनारे ही पति के शव के साथ रोने लगी। घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष मो० तनवीर आलम ने घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद पत्नी और अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## भठही में कोचिंग कर घर लौट रहे छात्रों को डीसीएम गाड़ी ने मारा टक्कर



**सीवान**। जिले के मैरवा गुठनी मुख्य मार्ग के भठही गांव के समीप गुठनी से मैरवा आ रही डिसियम गाड़ी ने मैरवा से कोचिंग कर घर लौट रहे एक बाइक पर सवार तीन छात्रों को अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया। जिससे तीन में से दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गये। दो छात्रों को चिकित्सकों ने गोरखपुर रेफर कर दिया। वही एक छात्र का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। गिरफ्तार चालक की पहचान प्रतापगढ़ रानीगंज के मो सनाउल्लाह के रूप में हुई। घायलों की पहचान गुठनी क्षेत्र के चेरौवी गांव के हरिओम पांडेय, करन कुमार राम, रवीश कुमार राम के रूप में हुई। सूचना पर मैरवा गुठनी चेकपोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी में जुट गये। इधर दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। स्थानीय लोगो ने बताया कि गुजरात से मुजफ्फरपुर के लिए ट्रक में जेसीबी का टायर लेकर डिसियम गाड़ी जा रही थी। इसी दौरान मैरवा गुठनी मुख्य मार्ग के भठही गांव के समीप बाइक और ट्रक में टक्कर होने के बाद बाइक सवार घायल हो गये। और टैक्टर अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गयी। हालांकि चालक बॉल-बॉल बच गया है।

## एसपी-डीएम ने महावीर अखाड़ा तथा चेहल्लुम को लेकर की बैठक



**सीवान संवाददाता**। आज दिनांक 26-08-2023 को जिला पदाधिकारी सिवान मुकुल कुमार गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में चेहलुम, महाबीरी अखाड़ा एवं जुलूस की विधि व्यवस्था को लेकर समाहरणालय सभा कक्ष में बैठक की गई। इस बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सिवान सदर श्री रामबाबु बैठा, SDPO सिवान सदर एवं सिवान सदर के अंतर्गत सभी प्रखंड के BDO, CO , एवं सम्बंधित थाना के थानाध्यक्ष उपस्थित थे। थाना क्षेत्र के संवेदनशील क्षेत्रों के विधि व्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही सभी जुलूस और अखाड़ा के रूट एवं संवेदनशील स्थानों के बारे में पृच्छा किया गया। विधि व्यवस्था संधारित करने हेतु धारा 107 में कितने नामजद ऐसे लोग जो किसी प्रकार का उपद्रव कर सकते हैं अथवा जिनसे शांति भंग होने का खतरा रहता है , द्वारा बॉन्ड भरवाया गया, इसके बारे में थानाध्यक्षो से पृच्छा की गयी। इसके साथ ही साथ जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा असामजिक तत्वों को सचेष्ट करने एवं संवेदनशील स्थलों पर लगातार पेट्रोलिंग करने का निदेश दिया गया। साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया की जल्द से जल्द असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर CCA का प्रस्ताव भेजना सुनिश्चित करेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी सिवान सदर द्वारा बताया गया की विधि व्यवस्था के लिए सिवान सदर अनुमंडल स्तर पर कण्ट्रोल रूम तैयार किया गया है एवं ड्रोन का प्रयोग कर संवेदनशील जगहों का निरीक्षण किया जायेगा। जिला पदाधिकारी द्वारा थाना प्रभारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को संयुक्त रूप से समन्वय बनाते हुए कार्य करने का निदेश दिया गया एवं यह भी सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया कि निर्धारित रूट के माध्यम से ही जुलूस अपने समय पर अपने गंतव्य स्थल पर पहुंचे। चेहल्लुम, महाबीरी जुलूस एवं अखाड़ा को लेकर सिवान सदर अनुमंडल एवं सिवान शहर में शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने एवं इस अवसर पर विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### देशहित में काम करने वाले पत्रकारों के खिलाफ देशद्रोह कानून की धाराएं नही लगाई जाएगी- नित्यानंद राय



**पटना**। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि किसी भी सूरत में सच्चे और अच्छे पत्रकारों ,जो देशहित में काम कर रहे हैं, उनके खिलाफ देशद्रोह कानून की धाराएं नही लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि देशहित में काम करने वाले पत्रकारों के खिलाफ अगर देशद्रोह का मामला दर्ज होता है तो वह स्वयं पूरी ताकत से इसका विरोध करेंगे। राय रविवार को यहां इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन (आईजेयू) की दो दिवसीय बैठक के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि पत्रकारिता एक महत्वपूर्ण और सम्मानित पेशा है। इसे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। इसमें लोकतंत्र के बाकी तीन स्तंभों को नियंत्रित करने की क्षमता है। लोकतंत्र का यह एक मजबूत स्तंभ है। किसी गुनाह की सजा कानून बाद में देता है, लेकिन मीडिया ट्रायल के जरिए जो सजा समाज पलभर में दे देता है, वह किसी फांसी से कम नही होता। नित्यानंद राय ने कहा कि पत्रकारिता हमारी प्राथमिकता जरूर है, लेकिन देश सबसे ऊपर है। कोई भी पत्रकार यदि देशहित के विपरीत काम करे ,इसे बर्दास्त नही किया जा सकता है। हालांकि, एक लाख में मात्र एक ही पत्रकार ऐसा करते हैं और ऐसा करने वाले मूल रूप से पत्रकार नही होते हैं, फिर भी उनके खिलाफ की गई कार्रवाई को जोर शोर से प्रचारित-प्रसारित किया जाता है। उन्होंने कहा कि देशहित की रक्षा के लिए एक मजबूत कानून होना ही चाहिए। मीडिया कमीशन बनाए जाने की आईजेयू की मांग पर गृह राज्य मंत्री ने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं को हल करने और उनकी मांगों की पूर्ति के लिए एक आयोग का गठन होना चाहिए। सरकार इसके लिए पत्रकारों से वार्ता करने के लिए तैयार है। बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय बैठक की अध्यक्षता आईजेयू के अध्यक्ष के. श्रीनिवास रेड्डी कर रहे थे। बैठक में देश के विभिन्न राज्यों और केन्द्र शासित क्षेत्रों के करीब डेढ सौ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर मणिपुर में हिंसा की घटनाओं खासकर महिलाओं के साथ किए गए दुर्व्यहार की घोर निंदा की गई। विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने अपने राज्यों में पत्रकारों की समस्याओं और उनके निदान के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी दी।

### इशिका जैन के जन्मदिवस पर कुकड़ी एक कुप्रथा फिल्म की घोषणा



**दैनिक शुभ भास्कर /राकेश जैन/ राजस्थान/ उदयपुर**। मॉडल अभिनेत्री फैशन डिजाइनर एवं सोशलिस्ट इशिका जैन का जन्मदिन शनिवार 26 अगस्त को मसाला चौक विनोद नगर ब्यावर में बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा इस जन्मदिन के मौके पर इशिका के लिए सबसे बड़ा उपहार पारस देवी प्रोडक्शन ला रहा है उन्हें मुख्य भूमिका में लेकर कुरीतियों पर प्रहार करती फिल्म कुकड़ी एक कुप्रथा की घोषणा की जाएगी। फिल्म मूल रूप से राजस्थानी में बनेगी बाद में इसे अन्य भाषाओं में डब किया जाएगा इस मौके पर बॉलीवुड राजस्थान फिल्म इंडस्ट्री पत्रकार जगत एवं समाज की कई बड़ी हस्तियां मौजूद रहेगी बॉलीवुड भोजपुरी अभिनेता कुंदन सिंह वीर वीरांगना अखबार समूह के मालिक श्री भारती भाई नवलगढ़ बुगाला के बड़े पत्रकार श्री राम अवतार जी स्वर्णकार समाज के युवा राजस्थान अध्यक्ष श्री विनोद जी सोनी फिल्म निर्देशक गोपाल नटराज क्रिएटिव हेड डीडी मंगल लेखक शिवराज जी गुर्जर निर्मात्री ममता जैन और हमारे पारिवारिक सदस्य और ब्यावर की आन बान शान श्री राजेंद्र जी औसतवाल अजय जी शर्मा ओसवाल समाज के कोषाध्यक्ष श्री लक्ष्मी जी भंडारी मेहंदी नगरी सोजत से व्यवसायी श्री विजय गुप्ता श्री रविंद्र जी गुप्ता एवं श्री कनहैया लाल जी गुप्ता एवं अन्य कई समाजों के गणमान्य व्यक्तित्व एवं ब्यावर जिले के सभी पत्रकार बंधु जीटो (जोकि जैन समाज का एक प्रमुख संगठन है )उसके सभी पदाधिकारी अन्य कई बड़ी हस्तियां इस जन्मदिन पर मौजूद रहेगी

### 27 अगस्त 2023 रविवार को नाकोड़ा भव्य भक्ति



**दैनिक शुभ भास्कर/ राकेश जैन/ राजस्थान / उदयपुर**। श्री नाकोड़ा भैरव भक्त मण्डल द्वारा अरिहंत वाटिका केशव नगर में 27 अगस्त 2023 को श्री पार्श्व भैरव भक्ति का आयोजन किया जा रहा है। जिसका आज दादा के नाम की मेहंदी का आयोजन 26 अगस्त को अरिहंत वाटिका में किया गया। इस आयोजन को 7 star group द्वारा किया गया।जहाँ पर लगभग 500 लोगों की उपस्तिथि रही,पंकज भंडारी भैरव भक्त के अपने भजनों पर सभी को खूब नचाया,आनंद की बहार मच गई।10 महेंदी बनाने वाली ने लगबग 300 महिला पुरुषों के हाथों में दादा के नाम की मेहंदी रचाई। जिसमें 7 star ग्रुप के प्रकाश झगड़ावत,ललित लोढ़ा, ललित कोठारी,राजेन्द्र चोरडिया,घनश्याम जैन,सुरेश बड़गुजर, पंकज भंडारी एवं श्री नाकोडा समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

**जांच शिविर** शिविर में तेरापंथ समाज की महिलाएं, भाजपा महिला मोर्चा की महिलाओं ने हिस्सा लिया

# कैंसर गुर्दा व किडनी रोग के बारे में चिकित्सकों ने दिया निशुल्क परामर्श



**दैनिक शुभ भास्कर , जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा**। मेडिका ग्रुप के सिलीगुड़ी स्थित मेडिका नॉर्थ बंगाल क्लिनिक एवं मेडिका कैंसर अस्पताल के सहयोग से कटिहार में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ जांच शिविर का कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, मेयर उषा देवी अग्रवाल, सिलीगुड़ी से आए मेडिका अस्पताल के डॉ मनीष गोस्वामी, डॉ अनिर्बन नाग, डॉ बिपलब भटरई तथा किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ अजित कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में शहर के लगभग 110 लोग उपस्थित हुए। सभी समाजसेवी संस्था इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। डॉ मनीष गोस्वामी के द्वारा मुंह का कैंसर के बारे मे जानकारी दी। तम्बाकू से होने वाले नुकशान के बारे मे लोगो को जागरूक किया। डॉ अनिर्बन नाग के द्वारा महिलाओं में स्तन तथा गर्वाश्य कैंसर के बारे में जानकारी दी। इस जागरूकता शिविर में तेरापंथ समाज की महिलाएं एवं भाजपा महिला मोर्चा की महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। शहर की मेयर ने बताया की महिलाओं को कैंसर जैसी बिमारी से बचने का तरीका डॉक्टर से परामर्श लेना है। जो महिलाओं की जान बचा सकती है। पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने बताया की मेडिका ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल देश की जानी मानी संस्था है। कटिहार में इस तरह के आयोजन कर कैंसर बीमारी से लोगो को जागरूक करने के लिए धन्यवाद दिया तथा आने वाले समय में और भी इस तरह के आयोजन करने की सलाह दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लायंस क्लब ऑफ कटिहार सेंटेनियल के विशेष सहयोग के लिए संस्था के पदाधिकारी प्रवीर चकर्बरती ने धन्यवाद दिया तथा संस्था के पदाधिकारी अमित वर्मा ने लायंस क्लब के सचिव अब्दुल राशीद उर्फ गुड्डू, इमरोज व अमित राज उर्फ राजा को भी धन्यवाद दिया।

### एक सप्ताह से जले ट्रांसफार्मर को विभाग द्वारा नहीं बदलने से लोगों को हो रही परेशानी

**रघुनाथपुर, सीवान**। स्थानीय प्रखंड के कुशहरा पंचायत स्थित फिरोजपुर गांव में 63 केवी का ट्रांसफार्मर जलने से लोगों की परेशानी बढ़ गईं हैं। जिसकी लिखित शिकायत पैक्स अध्यक्ष एंव राजद नेता अफाक अहमद ने स्थानीय जेई अमित मौर्य को 22 अगस्त को देते हुए जले हुए ट्रांसफरमर को बदलने की मांग की। इस आशय की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया की ट्रांसफर्मर में बार बार खराबी आती थी उसे विभाग द्वारा बनाया भी जाता था उसके बाद पुनः खराब हो जाता था। यह सिलसिला करीब एक माह से चलता आ रहा था। 20 अगस्त की रात्रि में आई तेज बारिश के दौरान यह ट्रांसफार्मर जल गया। जिसके बाद से इस ट्रांसफार्मर से बिजली सप्लाई होने वाले घरो में अंधेरा पसरा हुआ हैं। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर जलने के बाद से इसको बदलने की मांग लगातार की जा रही है उसके बाद भी विभाग के तरफ से इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चो के पठन-पाठन सहित इन दिनों लोगों के जीवन में आए मोबाईल, लैपटॉप, बैटरी सहित अन्य आवश्यक कार्य पूरी तरह से ठप पड़ चूके हैं।

## बलुआ में आयोजित हुआ कांग्रेस चली गांव की ओर कार्यक्रम,जिला कांग्रेस प्रभारी डा.तारानंद सादा रहे मौजूद



**छातापुर।सुपौल**। छातापुर प्रखंड के बलुआ पंचायत में कांग्रेस चली गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया की प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर "कांग्रेस चली गांव की ओर" कार्यक्रम आयोजित हुई है। जिसके तहत छातापुर प्रखंड के बलुआ पंचायत में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसके तहत स्व. राजेंद्र मिश्र तथा भूत पूर्व रेल मंत्री ललित नारायण मिश्र के समाधि स्थल पर कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचकर उनके समाधि पर माल्यार्पण किया। इसके साथ ही उन्हें नमन कर दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जिला कांग्रेस प्रभारी डा.तारानंद सादा ने कहा की "कांग्रेस चली गांव की ओर" कार्यक्रम के तहत अपनो से जुड़ाव करना है। इसके साथ ही कांग्रेस से जुड़े आमजनो से मिलना है। इतना ही नही दिवंगत समर्पितों को श्रद्धांजलि भी देना है। इधर, उन्होंने बलुआ पंचायत के कई स्थानों पर जाकर आमजनो से मिले भी। जिस दौरान उन्होंने कहा की कांग्रेस को बूथ स्तर पर ले जाने तथा उन्हें मजबूती प्रदान करने का आज संकल्प लिया गया है। इस क्रम में कांग्रेसजनों को सक्रिय कर हर बूथ पर कम से कम 5 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर जिला कांग्रेस प्रभारी डा.तारानंद सादा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रो. बिमल कुमार यादव, प्रदेश प्रतिनिधि प्रो. रमेश प्रसाद यादव, प्रदेश प्रतिनिधि साह छातापुर प्रखंड प्रभारी शमशेर आलम, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बसंतपुर जय बोध झा, अजय कुमार मिश्र उर्फ रिंकू झा, रितेश मिश्र, छातापुर प्रखंड अध्यक्ष प्रो. सचिदानंद यादव, सीतानंद ठाकुर, बिमलेश यादव, मो. फिरोज आलम, मो. मुर्तुजा, कृष्ण देव यादव, लछन यादव, मौलाना अंसार, मौलाना नुरुल हौदा, शमशुल हौदा, मो. जिबरान, मो. रुस्तम, मो. साहिद, प्रेम कुमार सिंह, मो. रब्बन, मो. जहांगीर आलम आदि थे।

# ख़ास ख़बर

## भाजपा और भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात का 104वां संस्करण



**फारबिसगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 104वां संस्करण को भाजपा और भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने अलग अलग स्थानों और बूथों पर सुना और कही गई महत्वपूर्ण बातों को आत्मसात करने की आवश्यकता जताई।फारबिसगंज ट्रेनिंग चौक स्थित भाजपा महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष चांदनी सिंह के आवास पर महिला मोर्चा के कार्यकर्ता सहित अन्य भाजपा नेताओं ने सुनकर उसे आत्मसात करने पर बल दिया।वहीं भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने युवा मोर्चा जिला मंत्री करण सिंह के अगुवाई में आयोजित प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात के 104वें कड़ी को बूथ संख्या 153 पर सुना।मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने पीएम के मिशन चंद्रयान की सफलता, आगामी जी20 शिखर सम्मेलन, खिलाड़ियों के उत्कृष्ट व सराहनीय प्रदर्शन,मातृ भाषा का महत्व, संस्कृत भाषा,देश के जीवंत डेयरी सेक्टर,मेरी माटी मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान के बारे में विस्तार से कार्यकर्ताओं को बताया।मौके पर भाजयूमो जिला उपाध्यक्ष संदीप कुमार, जिला मंत्री करण सिंह,नगर मंत्री सत्यप्रकाश, प्रिंस जायसवाल,सौरभ सिंह, पवन शर्मा आदि मौजूद थे। वहीं गोढ़ीहारी चौक स्थित शिव मंदिर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष किशन शर्मा की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना।मौके पर युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष किशन शर्मा, मीडिया प्रभारी आदित्य शर्मा, विनोद पासवान ,मनोज कुमार ,प्रदीप कुमार ,छोटू कुमार, शुभम कुमार राय, विक्रम कुमार मनीष साहा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पतिलार ग्राम कचहरी में " ऑन द स्पोर्ट " चार भूमि विवाद मामलों का निपटारा



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** प्रखंड बगहा एक के पतिलार ग्राम कचहरी में रविवार को सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पतिलार पंचायत के सरपंच लालमती देवी ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में चार विवादित मामलों का निष्पादन किया । सरपंच ने बताया कि ग्राम कचहरी में लगभग 19 मामलें लंबित थे। जिसमें चार मामलों की निपटारा किया गया। सरपंच प्रतिनिधि जग्रनाथ यादव ने बताया कि ग्राम कचहरी में भूमि विवाद, मारपीट ,आपसी विवाद सहित विभिन्न प्रकार के विवादों को लेकर फरियादी पहुंचे थे। जो दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादित मामलों की सुलह समझौता कराया गया। उन्होंने बताया कि ग्राम कचहरी में 410 आवेदन प्राप्त है, जिसमें 391 मामलों की निष्पादन कर दिया गया है। तथा ग्राम कचहरी न्यायपीठ की 85 बैठकें की गई है। साथ ही 41 हजार रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई है। इस अवसर पर उप सरपंच बबीता देवी, न्याय मित्र कुमार अतुल रंजन, सचिव उमेश दुबे, आप्त सचिव ललन राम , नुर आलम खां, रामचन्द्र साह , रघुवर चौधरी समेत कई लोग शामिल रहे।

## बिजली चोरी के मामले में 12 उपभोक्ता पर प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज।** विधुत विभाग ने बिजली चोरी के आरोप में 12 लोगो के विरुद्ध शिकारपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एफआईआर विधुत विभाग के जेई गौतम कुमार ने दर्ज कराया है। जिसमे नगर के हरदिया वार्ड 20 निवासी संजय शर्मा, फिरोज राम,जनार्धन राम,चंद्रशेखर राम व शिवगंज वार्ड 7 के शम्भू कुमार, कुणाल कुमार,नारायण राम समेत शहर के अन्य वार्ड के लोग भी शामिल है। इस संदर्भ में जेई गौतम कुमार ने बताया कि बिजली विभाग के एसडीओ प्रशांत कुमार के नेतृत्व में शहर के विभिन्न वार्डो में बड़े बकायेदारों व विधुत चोरी करने वाले उपभोक्ताओ के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान बिभिन्न वार्ड से 12 लोगो को बिजली चोरी के आरोप में पकड़ा गया है। जिससे विभाग को लाखों की क्षति हुई है।जेई ने बताया कि धराये सभी उपभोक्ताओ के विरुद्ध शिकारपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।इधर थानाध्यक्ष रामाश्रय यादव ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## विभिन्न कांडो में 55 लोग गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो बेतिया।** जिला पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए विभिन्न कांडो में कुल 55 लोगों की गिरफ्तारियां की है जिसमें हत्या के मामले में एक अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के मामले में चार सहित अलग-अलग मामले में गिरफ्तार किया गया है जिसमें बेतिया पुलिस द्वारा देसी चूलाई शराब 28.5 लीटर, तीन चापाकल, एक मोटरसाइकिल बरामद की है। वहीं इसकी अतिरिक्त बेतिया जिला पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण एवं निवारण के क्रम में वाहन जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन के मामले के विरुद्ध दंडस्वरूप तेरह हज़ार की वसूली की गई है।

# मारवाड़ी युवा मंच के साइकलोथोन आयोजन में जावेद ने मारी बाजी





**फारबिसगंज।** फारबिसगंज मारवाड़ी युवा मंच की ओर से खेल दिवस के मौके पर साइकलोथोन के तहत साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमे मो.जावेद विजेता रहे।जबकि बबलू कुमार दूसरे और तीसरे स्थान पर राहुल कुमार रहे। सीए निशांत गोयल की अध्यक्षता में आयोजित साइकिल रेस प्रतियोगिता का शुभारंभ फारबिसगंज एसडीओ सुरेन्द्र कुमार अलबेला एवं डीएसपी खूशरू सिराज ने किया। साइकिल रेस शुरू होने से पहले अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के सदस्यों द्वारा सभी आगंतुकों एवं प्रतिभागियों को तिलक और मुँह मीठा कराया गया। साइकिल रेस हवाई फ़ील्ड से शुरू होकर गोढ़ियारे चौक, दिनदयाल चौक, एस के रोड, राजेंद्र चौक,श्री लक्ष्मी नारायण मारवाड़ी ठाकुरवाड़ी पथ होते हुए स्टेशन चौक, पटेल चौक एवं आदर्श थाना से आगे कटहरा स्कूल में जाकर समाप्त हुई। एसडीओ एवं एसडीपीओ के द्वारा भी साइकिल चलाकर अंत तक बच्चों का हौसला अफजाई की गई। कटहरा विद्यालय में समापन पर कार्यक्रम आयोजित कर तमाम विजेताओं को पुरस्कृत एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर एसडीएम श्री अलबेला ने कहा कि युवाओं का जोश व उत्साह इस बात का सबूत है कि युवा चीजों को सकारात्मक दिशा में परिवर्तित करने का हौंसला रखते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के हौंसले को बढ़ाना समाज के प्रबुद्धजनों का दायित्व है। मौक़े पर एसडीपीओ श्री सिराज ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा जो पहल की गयी है वह सराहनीय है एवं इसे लगातार करने से और भी बेहतर परिणाम समाज में देखने को मिलेगा।वहीं मंच के अध्यक्ष निशांत गोयल ने कहा कि समाज के सहयोग से कार्यक्रम सफल हो पाया और आगे भी इस तरीक़े का प्रयास जारी रहेगा ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके और लोगों को फ़िट रहने के लिए जागरूक किया जाएगा। सचिव कुणाल केडिया और साइकिल एसोसीएसन पूर्णिया के सचिव विजय सिंह ने कहा कि साइकिल चलाना एक ऐसा नशा है जिसके सेवन से शरीर पर अच्छा प्रभाव पड़ता है और इंसान हमेशा मज़बूती के साथ अपने कर्तव्यपथ पर अग्रसर हो पाता है। साइकिल रेस में प्रथम आए प्रतिभागी को साइकिल एवं ट्रॉफी,दूसरे प्रतिभागी को स्मार्ट वॉच एवं ट्रॉफी और तीसरे स्थान पर आए प्रतिभागी को वायरलेस इयरपोड एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। मौक़े पर बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में गौरव लुनिया ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए अनुमंडल प्रशासन,थाना की ओर से बल की प्रतिनियुक्ति और अस्पताल प्रबंधन की ओर से एंबुलेंस की उपलब्धता पर कृतज्ञता प्रकट की गई।विद्यालय परिसर में विद्यालय के प्राचार्य राजीव मिश्रा की अगुवाई में वृक्षारोपण भी किया गया।

## पारसनगर एवं शास्त्रीनगर तटबंधों पर जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा।** जिलाधिकारी श्री दिनेश कुमार राय द्वारा शनिवार को बगहा गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया गया। इस दौरान वे बगहा के पारसनगर एवं शास्त्रीनगर तटबंधों पर जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंता को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नेपाल में अत्यधिक बारिश होने के कारण गंडक नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। गंडक बराज से आज प्रातः लगभग दो लाख क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज किया गया है, जो निरंतर कम होते जा रहे है। नेपाल सहित जिले में भारी वर्षापात के मद्देनजर जलस्तर में वृद्धि की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। सभी संबंधित अधिकारी एवं अभियंता अलर्ट रहेंगे।उन्होंने कहा कि संभावित बाढ़ एवं कटाव से निपटने हेतु सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरूस्त रखी जाय। विभागीय दिशा-निर्देशों सहित एसओपी का अक्षरशः अनुपालन कराना सुनिश्चित किया जाय। आपदा की स्थिति में जानमाल की क्षति नहीं हो अथवा कम हो, इस हेतु सभी को तत्परतापूर्वक कार्य करना है। सभी अधिकारी एवं अभियंता सजग एवं सतर्क रहकर अपने-अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निवर्हन करेंगे। इसमें तनिक भी लापरवाही, शिथिलता एवं कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी, सख्त कार्रवाई होगी।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कार्यपालक अभियंता लगातार तटबंधों की पेट्रोलिंग करायेंगे। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षात्मक सामग्री का स्टॉक रखेंगे ताकि आवश्यकता पड़ने पर त्वरित गति से सुरक्षात्मक कार्य कराया जा सके। उन्होंने निर्देश दिया कि जलस्तर में बढोतरी एवं कर्मी हो सकती है, इस पर नजर बनाकर रखें तथा ऐहतियातन सभी व्यवस्थाएं अपडेट रखें।उन्होंने निर्देश दिया कि कटाव होने की स्थिति में तुरंत फ्लड फाईटिंग का कार्य कराना सुनिश्चित किया जाय।

## शराब कारोबारी को किसी भी सूरत पर बक्सा नहीं जाएगाः थानाध्यक्ष



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो बेतिया।** सूबे के मुखिया नीतीश कुमार ने बिहार में पूर्ण शराबबंदी 2016 से लागू की है और नियमो में तरह तरह के बदलाव भी किए है।उसके बावजूद भी शराब कारोबारी अपने कारोबार में तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे है और कारोबार करने से बाज नहीं आ रहे हैं। वहीं पुलिस भी इस मामले में सख्ती से कार्रवाई करते आ रही है लेकिन शराब कारोबारी अपने कारोबार से बाज नहीं आरहे है।ताजा मामला साठी थाना क्षेत्र का है जहां साठी पुलिस ने शनिवार को जिला पुलिस अधीक्षक के आदेश के आलोक में समकालीन अभियान के तहत छापेमारी की।छापेमारी के दौरान 15 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ दो कारोबारी को धर दबोचा है। वही इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि समकालीन अभियान के तहत 15 लीटर देशी जुलाई शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है शराब कारोबारी भिखारी धानगड उम्र 47 वर्ष पिता स्वर्गीय मंगल धानगड, अजय माझी उम्र 27वर्ष पिता भिखारी धनगड़ दोनो को निवास स्थान रायबरवा धनगड़ टोली से गिरफ्तार कर रविवार को बेतिया न्यायालय भेज दिया गया है।वही थानाध्यक द्वारा यह भी बताया गया कि शराब कारोबारी अपने कारोबार को जितना भी तरह तरह के हथकंडे अपना ले लेकिन शराब कारोबारी को किसी भी सूरत पर बख्शा नहीं जाएगा। वही इस छापेमारी को लेकर कारोबारी में हड़कंप मच गई है।वही छापेमारी अभियान में शामिल दरोगा अरविंद कुमार सिंह, पीएसआई जैसल कुमार, दरोगा आलोक कुमार राय, चौकीदार विनोद यादव , मनोज कुमार, धुरुप यादव आदि पुलिस बल मौजूद रहे।

# स्काउट-गाइड ने मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत कलश में एकत्रित किया विद्यालय की माटी



**फारबिसगंज।** बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड के फारबिसगंज अनुमंडल शाखा की ओर से मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अपने अपने स्कूलों के पवित्र मिट्टी को कलश में संग्रहित किया। फारबिसगंज ली अकादमी खेल मैदान में आजादी के अमृत महोत्सव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किए गए आह्वान पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम रविवार को किया गया।भारत स्काउट और गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय ने भी अपने सभी यूनिट को विद्यालय की माटी को संग्रहित करने का निर्देश जारी किया था। मौके पर जिला संगठन आयुक्त बैजनाथ प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत छोड़ो अभियान के वर्षगांठ के दिन से मेरी माटी मेरे देश अभियान की शुरुआत की। इस अभियान के अंतर्गत भारत के अलग-अलग राज्यों से अलग-अलग ग्रामों से 75 सौ कलशो के मिट्टी लाई जाएगी।जिसका उपयोग दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बनी अमृत वाटिका को विकसित करने के लिए किया जाएगा। साथ ही दिल्ली में एक शीलाफलकम स्थापित की जाएगी, जिस पर देश के उन स्वतंत्रता सेनानियों का नाम अंकित होगा, जो भारत के आजादी के लिए शहीद हो गए। कार्यक्रम में स्काउट मास्टर कृष्णनंदन कुमार, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित स्काउट अमन राय, राज्य पुरस्कार स्काउट मो सब्दुल, मो इमरान के अलावे प्रेम कुमार, अमृत, सुजीत, गुड्डू , जानवी परवीन, दिव्या कुमारी, रेहाना परवीन, खुशबू कुमारी, अंजली कुमारी के साथ सैकड़ो स्काउट गाइड ने माटी संग्रहित कर अमर स्वतंत्रता सेनानी को अपनी श्रद्धांजलि दी।

## बगहा में पूर्ण शांति बरकरार रखने की अपील



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा।** बगहा विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जयेश मंगल सिंह उर्फ जय सिंह ने रविवार को बगहा पुलिस जिला के नगर परिषद क्षेत्र बगहा पहुंचकर जनता से पूर्ण रूप से शांति बरकरार रखने की अपील की। उन्होंने बंद पड़े कई दुकानों को खुलवाने और शांति बरकरार रखने का भी बातें कहीं। साथ ही बगहा नगर क्षेत्र के लोगों को हर संभव प्रशासन से सहयोग करने का भी बात कही गई। कांग्रेस नेता ने रतनमाला में महावीरी झंडा जुलूस में हुए झड़प मामलें में लोगों से शांति की अपील की। उन्होंने नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों में शांति की संदेश दिया।कहा कि समाजिक एकता से ही समाज को मजबूती मिलेगी। कांग्रेस नेता ने सभी सामुदाय के लोगों से शांति, सौहार्द बनाएं रखने की अपील की। इस दौरान उन्होंने बगहा नगर में हर जाति, धर्म के लोगों से जाकर मिलें। तथा शांति की अपील करते हुए शांति की संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आपसी समरसता व भाईचारे का मिशाल कायम कर समाज में एक नई पहचान बनावें, जिससे सभी लोग एक हो, तभी हम समाजिक एकता की मिशाल कायम कर सकते हैं।इस अवसर पर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष बगहा तुफैल अहमद, शत्रुघ्न शाह मोहन चौधरी,शेष यादव हरि पड़ीत, चन्दा राम समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 10 फीट लंबे किंग कोबरा का रेस्क्यू



**शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा।** बगहा पुलिस जिला अंतर्गत वाल्मिकिनगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर रामपुरवा पंचायत के रति टोला गांव में एक विशाल किंग कोबरा का रेस्क्यू किया गया। कोबरा की लंबाई करीब 10 फीट है। अजगर के आकार के किंग कोबरा के मिलने के बाद अफरा-तफरी मच गई। गांव से पास एक खेत से वन विभाग की टीम ने विशालकाय सांप को घंटो मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा। इस बाबत पूछे जाने पर फील्ड अस्सिटेंट सोनू कुमार ने बताया कि इस आकार का कोबरा बहुत कम ही मिलता है यह काफी जहरीला होता है। इनका जहर अगर आंखों में चला जाए तो सही इलाज न मिलने पर आंखों की रोशनी भी जा सकती है। इसके डंसने से एक हाथी की भी मौत हो सकती है। इसके काटने से मात्र 30 मिनट में इंसान की मौत हो जाती। कोबरा भी अन्य सांपों की तरह घोंसला बनाते हैं और अपने अंडे देते हैं। मादा कोबरा लगभग 20 अंडे देती है। इसे सिर्फ नेवला ही मार सकता है। वन विभाग की रेस्क्यू टीम फील्ड अस्सिटेंट सुनील कुमार, शंकर,विजय, गोरखराम, मणीभूषण कुमार आदि ने इसका रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया गया।

## गांव के समाजसेवी युवक ने नीलगाय का कराया इलाज, आंखो में लगा था झटका



**शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा।** बगहा अनुमंडल के प्रखंड बगहा एक अंतर्गत मेहुड़ा पंचायत के मसहवा गांव के समाजसेवी युवक अवधेश राम ने निलगाय के आंखों का रविवार को उपचार कराया। उन्होंने बताया कि मसहवा गांव के चिमनी के पास आज कई दिनों से निलगाय एक ही जगह पर घूम रहीं थीं।पास में जाकर देखा तो उसे दिखाई नहीं दे रहा था, वह एक ही जगह पर चारों तरफ से घुमर मार रहीं थीं। जहां बरसात होने के वजह से जहां घुमर मार रहीं थीं, पुरी जगह किचड़मय हों गया था।इस बावत समाजसेवी युवक ने इसकी जानकारी मदनपुर वन विभाग में दी, जहां सुचना की जानकारी मिलते ही वन विभाग से मवेशी डॉक्टरों की टीम पहुंची।जो पहुंचकर निलगाय की आंखों का इलाज किया गया। वही डॉक्टरों ने बताया कि इसके आंखों में झटका लगा है, जिससे आंख से दिखाई नहीं देता है।अब इलाज हुआ है दवा का सेवन से जल्द ही ठीक हो जाएगा। वही समाजसेवी अवधेश राम का कहना है कि ये अनबोलता पशु है, अगर इंसान में होता तो वह बताता।पशु सेवा भी बहुत बड़ा धर्म है।

प्रेस वार्ता | केंद्र की सरकार महिलाओं की सुरक्षा की बात नहीं करते हैं - रेणु कुमारी

# होटल सिंघानिया के सभागार में एक दिवसीय बैठक सह प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया



**मधुबनी** । 27/08/2023 को राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ मधुबनी के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष रेणु कुमारी के द्वारा होटल सिंघानिया के सभागार में एक दिवसीय बैठक सह प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की पूर्व के अध्यक्ष द्वारा बनाए गए पूर्व के जिला कमिटी को भंग करने की घोषणा के साथ मेरा मुख्य उद्देश्य संगठन को जिला से लेकर प्रखंड और पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना एवं संगठन को पूर्ण रूपेण तैयार करना मेरा पहला उद्देश्य होगा। पार्टी और संगठन को मजबूत करने के लिए सभी प्रखंड सहित पंचायतों का दौरा कर संगठन को मजबूत बनाने का काम करूंगी, पार्टी के द्वारा दिए गए निर्देश के जिला से लेकर गांव के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी के नीति सिद्धांत और कार्यों बतलाने काम किया जाएगा। पूरे जिला में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए महिला प्रकोष्ठ मजबूती से काम करेगा। देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी एवं महिलाओं पर हो रही हिंसा सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरा। साथ ही महिलाओं पर हो रहे हिंसा को कानून की कड़ाई से पालन नहीं होने के मुख्य कारण बताया। महिलाओं को सशक्त एवं सबल बनाने को लेकर बूथ स्तर तक अभियान चलाए जाने की बात कही। सविता कुमारी ने कहा कि महिलाओं की समस्या को देखने और समाधान के लिए हमलोग पूरे जिला भ्रमण कर संगठन को तैयार करेंगे हैं। ललिता कुमारी ने कहा की केंद्र की सरकार महिलाओं की सुरक्षा की बात नहीं करते हैं। जिन महिलाओं ने देश को गोल्ड मेडल दिलाया, उन्हें भी सुरक्षित नहीं रख पा रहे हैं। विश्व स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में मेडल दिलाने वाली देश की बेटियों के साथ दिल्ली में अत्याचार हो रहा है। वहीं, दूसरी ओर आरोपी बृजभूषण सिंह खुलेआम घूम रहा है। उन्होंने देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी एवं महिलाओं पर हो रही हिंसा सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरा। साथ ही महिलाओं पर हो रहे हिंसा को कानून की कड़ाई से पालन नहीं होने के मुख्य कारण बताया। महिलाओं को सशक्त एवं सबल बनाने को लेकर बूथ स्तर तक अभियान चलाए जाने की बात कही। बैठक में सुधीरा कुमारी, अनिला पासवान, कविता देवी, इंदिला देवी, राजद जिला अध्यक्ष वीर बहादुर राय, प्रदेश महासचिव राम बहादूर यादव, वरिष्ट राजद नेता अरुण कुमार चौधरी, रामनारायण यादव जिला प्रवक्ता इंद्रजीत राय, चंदेश्वर प्रसाद चौधरी , प्रदेश सचिव अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, इंद्र भूषण यादव, युवा जिला अध्यक्ष, पूर्व प्रमुख जिबछ यादव, जहांगीर अली, देव नारायण यादव, प्रो. धनवीर यादव, धर्मेंद्र कुमार, गंगा प्रसाद चौधरी, मधु राय, उमेश कुमार राम, देवनारायण साह,कुंदन कुमार यादव, मिश्री लाल यादव, गुलजार अहमद, चित्रभानू कुमार चौधरी, संजय कुमार यादव, गोपाल यादव, लालबाबु यादव, उमेश कुमार पासवान, मनोज साह,सुरेश दास, सहित अन्य मौजूद थे।

# बगहा गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर का जिलाधिकारी ने लिया जायजा



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा।** जिलाधिकारी श्री दिनेश कुमार राय द्वारा शनिवार को बगहा गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया गया। अध्यक्ष आपदा प्रबंधन पुनर्वास समिति बिहार सह एमएलसी भीष्म साहनी भी रहे उपस्थित। इस दौरान जिलाधिकारी ने बगहा के पारसनगर एवं शास्त्रीनगर तटबंधों पर जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंता को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नेपाल में अत्यधिक बारिश होने के कारण गंडक नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। गंडक बराज से आज प्रातः लगभग दो लाख क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज किया गया है, जो निरंतर कम होते जा रहे है। नेपाल सहित जिले में भारी वर्षापात के मद्देनजर जलस्तर में वृद्धि की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। सभी संबंधित अधिकारी एवं अभियंता अलर्ट रहेंगे।उन्होंने कहा कि संभावित बाढ़ एवं कटाव से निपटने हेतु सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरूस्त रखी जाय। विभागीय दिशा-निर्देशों सहित एसओपी का अक्षरशः अनुपालन कराना सुनिश्चित किया जाय। आपदा की स्थिति में जानमाल की क्षति नहीं हो अथवा कम हो, इस हेतु सभी को तत्परतापूर्वक कार्य करना है। सभी अधिकारी एवं अभियंता सजग एवं सतर्क रहकर अपने-अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निवर्हन करेंगे। इसमें तनिक भी लापरवाही, शिथिलता एवं कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी, सख्त कार्रवाई होगी।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कार्यपालक अभियंता लगातार तटबंधों की पेट्रोलिंग करायेंगे। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षात्मक सामग्री का स्टॉक रखेंगे ताकि आवश्यकता पड़ने पर त्वरित गति से सुरक्षात्मक कार्य कराया जा सके। उन्होंने निर्देश दिया कि जलस्तर में बढोतरी एवं कर्मी हो सकती है, इस पर नजर बनाकर रखें तथा ऐहतियातन सभी व्यवस्थाएं अपडेट रखें। उन्होंने निर्देश दिया कि कटाव होने की स्थिति में तुरंत फ्लड फाईटिंग का कार्य कराना सुनिश्चित किया जाय। कार्य गुणवतापूर्ण होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी संबंधित कार्यपालक अभियंता कराये जा रहे फ्लड फाईटिंग कार्य सहित तटबंधों का लगातार निरीक्षण करेंगे।उन्होंने निर्देश दिया कि जलस्तर बढ़ने तथा बाढ़ आपदा की स्थिति में नीचले क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों को माईकिंग सहित अन्य माध्यमों से अलर्ट कराया जाय। उन्हे सुरक्षित स्थलों पर जाने को कहा जाय। प्रभावितों को सुरक्षित रखने हेतु बाढ़ आश्रय स्थल सहित अन्य चयनित ऊचें स्थलों पर सभी प्रकार की व्यवस्थाएं कर ली जाय। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बढ़ते जलस्तर के कारण नावों के परिचालन पर रोक लगा दी जाय। इस हेतु अविलंब घाटों पर कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाय, जो नावों के परिचालन पर रोक लगाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि बढ़ते जलस्तर के दौरान चेतावनी के बावजूद नावों के परिचालन करने वाले नाविकों के विरूद्ध कार्रवाई की जाय। जिलाधिकारी द्वारा स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधियों, नागरिकों से जलस्तर, कटाव, नावों के परिचालन आदि से संबंधित फीडबैक लिया गया। साथ ही स्थानीय नागरिकों को सजग एवं सचेत रहने की सलाह जिलाधिकारी द्वारा दी गयी।

# ख़ास ख़बर

## प्रत्येक शनिवार को मुफ्त भोजन कराने का अभियान पहूंचा 83 वां पादान पर



**मोतिहारी 27 अगस्त अशोक वर्मा**। विगत 82 सप्ताह से साप्ताहिक मुफ्त भोजन करने के अभियान मे लगे मोतिहारी के सामाजिक संस्था देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम सेवा परिषद और सीता देवी ओंकार नाथ जालान सेवा संस्थान आज भी अपनी सेवा को जारी रखे हुए हैं। दोनों संस्था के संयुक्त तत्वावधान में शुरू की गई मिशन अन्नपूर्णा रसोई निशुल्क भोजन सेवा आज जिले मे प्रेरणा बन गई है। कोई भूखा ना सोए इस अनुकरणीय पहल के साथ बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर शनिवार को 83 वां साप्ताहिक आयोजन कर लगभग पाँच सौ जरूरतमंद गरीब टेंपो चालक ,रिक्शा चालक एवं रोजमर्रा के मजदूरी करने वाले मजदूरो को निशुल्क भोजन कराया गया । अंत में जब भोजन समाप्त कर सभी सेवाधारी अपने घर की ओर प्रस्थान कर रहे थे तो एक जरूरतमंद व्यक्ति भोजन के लिए आया भोजन नहीं होने के कारण वह वहां फेके गए झूठे पत्तल के सभी भोजनों को इकट्ठा कर भोजन करने लगा यह देखकर सभी सेवको का दिल भर गया और आंखों से आंसू छलक गए फिर उसे पैसे से भोजन खरीद करना भोजन कराया गया। नगर वासियों में चर्चा है कि नगर निगम, जिला प्रशासन एवं समर्थवान लोगों को भी आगे आकर ऐसा आयोजन अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर पूरे सप्ताह मुफ्त भोजन कराने का अभियान चलाया जाना चाहिए ताकि मोतिहारी का एक भी व्यक्ति दोनो शाम भूखा ना रहे , इससे दुआओं का खजाना जमा होगा और बुरे वक्त में वही दुआएं काम आती है।



## नर्क भी शर्मसार हो जाएगा बजबजाते शहर को देखकर



**मोतिहारी 27 अगस्त, अशोक वर्मा**। नगर परिषद से नगर निगम बनने के बाद बड़े ही काम-धाम के साथ मोतिहारी नगर निगम का चुनाव हुआ और 80% नए चेहरे चुन कर आए नगर निगम की मेयर बनी प्रीति गुप्ता एवं उपमेयर बने भाजपा के महासचिव डॉक्टर लालबाबू प्रसाद। नई टीम ने बड़े-बड़े आश्वासन दिए थे, शहर वासियों को सब्जबाग भी दिखाए थे लेकिन खोदा पहाड़ और निकली चुहिया ।चुहिया मरी हुई तो नहीं है लेकिन मरणासन्न स्थिति कही जाएगी। नगर निगम के शीर्ष के दोनो पद पर विपरीत विचारधारा के राजनीतिक दल के लोगों का बैठना इस शहर के विकास में सबसे बड़ा बाधक हो गया है।मेयर के रूप में प्रीति गुप्ता राजद समर्थक हैं और डॉक्टर लालबाबू प्रसाद भाजपा के स्थानीय सांसद राधा मोहन सिंह का दाहिना हाथ माने जाते हैं ।जिस बरसात की प्रतीक्षा दो माह से हो रही थी, चारों तरफ त्राहिमाम मचा हुआ था ,पानी का लेयर काफी नीचे चला गया था ,किसानी मारी जा रही थी,किसान मूर्छित हो रहे थे ,शहर के चारों तरफ पानी के लिए अनुष्ठान, पूजा पाठ ,जप तप चल रहे थे अंत में प्रकृति ने गुहार सुनी और बारिश हुई। शहर की लगभग तमाम नाले बंद है कीचड़ लवालव है। नाला बहान ना होने से बरसात का पानी भी नहीं निकल रहा है और सारे कीचड़ ऊपर उपट कर सड़क पर बिखरे हुए हैं। सबसे खराब स्थिति यह है कि पूरे शहर में बुखार का वायरस फैला हुआ है और शहर के हर मोहल्ले में सडांध की स्थिति है। बहुत से ऐसे मोहल्ले हैं जहां लोगों का घरों से निकलना बंद हो चुका है। नगर निगम के मेयर एवं उपमेयर का कहना है कि हमें अभी बहुत अधिक दिन आए हुए नहीं हुए हम लोग स्थिति को वॉच कर रहे हैं और शीघ्र युद्ध स्थल पर सफाई अभियान चलाया जाएगा । जिला प्रशासन भी इस मामले में मौन है । सबसे खतरनाक सड़क की स्थिति रक्सौल नेपाल काठमांडू जाने वाली सड़क का है। इस सड़क से बड़े-बड़े वाहन गुजर रहे हैं और पूरा सड़क गड्ढे नुमा हो चुका है जल जमाव से सड़के टूट भी रही है, कभी भी भयंकर दुर्घटना हो सकती है।

## 14 वर्षीय नाबालिक को दो भाइयों ने मिलकर कर दिया प्रेग्नेंट

**दैनिक शुभ, भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा।** 14 वर्षीय नाबालिक को दो दरिन्दे भाइयों ने मिलकर बनाया अपना हवस का शिकार लड़की को कर दिया गर्भवती कटिहार जिले की सुधानी ओपी क्षेत्र से ग्रह मामला सामने आया है. जहाँ 14 वर्षीय नाबालिक का दो भाइयों ने पिछले एक साल से यौन शोषण कर रहा था मामले का खुलासा तब.हुवा जब.नाबालिक गर्भवती हो गईं तब पता चला !जब लड़की के पिता बाहर से आए महिना पूर्व घर वापस लौटे तो उनकी ..बैटी. 5 माह की गर्भवती हुई तब जाकर इस घटना के बारे मे जानकारी मिली ! फिर लड़की के पिताजी और कुछ ग्रामीण के द्वारा लड़के केपिताजी के पास गए तो वो लोग भी कुछ मानने को तैयार नहीं हुआ और बोला गया कि दो लाख रुपया लो बच्चा को अबॉर्शन करवा दो लेकिन लड़की वाले का कहना हुआ ये नहीं हो सकता है मेरी नाबालिक बेटी का जिंदगी बर्बाद हो जाएगा तो लड़के वाला का कहना हुवा जहां जाना है.जाओ कुछ नहीं होगा तो लड़की का 8 महीने चलने के कारण तबियत बिगड़ने लगा उसे कटिहार सदर अस्पताल लाया दिखाने और उसी दिन लड़की को फिर कोर्ट में ब्यान भी करवाया गया लड़की का पिताजी कानून पर भरोसा करते हैं. जिला पुलिस पदाधिकारी को भी इस बात को जानकारी दिया गया है. दोनों दरिन्दे में से एक को पुलिस ने पकड़ा है .और एक भाई मोहम्मद एजाज अभी भी खुलेआम गाँव मे घूम रहे पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं किए।

# सदर प्रखण्ड मे विधिक सशक्तीकरण शिविर का आयोजन





**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी**। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में 27 अगस्त को स्थानीय नगर भवन में मेगा लीगल एंपावरमेंट कैंप का आयोजन किया गया। रविवार को स्थानीय नगर भवन में आयोजित विधिक सशक्तिकरण शिविर के मुख्य कार्यक्रम में 19 करोड़ 20 लाख 16 हज़ार तीन सौ सोलह रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त नैंसी सहाय,जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश सिन्हा एवं पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकार ने कहा कि शिविर का उद्देश्य सरकार की योजनाओं को लक्ष्य तक पहुंचाना है। पलायन की समस्या है जिसे सरकार के रोजगारपरक योजनाओं के माध्यम से हल किया जा सकता है। स्वरोजगार से स्वावलंबन को बढ़ावा तो मिलता ही है बल्कि अन्य लोगों के जीवन स्तर में भी सुधार लाया जा सकता है। समाज में व्याप्त कुप्रथा और अंधविश्वास की शिकार महिलाएं व उनके परिवार होते हैं, जो गैर कानूनी है। उन्होंने कहा की यदि मोटर दुर्घटना में ड्राइवर-खलासी की मौत हो जाती है। ऐसी स्थिति में मोटरयान अधिनियम 1923 के तहत मुआवजा का प्रावधान है। इस वर्ष चमोली की दुर्घटना में मारे गए श्रमिकों के परिजनों को मुआवजा अधिनियम के तहत क्षतिपूर्ति मुआवजा दिया गया। पारिवारिक झगड़ों में फैमिली कोर्ट का हमेशा यह प्रयास होता है कि समाधान इस प्रकार किया जाए कि बिना दबाव के समस्या सुलझ जाय और परिवार टूटने से बच जाए। इस दौरान कई अन्य कानूनी प्रावधानों का जिक्र किया गया। आज के आयोजन में नुक्कड़ नाटक के जरिये समाजिक कुरीतियों के मकड़जाल से बचने हेतू नाटक का मंचन कर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। **ग्रामीणों का जीवन स्तर ऊंचा करना एवं कानूनी प्रावधानों व अधिकारों से लैस करना उद्देश्यः उपायुक्तः** उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि आज अवकाश के दिन भी लोगों के सशक्तिकरण के उद्देश्य को पूरा करने के लिए हम यहां एकजुट हुए हैं। सरकार की योजनाओं का मकसद लोगों के विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है। अंधविश्वास व पलायन बड़ी समस्या है। रोजगार के अभाव में या बिचौलियों के चंगुल में फंसकर लोग पलायन कर जाते हैं। सरकार की मनरेगा अंतर्गत 100 दिनों के रोजगार की गारंटी है। प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिया जा चुका है कि प्रत्येक गांव में योजनाएं लें ताकि लोगों को रोजगार मिल सके।

**पुलिस अधीक्षक ने कहाः** वहीं पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे ने कहा कि कार्यक्रम के जरिये लोगों तक सरकार के योजनाओं की जानकारी पहुंचती है। सरकार का उद्देश्य आमजनों तक योजनाओं को पहुंचा कर उद्देश्य को धरातल तक पहुंचाना है।

## सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित परिसंपत्तियों का वितरण

**पेंशनः(प्रखण्ड-अंचल स्तरीयस्तरीय)**

1. बलीया देवी, पति गोवर्धन महतो, ग्राम पंचायत सिन्दुर- वृद्धा पेंशन
2. पिंकी देवी, पति- स्व० ओम प्रकाश, ग्राम पंचायत मंडईखुर्द- विधवा पेंशन
3. ममता देवी, पति- स्व० टिकेश्वर राम, ग्राम पंचायत सिन्दुर विधवा पेंशन।
4. आजाद कुमार, पिता- धर्मेन्द्र प्रसाद, ग्राम पंचायत सिन्दुर दिव्यांग पेंशन
5. प्रिंस राज, पिता छोटन प्रसाद, वार्ड -22- दिव्यांग पेंशन
6. साबरा बीबी, पिता अब्दुल कयूम, वार्ड 02- वृद्धा पेंशन
7. सायदा खातुन, पति- समीम अंसारी, वार्ड 16 विधवा पेंशन।

**मनरेगाः-**

100 दिन पूरा करने वाले लाभुक का नामः-

1. संजय राम, ग्राम पंचायत चुटियारो 2. बासुदेव महतो, ग्राम पंचायत छुटपा।

बिरसा हरित ग्राम योजना

1. प्रकाश उरांव ग्राम पंचायत हरहद
2. प्रमेश्वर कुमार यादव, ग्राम पंचायत पौता

वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान

1. देवन्ती देवी, पति सुनील राम, ग्राम पंचायत बड़ासी
2. पुष्पा कुमारी कुशवाहा, ग्राम पंचायत सखिया।

**बिरसा सिंचाई कूप**

1. राजू प्रसाद, ग्राम पंचायत अमनारी
2. पुनीत साव, ग्राम पंचायत करवेकला

आवास

(क) बाबा साहब भीम राव अंबेडकर आवास योजना

1. रीतु देवी, पति- रंजीत राम, ग्राम पंचायत सिन्दुर
2. गीता देवी, पति अरुण कुमार मेहता, ग्राम पंचायत सिन्दुर।
3. माला देवी, पति- लखन प्रसाद, ग्राम पंचायत- सिन्दुर।

(ख) बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर आवास योजना के तहत गृह प्रवेश

1. मालती देवी, पति स्व० नरेश राम, ग्राम पंचायत सिन्दुर

बाल विकास परियोजना विभागः-

सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना (ग्रामीण क्षेत्र)

1. नरगिस सादिया, ग्राम पंचायत सखिया
2. आँचल कुमारी, ग्राम पंचायत मंडईखुर्द
3. शोभा कुमारी, ग्राम पंचायत नयाखाप
4. आकंक्षा कुमारी, ग्राम पंचायत नयाखाप

**सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना (शहरी क्षेत्र)**

1. खुशबु तारा,
2. मेहर फातिमा,
3. सारा फातिमा,
4. मेनका कुमारी

**मुख्यमंत्री कन्यादान योजना**

1. गुडिया कुमारी, ग्राम पंचायत ओरिया
2. सुलेखा कुमारी, ग्राम पंचायत मंडईखुर्द
3. तरब्बुम प्रवीण, ग्राम पंचायत हरद 4. संजुम प्रवीण, शहरी क्षेत्र

जेएसएलपीएसः- चक्रिय निधि (RF) 531 समूह को प्रति समूह 30000/- रु यानी कुल रुपये 15930000/- (एक करोड उनसठ लाख तीस हजार रूपये) मात्र

1. श्रीमती साजदा बेगम
2. श्रीमती नगीना देवी
3. श्रीमती रूबी देवी

सामुदायिक निवेश निधि (CIF)- 2944 समूह को प्रति समूह 50000/रु यानी कुल रुपये 147200000/- (चौदह करोड़ बहतर लाख रुपये) मात्र

1. श्रीमती शीला देवी
2. श्रीमती सुमंती देवी
3. श्रीमती रूचिका देवी

फूलोझानो आर्शीवाद योजना

03 सदस्य को प्रति सदस्य 25000/- यानी कुल रुपये 75000/- (पचहतर हजार रुपये) मात्र

1. श्रीमती पिंकी देवी
2. श्रीमती सुगीया देवी
3. श्रीमती बबीता देवी

कैश क्रेडिट लिंकेज (CCL)= 77 समूह को प्रति समूह 150000/- कुल रूपये यानी 115650000/- (ग्यारह करोड छपन लाख पचास हजार रूपये) मात्र।

**कृषि विभागः-**

1. के०सी०सी०-
1. श्रवण साव, ग्राम पंचायत मोरांगी (50000/-)
2. शिव शक्ति राज, ग्राम पंचायत मोरांगी (50000/-)

**2. मिट्टी जाँचः-**

1. राज कुमार मेहता, ग्राम पंचायत सिलवारकला
2. सरीता देवी, ग्राम पंचायत सिलवारकला

**जन्म-मृत्यु विभागः-**

जन्म प्रमाण पत्र

1. अनील कुमार सोनी, पिता अनुप सोनी, ग्रा0पं0 मंडईखुर्द
2. प्रियांशु कुमार, पिता- कमलेश राय, ग्राम पंचायत सिन्दुर
3. इवांसी, पिता- संजीत कुमार, ग्राम पंचायत सिन्दुर

आपूर्ति विभाग

साड़ी,धोती,लूँगी का वितरण।

आशीष कुमार नंदी, प्रभात कुमार, एम०डी० गुलाम मुस्तफा, कयूम खान, राज कुमार रॉय, पुरन बहादूर, अजय कुमार, जाहिदा खातुन, सुशील कुमार सिंह,जियाउल्लाह हक,कलीम उल्लाह।

**शिक्षा विभाग के द्वारा**

10 स्कूली बच्चों को बैग एवं नोट बुक का वितरण।

**कल्याण विभागः-**

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजनाः-

1. सुमन मिंज, पिता- लाल बहादूर उराँव, लाखे, कोर्य
2. मोना देवी, पति स्व० अशोक शर्मा, कुम्हारटोली, नाला पार
3. सहदेव गोप, पिता- भोला गोप, ग्राम पंचायत- गुरहेत

**वैशाखी वितरणः-**

1. पम्मी कुमारी, मंडईखुर्द

हियरिंग मशीन वितरण

1. सिद्धार्थ प्रसाद, पिता- कैलाश प्रसाद, ग्राम पंचायत करवेकला।

15वें वित्त आयोग- 15वें वित्त आयोग के द्वारा कुल 05 योजनाओं का शिलान्यास ।

# प्लेंटी शूट में ढेंगुरा की टीम बनी टूर्नामेंट की विजेता



**हजारीबाग**। सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित होने वाले हजारीबाग के सबसे बड़े और भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 के प्रथम चरण का रविवार को कटकमदाग मैदान में भव्य समापन हुआ। बीते 20 अगस्त से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में कटकम दाग प्रखंड क्षेत्र के 12 पंचायत के करीब 44 गांवों की टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें कुल 40 पुरुष टीम और 4 महिला टीम शामिल हैं। सात दिनों तक लगातार कटकमदाग मैदान में फुटबॉल का रोमांच दिखा। इस दौरान हर दिन टूर्नामेंट आयोजन स्थल ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान खिलाड़ी और खेलप्रेमी दर्शकों से गुलज़ार रहा। सभी टीमों के बीच बेहद संघर्षपूर्ण और रोमांचक मुकाबले के उपरांत फाइनल मुकाबले के लिए धर्मयोद्ध क्लब, कटकमदाग बनाम शिवशक्ति क्लब, ढेंगुरा पहुंचा। इन दोनों के बीच फाइनल मुक़ाबले का विराट आयोजन हुआ। फाइनल टूनामेंट में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल शामिल हुए और फाइनल मैच का किक मारकर और खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर व परिचय प्राप्त कर शुरूआत कराया। इससे पूर्व विधायक मनीष जायसवाल का यहां पारंपरिक रीति- रिवाज से पारंपरिक वाद्य- यंत्रों के साथ खिलाड़ियों और कला संस्कृति एसएस जुड़े लोगों ने अभिनंदन किया। स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर और आयोजन समिति द्वारा पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। जिसके बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रीन गान गया गया। फाइनल मैच धर्मयोद्ध क्लब, कटकमदाग बनाम शिवशक्ति क्लब, ढेंगुरा के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबले में बराबरी के बाद प्लेंटी शूट आउट के जरिए 2- 1 गोल से ढेंगुरा की टीम ने जीत हासिल कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया । विजेता टीम और विजेता टीम को विधायक मनीष सहसवान सहित अन्य अतिथियों ने पुरस्कृत भी किया। विजेता टीम को 25,000 रुपए और उपविजेता टीम को 15,000 रुपए नगद, आकर्षक नमो ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में बेस्ट डिसिप्लिन क्लब का अवार्ड ज्योति क्लब सिरका, बेस्ट गोलकीपर का अवॉर्ड भोक्ता क्लब चीची और गोल्डन बूट अवार्ड युवा क्लब बेस के नाम हुआ। टूर्नामेंट का फाइनल होते ही पूरा मैदान क्षेत्र आतिशबाजी के गूंज से गुंजायमान हो उठा ।

**महिला वर्ग की विजेता बनी फतहा टीम,सदर विधायक ने किया विशेष उत्साहवर्धनः** नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 के कटकमदाग प्रखंड में आयोजित टूर्नामेंट में कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र की कुल 4 महिला टीमों ने भाग लिया। जिसमें महिला वर्ग में फाइनल मुकाबले में आदर्श उच्च विद्यालय, कटकमदाग बनाम फतहा टीम के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसमें आदर्श उच्च विद्यालय, कटकमदाग को 1-0 गोल से हराकर फतहा टीम विजेता बनी। इससे पूर्व कटकमदाग मैदान में हजारीबाग हाइवा ऑनर एसोसिएशन बनाम कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के बीच दोस्ताना मुकाबला हुआ। जिसमें कटकमदाग जनप्रतिनिधि की टीम 2 गोल से विजयी हुई। विधायक मनीष जायसवाल की ओर से विजेता बालिका टीम को 31 सौ रुपए नगद, आकर्षक नमो ट्रॉफी और मेडल एवं उपविजेता महिला टीम को 21 सौ रुपए नगद, आकर्षक नमो ट्रॉफी और मेडल देकर उत्साहबर्धन किया। वहीं दोस्ताना मैच में शामिल हाइवा एसोसिएशन और कटकमदाग जनप्रतिनिधियों का भी फूल माला पहनाकर हौसलाफजाई किया ।

**क्षेत्र के कलाकारों को मिला मंच, अखाड़ा में तब्दील हुआ मैदान, करमा नृत्य और झारखंडी संस्कृति की दिखी झलकः** फाइनल मैच शुरू होने से पूर्व मंच के समीप कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र के विद्यार्थियों और कलाकारों को मंच प्रदान किया गया। पुरा मैदान करीब एक घंटे तक अखाड़ा में तब्दील हो गया जहां करमा गीत और झारखंडी संस्कृति की अद्भुत झलक रिकॉर्डिंग गीतों पर सामूहिक नृत्य में दिखा। मंच से खुद विधायक मनीष जायसवाल सहित अन्य अतिथिगण इन कलाकारों का हौसलाफजई करते रहें तो वहीं फुटबॉल प्रेमी दर्शक झूम उठे और खूब मनोरंजन किया । टूर्नामेंट में बतौर निर्णायक की भूमिका में नरेश मुर्मू, राजेन्द्र यादव, सरीफुल्ला उर्फ़ गुड्डू और दिलीप राम ने एवं उद्घोषक की भूमिका सुरेंद्र गुप्ता और आशीष गुप्ता ने निभाया। टूर्नामेंट के सफल संचालन में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट संचालन समिति के कविंद्र यादव, इन्द्रनारायण कुशवाहा, अजय कुमार साहू, सुरेंद्र गुप्ता, आशीष कुमार गुप्ता, अभिषेक कुमार, दीपक पंडित, सुनील कुमार यादव सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

## किशनगंज शतरंज में अमयरा, ग्रंथ, वर्षिका व धानी विजेता



**किशनगंज 27 अगस्त (अली रजा)**। जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में गट्टानी कॉम्प्लेक्स तेघरिया में संचालित की जा रही शतरंज प्रशिक्षण केंद्र किशनगंज चेस एकेडमी में रविवार को एक निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें अपने-अपने विभागों में अमयरा रहमान ,ग्रंथ जैन, वर्षिका चितलांगिया एवं धानी अग्रवाल विजेता घोषित हुए। उपरोक्त जानकारी संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव तथा उक्त केंद्र के संचालक कमल कर्मकार ने दी। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रतियोगिता में मयंक मंडल, आरव अग्रवाल, दीवा सोमानी एवं रमित जैन को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। जबकि कुंज अग्रवाल,अयान अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल एवं तनय अग्रवाल तीसरे स्थानों पर रहे। अंश साहा, रौनक कुमार साहा, अनाया अग्रवाल एवं अन्य क्रमशः इनके पीछे-पीछे रहे। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को संघ के वरीय उपाध्यक्ष मनोज गट्टानी, उपाध्यक्ष बासुकीनाथ गुप्ता, महासचिव शंकर नारायण दत्ता, पंजीपाड़ा से पहुंचे श्रीमती राधा अग्रवाल एवं रिंकी नाथ ने संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री गट्टानी ने कहा कि बच्चों के मानसिक विकास एवं स्वस्थ मनोरंजन हेतु शतरंज एक बेहतरीन खेल है।

## झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान



**संवाददाता/हज़ारीबाग सोहैल किरमानी**। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नगर संयोजक मंडली के सदस्य मोहम्मद सरफराज अहमद के नेतृत्व में हज़ारीबाग के सभी वार्ड से युवा और समाजसेवी कार्यकर्ताओं द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। झामुमो कार्यकर्ता ने हजारीबाग झामुमा कार्यालय में रसीद काटकर लोगों को झामुमो की सदस्यता दिलाई।इस मौके पर झामुमो की सदस्यता ले रहे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संयोजक मंडली सदस्य सरफराज अहमद ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा जनता की अपनी पार्टी है। जिसमें झामुमो मैं कई कार्यकर्ता सदस्यता ग्रहण किया जो हैदर अली,शहीद राजा, मोहम्मद सरफराज, अभिषेक कुमार हरि, इरसाद, फरहान, फैसल खान, सद्दाम हुसैन, वसीम आलम,संतोष कुमार राणा, राजकुमार साव, राजकुमार राणा, संतोष कुमार महतो, इम्तियाज, विकास कुमार, अनीस अख्तर, अमीर अल्ताफ, अंसार आलम, सलामत फैजुद्दीन अंसारी, सैफ आलम और सैकड़ो समाज सेवी सदस्यता ग्रहण किया।

बैठक | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिलांतर्गत बंदोबस्त एवं विशेष सर्वेक्षण की समीक्षात्मक बैठक

# बंदोबस्त एवं विशेष सर्वेक्षण कार्य की हुई समीक्षा



**किशनगंज (अली रजा)**। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिलांतर्गत बंदोबस्त एवं विशेष सर्वेक्षण की समीक्षात्मक बैठक शनिवार को समाहरणालय सभागार में आहूत की गई। बैठक में अपर समाहर्त्ता - सह - प्रभारी पदाधिकारी , बंदोबस्त एवं विशेष सर्वेक्षण के द्वारा बताया गया कि कुल चार अंचलों के 17 शिविरों में सर्वेक्षण का कार्य जारी है। डीएम के द्वारा सभी शिविर प्रभारी के साथ उनके अंचल के ग्रामवार गहन समीक्षा की गई। ग्रामवार समीक्षा के क्रम में कई स्थानों पर विशेष सर्वेक्षण के कार्यों में अपेक्षाकृत प्रगति नहीं पाई गई। समीक्षोपरांत कार्य में रुचि नहीं लेने वाले विशेष सर्वेक्षण कर्मियों,अमीन, कानूनगो,सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी के अगस्त माह के 15 दिन का वेतन कटौती का निदेश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। साथ ही, बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले कर्मियो से स्पष्टीकरण करते हुए अग्रेतर कारवाई करने का निदेश दिया गया। क्षेत्र भ्रमण में अनुपस्थित पाए गए कानूनगो और कर्मियों पर भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। एतद स्पष्टीकरण की मांग की जा रही है। गौरतलब हो कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, (भू-अभिलेख एवं परिमाण निदेशालय) बिहार, पटना के निर्देश के आलोक में बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य जिलांतर्गत किशनगंज, बहादुरगंज, कोचाधामन एवं ठाकुरगंज अंचल में प्रक्रियाधीन है। आयोजित शिविर में प्राप्त हो रही रैयतों की शिकायतों / समाधान हेतु किशनगंज, बहादुरगंज, कोचाधामन एवं ठाकुरगंज अंचल में पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण भी किया जाता रहा है। एलपीएम वितरण, किश्तवार,खानापूरी के कार्यों में रैयतवार सावधानी रखने की आवश्यकता होती है। इस समीक्षा बैठक में डीएम के द्वारा सभी सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी ,कानूनगो व विशेष सर्वेक्षण अमीन के कार्यों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में शिविर स्तर पर उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा एवं शिविर कार्यालयों के सुरक्षा की स्थिति, विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य से संबंधित पंजी / अभिलेखों एवं कागजातों के स्थिति, विशेष सर्वेक्षण शिविर अन्तर्गत पदस्थापित कर्मियों की उपस्थिति, सर्वेक्षण पूर्व गतिविधियाँ यथा ग्रामवार उद्घोषणा, रैयतों से स्वघोषणा की प्राप्ति, प्रपत्र 5 के संधारण तथा राजस्व ग्राम अभिलेख के संधारण, खेसरा पंजी के संधारण, याददास्त पंजी एवं अमीन डायरी का संधारण एवं खानापूरी प्रक्रिया अन्तर्गत खानापूरी पर्चा / एलपीएम वितरण की स्थिति, विभिन्न प्रक्रमों में रैयतों में सहभागिता की स्थिति एवं समस्या एवं उनके प्रति सर्वेक्षण कर्मियों के आचरण की समीक्षा की गई। बैठक में सभी सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, कानूनगो,अमीन को विभागीय निदेशानुसार मासिक प्रगति से अवगत कराने,निर्धारित समय में लक्ष्य अनुरूप कार्य निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। डीएम के द्वारा एक - एक बिंदु यथा खानापूरी, याददास्त पंजी लेखन,एलपीएम वितरण की समीक्षा कर याददास्त पंजी लेखन का कार्य इस माह के अन्त तक समाप्त करने का निदेश दिया। स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि उक्त कार्य के पश्चात प्रपत्र - 6 प्रविष्टी आरंभ किया जाय। बैठक में 4 अंचल के सभी 407 ग्राम के कार्यों का अनुश्रवण किया गया।देर संध्या तक बैठक जारी रही।

# ब्रह्माकुमारीज हेनरी बाजार सेवा केंद्र ने मनाया अलौकिक रक्षाबंधन महोत्सव

**मोतिहारी 27 अगस्त अशोक वर्मा**। नगर के बनिया पट्टी स्थित आवासीय होटल में ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा अलौकिक रक्षाबंधन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया ।गौरतलब है कि ब्रह्माकुमारी द्वारा देश भर में 15 दिवसीय रक्षाबंधन त्यौहार का आयोजन किया जाता है ।पवित्रता का त्योहार रक्षाबंधन ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा वर्ष भर में मनाए जाने वाले उत्सव महोत्सव में प्रमुख स्थान रखता है। कार्यक्रम का उद्घाटन जिले की वरिष्ठ राजयोगिनी बीके मीना ,बीके अशोक वर्मा ,डॉक्टर हेना चंद्रा, बीके प्रियंका बेगूसराय , बीके विभा, बीके नीतू बहन सिकटिया ,संगीता चित्रांश ,डॉक्टर आर एन सिंह, संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार सिंहा , जिला पदाधिकारी के पूर्व पीए एवं समाज सेवी नरेश बाबू ने दीप प्रज्वलित कर किया। रक्षाबंधन के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए राजयोगिनी बीके मीना दीदी ने कहा कि रक्षाबंधन पवित्रता का त्योहार है ,जब दुनिया पतीत हो जाती है यानी धर्मग्लानि का समय आता है तब परमपिता परमात्मा का "भारत की भूमि पर अवतरण होता है और उनके द्वारा पतीत दुनिया को पावन बनाया जाता है, वे सभी को रक्षा सूत्र बांधते हैं। दुनिया के विधि विधान में बहन भाई के कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके मंगल जीवन एवं सुरक्षा की कामना करती हैं। राजायें जब युद्ध के मैदान में जाते थे तो रानियां उनके कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके जीवन को सुरक्षित रखने की कामना करती थी। द्वापर युग से रक्षा सूत्र बांधने की परंपरा चली ।उन्होंने कहा कि यह त्योहार ऐसा है जिसे सभी धर्म वाले उमंग उत्साह से मनाते हैं। उन्होंने कहा कि भक्ति मार्ग के विधि विधान अनुसार जब शिवरात्रि पर शिव बाबा का अवतरण भारत की भूमि पर होता है तो "उसके बाद उनके द्वारा पतित दुनिया को पवन बनाने का कार्य शुरू होता है और जब दुनिया पवित्र बन जाती है यानी आत्मा शक्तिशाली बन जाती है फिर जन्माष्टमी का त्योहार आता है। श्री कृष्णा पावन धरती पर जन्म लेते हैं । संचालन के दौरान बीके अशोक ने संस्था का परिचय दिया।

## पौता ग्राम में आयोजित शिव परिवार रुद्राभिषेक सह नंदी बाबा की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए सदर विधायक





**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी**। हजारीबाग सदर प्रखंड के चुरचू रोड स्थित ग्राम पौता में पवित्र श्रावण महीने के सोमवार को भगवान शिव परिवार रुद्राभिषेक सह नंदी बाबा की प्राण प्रतिष्ठा के तीन दिवसीय कार्यक्रम हर्षोल्लासपूर्वक और धूमधाम से संपन्न हुआ। यहां का शिवालय करीब 50 साल पुराना बताया जाता है। पिछले दिनों जर्जर होने के कारण नंदी बाबा की प्रतिमा खंडित हो गई थी। जिसके बाद ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से विधायक मनीष जायसवाल से नंदी बाबा की प्रतिमा उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। ग्रामीणों के आग्रह पर विधायक मनीष जायसवाल ने रविवार को यहां ग्रामीण श्रद्धालुओं को डेढ़ फीट की नंदी बाबा की आकर्षक प्रतिमा और स्थानीय महिला जागरण समिति को बाध्य यंत्र भेंट किया। विधायक मनीष जायसवाल से नंदी बाबा की प्रतिमा और ढोलक, झाल सहित अन्य बाध्य यंत्र पाकर ग्रामीण अभिभूत हो गए और खुशी से झूम उठे। लोगों ने भगवत जयकारे संग मनीष जायसवाल जिंदाबाद के नारे से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया । पौता गांव के बीचों- बीच स्थित इस शिवालय में तीन दिवसीय अखंड महामंत्र नाम संकीर्तन के विराट भक्ति जागरण कार्यक्रम के साथ रविवार को शिव परिवार रुद्राभिषेक के साथ पूरे विधि- विधान से मंत्रोच्चारण के बीच नंदी बाबा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हुई । मौके पर बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल शामिल हुए और रुद्राभिषेक के अवसर पर भवन भोलेनाथ से क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। यहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने एकजुटता का परिचय दिया और ढोल- ताशे एवं गाजे- बाजे के साथ नारा- जयकारा लगाते हुए विधायक मनीष जायसवाल का फूल माला पहनाकर अभूतपूर्व स्वागत किया।

## ख़ास ख़बर

### वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**पीडीडीयू नगर(चंदौली)**। पुलिस अधीक्षक चंदौली अनिल कुमार द्वारा माननीय न्यायालय से निर्गत वारंटो के शत प्रतिशत तामीला हेतु अभियान चलाकर वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया गया था जिनके क्रम में अलीनगर पुलिस ने चार वारंटी सीताराम, लालचंद्र,राधेश्याम व परसराम को गिरफ्तार किया।वहीं दूसरी तरफ सैयदराजा पुलिस ने पांच वारंटी अभियुक्त राम अवध,सुभाष शर्मा,सुभाष चौहान,राजकुमार चौहान वह जीतू चौहान नामक को गिरफ्तार किया।इसी क्रम में चकिया पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्त रियाज़ वह राजकुमार नामक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।जिनपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

### पशु बरामद दो तस्कर गिरफ्तार



**पीडीडीयू नगर(चंदौली)**। पुलिस अधीक्षक चंदौली अनिल कुमार के निर्देशानुसार जनपद में वाहन चोर,वांछित अभियुक्त,वारंटीयो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कंदवा पुलिस ने पैदल वध हेतु ले जा रहे 7 पशुओं को बरामद किया वहीं मौके से पुलिस ने दो तस्कर अजय वह वचन्धर नामक को गिरफ्तार किया जिनके पास से एक चापड़ भी बरामद हुआ। जिनपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

### ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन नगर तहसील इकाई द्वारा एक होटल में बैठक की गई





**मानवेंद्र जायसवाल ब्यूरो चीफ। चंदौली**। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन पीडीडीयू नगर तहसील इकाई द्वारा शनिवार को नगर के एक होटल में बैठक आहुत की गई जिससे पीडीडीयू नगर तहसील और नगर के पत्रकार उपस्थित रहे बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार द्वारा वरिष्ठ पत्रकार कमलेश तिवारी को जिला संरक्षक नियुक्त किया गया जिस पर सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने खुशी जाहिर की और सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने माला फूल पहनाकर उन्हें सम्मानित किया कमलेश तिवारी ने बताया कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन संगठन काफी वर्षों से चली रही है हेमंत संगठन हमेशा से पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ते आ रही है और आगे भी लड़ते रहेंगे बैठक में तहसील अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की टीम जिले में मजबूती से कार्य कर रही है पत्रकारों के हितों के लिए संगठन तैयार है इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार संस्थापक डॉ विनय कुमार मनोज कुमार ने संगठन पर विस्तार से चर्चा किया नगर अध्यक्ष शाकिर अंसारी जिला संरक्षण कमलेश तिवारी महामंत्री चंचल सिंह उपाध्यक्ष संता सिंह तहसील उपाध्यक्ष राजीव कुमार जायसवाल तलवार सिंह साजिद अंसारी इकबाल हुसैन सलमान अली आफताब आलम सैयद अली अनीस सरताज अली आनंद उपाध्याय प्रमोद कुमार शर्मा मनमोहन कुमार आदि लोग शामिल रहे

### इंटर कॉलेज में फीस उसिली का मामला फिर सामने आया है





**बबुरी चन्दौली**। इंटर कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति ने बहुत पहले पीटीए एवं अन्य फीस के नाम पर अवैध वसूली के विरुद्ध जिला विद्यालय निरीक्षक चंदौली को शिकायत पत्र दिया था जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर तीन सदस्य टीम आज अशोक इंटर कॉलेज बबुरी में अवैध 30 वसूली के बारे में जांच हड़ताल की टीम के सदस्य प्रत्येक कक्षा में जाकर छात्रों से अवैध फीस के बारे में बातचीत कीए छात्रों ने टीम के सदस्यों को बताया हम लोग से1300 से लेकर 1400 रुपए फीस ली जाती है और रशिद केवल 800 और 900 रुपए की दी जाती है इसके बारे में जब पूछा जाता है तो प्रधानाचार्य की तरफ से यह कहा जाता है इस इस500 पर प्रबंधक का अधिकार है समिति ने प्रत्येक छात्र का नाम और हस्ताक्षर लिया जांच कमेटी जितने समय विद्यालय रही उतने समय प्रबंधन अशोक सिंह इंटर कॉलेज में उपस्थित रहे और जांच कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने का प्रत्यन करते रहे जनहित इंडिया न्यूज़ चंदौली ने भी छात्रों से बातचीत की और छात्रों ने उन्हें बताया पीटीए के नाम पर500 की वसूली के बारे में और उसकी रसीद न दिए जाने के बारे में हम लोगों ने कमेटी के सदस्यों को विस्तार से बताया है संघर्ष समिति के सदस्य श्री विमल कुमार सिंह ने कहा है जो छात्रों ने बयान दिया है अगर समिति के सदस्यों ने उसके अनुरूप रिपोर्ट दिया तो प्रबंधक का भ्रष्टाचार एक बार पुनः सामने आएगा कुछ छात्रों ने बताया कि हम लोगों ने गुप्त रूप से समिति के सदस्यों से बातचीत का पूरा अपने वीडियो में रिकॉर्ड भी कर दिया है।

# निजी स्कूलों के 83 वाहन बिना फिटनेस सड़कों पर भर रहें हैं फर्राटे

**अशोक कुमार जायसवाल। चंदौली**। निजी स्कूलों के 83 वाहन बिना फिटनेस सड़कों पर भर रहें हैं फर्राटे, चंदौली में डग्गामार वाहनों की भरमार* .शुभ भास्कर ग्राउंड चकिया क्षेत्र बना डग्गामार वाहनों का हब... . एआरटीओ राम सिंह ने सुदर्शन न्यूज़ चैनल की टीम की शिकायत पर कार्रवाई के दिए निर्देश... चंदौली : खबर जनपद चंदौली से है जहां नौनिहालों का जीवन खतरे में रखकर स्कूल संचालकों द्वारा डग्गामार वाहनों से ढोया जा रहा है। बता दें परिवहन विभाग के तदर्थ चंदौली में 854 वाहन पंजीकृत हैं और इसमें बस, मैजिक और अन्य वाहन शामिल हैं, लेकिन अभी 83 वाहन ऐसे हैं जिनका फिटनेस फेल है। यह तो आंकड़ा परिवहन विभाग का है, लेकिन इसके इतर भी बच्चों को डग्गामार वाहनों से प्रायः अधिकांश पैमाने पर ढोए जाने का मामला सामने आता है। बता दें कि डीएम निखिल टीकाराम फुंडे के सख्त निर्देश ' बिना फिटनेस सड़कों पर नहीं दौड़ेंगे स्कूली वाहन ' के बावजूद संबंधित महकमा की उदासीनता के कारण चंदौली के निजी स्कूलों द्वारा डीएम के निर्देशों का मखौल उड़ाते हुए धडल्ले से बगैर फिटनेस वाहनों का संचालन जारी है।





परिवहन विभाग की माने तो स्कूल संचालकों को इस बाबत कई बार नोटिस दी जा चुकी है। शुभ भास्कर ग्राउंड रिपोर्टिंग में यह तथ्य सामने आया कि चकिया क्षेत्र में सबसे ज्यादा बच्चों को ढोए जाने के क्रम में डग्गामार वाहनों का प्रयोग हो रहा है। जबकि निजी स्कूल संचालकों द्वारा बच्चों को ढोए जाने के लिए मोटी फीस भी ट्रैवल चार्ज के रूप में वसूली जाती है। वहीं स्कूली वाहनों के हादसों पर गौर फरमाए तो जिन भी स्कूली वाहन के हादसे अभी तक जनपद में घटित हुए हैं, उनका फिटनेस फेल ही मिला है। इन स्कूल संचालकों की दबंगई भी इस कदर है कि लगातार नोटिस, हादसों के बावजूद भी नौनिहालों के जीवन से खिलवाड़ करने से नहीं चूकते। हालांकि इस बाबत शुभ भास्कर ग्राउंड की टीम ने लगातार मुद्दा प्रमुखता से उठाया लेकिन उदासीन महकमा कार्रवाई का तो आश्वासन देता है लेकिन कार्रवाई कभी अमल में नहीं लाता। इस बार भी एआरटीओ विभाग के अधिकारियों द्वारा बिना फिटनेस और डग्गामार वाहनों को जब्त करने की बात कही जा रही है। एआरटीओ राम सिंह ने भदोही की तर्ज पर चंदौली में भी स्कूलों को चिन्हित कर अभियान चलाने का आश्वासन दिया है। कहा कि मानकों के विपरीत और बच्चों को ढोए जाने के क्रम में स्कूल संचालकों की नहीं चलने दी जाएगी। हालांकि देखना होगा कि आखिर कब तक कुंभकर्णी नींद में सोया महकमा अलर्ट मुद्रा में आकर नौनिहालों के जीवन से खिलवाड़ करने वालों पर कार्रवाई अमल में लाता है।

## भारतवर्षीय गोंड आदिवासी आदिवासी महासभा समिति की हुई बैठक



**पीडीडीयू नगर(चंदौली)**। भारतवर्षीय गोंड आदिवासी महासभा समिति के बैठक कैंप कार्यालय परशुरामपुर मुगलसराय पर संपन्न हुई अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उमेश चंद्र गोंड व संचालन रविशंकर जिलाध्यक्ष ने किया। सभा में आदिवासी एजेंडा के अंतर्गत कुछ प्रमुख मुद्दों को रखा गया जिसमें प्रथम अनुसूचित जनजात के लिए धर्म कोड के रूप में आदिवासी धर्म ट्रिप कोड की मान्यता दिया जाए,पेशा कानून को अनुसूचित क्षेत्रों में लागू करना,वर्तमान वन अधिकार कानून वापस लिया जाए,भूमि अधिकरण के लिए ग्राम सभा की अनुमति उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय अनुसूचित जनजातीय आयोग के तर्ज पर प्रदेशिक अ0 जनजाति की स्थापना की जाए वह निजीकरण को तत्काल बंद करते हुए सविंदा और आउट सोर्सिंग को बंद किया जाए। सभा में श्री कृष्णा गोंड, प्यारेलाल,प्रेम शंकर प्रसाद, सुरेश प्रसाद,रामाधार,राजीव कुमार,विजय,लल्लन मास्टर, कैलाश अन्य उपस्थित रहे।

## चोरी के आठ मोबाइल बरामद एक चोर गिरफ्तार



**पीडीडीयू नगर(चंदौली)**। पुलिस अधीक्षक चंदौली अनिल कुमार के निर्देशानुसार मुगलसराय प्रभारी निरीक्षक दीनदयाल पांडेय के नेतृत्व में मुगलसराय कोतवाली पुलिस टीम द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के क्रम में मुखबिर की सूचना पर डीलक्स शौचालय वीआईपी गेट के पास से एक व्यक्ति को चोरी के आठ मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया पकड़ा गया व्यक्ति चंदन मुगलसराय जनपद चंदौली निवासी बताया जाता है।जिसपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

# कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधियों, वांछित/वारंटियों की गिरफ्तारी

**चन्दौली**। पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा0 अनिल कुमार द्वारा जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधियों, वांछित/वारंटियों की गिरफ्तारी एवं अराजकतत्वों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु समस्त अधिकारी एवं थाना प्रभारीगण को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। जिसके क्रम में वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के दौरान आज दिनांक 27/08/2023 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा 28 वारंटियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देशानुसार ऐसी कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी तथा प्रत्येक आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों एवं अराजकतत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**थाना अलीनगर**

1. सीताराम हरिजन पुत्र राज कुमार नि0 धपरी थाना अलीनगर जनपद चन्दौली
2. लालचन्द्र पुत्र खिचडू यादव निवासी आलमपुर थाना अलीनगर **जनपद चन्दौली**
3. राधेश्याम पुत्र बाली चरण चमार निवासी कुछमन थाना अलीनगर जनपद चन्दौली
4. पारस राम पुत्र स्व0 राम सेवक राम नि0 गोधना थाना अलीनगर जनपद चन्दौली ।

**थाना इलिया-**

5. मुन्ना पुत्र जंगी हरिजन निवासी ग्राम इलिया थाना इलिया जनपद चन्दौली ।

**थाना कन्दवा-**

6. सुनील कुमार पुत्र रामसूरत निवासी ग्राम पटखौली थाना जमानिया जनपद गाजीपुर

**थाना चकिया-**

7. रियाज पुत्र स्वदेशी निवासी ग्राम लतीफशाह थाना चकिया जनपद चन्दौली ।
8. राजकुमार पुत्र नरोत्तम मल्लाह निवासी ग्राम लतीफशाह थाना चकिया जनपद चन्दौली।

थाना कोतवाली चन्दौली-

9. रामाश्रय उर्फ कल्लू पुत्र मुरली निवासी नेगुरा थाना व जनपद चन्दौली ।
10. नरायन चौहान पुत्र सेवा चौहान निवासी नेगुरा थाना व जनपद चन्दौली ।
11. रामपति पुत्र उमाराव निवासी ग्राम बर्थरा खुर्द थाना व जनपद चन्दौली ।
12. अजय कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी वार्ड न0 03 कस्बा सैयदराजा थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली।

**थाना सैयदराजा-**

13. राम अवथ राम पुत्र देवकी राम निवासी ग्राम जमुड़ा थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली
14. सुभाष शर्मा पुत्र रामविलास शर्मा निवासी तेजोपुर थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली
15. सुभाष चौहान पुत्र किशोर चौहान निवासी ग्राम सुण्डेहरा थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली
16. राजकुमार चौहान पुत्र रामपती चौहान निवासी सुण्डेहरा थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली
17. जितू चौहान पुत्र किशोरी चौहान निवासी सुण्डेहरा थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली।

**थाना मुगलसराय-**

18. मदन यादव पुत्र रामनरेश यादव निवासी ग्राम धरना थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।
19. राम बचन पुत्र मदन निवासीग्राम धरना थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली ।
20. जितेन्द्र कुमार पटेल पुत्र स्व0 लालचन्द पटेल निवासी रतनपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली
21. अजय सिंह चौहान पुत्र सारनाथ निवासी ग्राम हनुमानपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली
22. शिव प्रकाश उर्फ गोरख यादव निवासी ग्राम सहजौर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली ।
23. मु0 परवेज पुत्र मो0 सिद्दिक निवासी ग्राम दुलहीपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली ।

**थाना बलुआ-**

24. संदीप कुमार उर्फ पप्पू पुत्र उमाशंकर राम नि0 रईया थाना बलुआ जनपद चन्दौली
25. किशोर पुत्र बब्बन नि0 पंडितपुर थाना बलुआ जनपद चन्दौली
26. शशिकांत उर्फ कमला यादव पुत्र चम्मन यादव नि0 हरधन जुडा थाना बलुआ जनपद चन्दौली
27. प्यारे राजभर पुत्र कुमार राजभर नि0 काँवर थाना बलुआ जनपद चन्दौली

**थाना बबुरी-**

28. मोहम्मद मुख्तार पुत्र मोहम्मद खलील निवासी ग्राम डबरी थाना बबुरी जनपद चन्दौली।

### कड़ी धूप में पूजा का आस्था आज धूम धाम से मनाई गई मां काली पूजा



**चंदौली सैयदराजा नगर**। मां काली की पूजा सीमित के द्वारा पूजा संपन्न की गई जिसमें आज मां काली माता का पूजा किया गया इस दौरान सैयद राजा नगर का भ्रमण कर सभी देवी-देवताओं की पूजा अर्चना की गई। इसको लेकर मंदिर परिसरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। काली मंदिरों में देवी मां का श्रृंगार पूजा किया गया व सामूहिक पूजन किया गया, जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर महिलाओं द्वारा गाए गए देवी गीतों से गुंजायमान रहे। मां काली की वार्षिक पूजा स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा धूमधाम से की गई। दर्शनीया मोलई बाबा व राजेंद्र प्रसाद के द्वारा पूरे नगर में परिक्रमा की गई। परिक्रमा के दौरान नगर के कई ग्रामीण मां काली का ध्वजा लेकर पीछे पीछे दौड़ते हुए परिक्रमा को पूर्ण किए। जिसके उपरांत शाम के पहर मां काली की पूजा आराधना प्रारंभ हुई। दर्शनीया राजेंद्र प्रसाद वही दर्शनीय मोलाई बाबा ने बताया कि मां काली की पूजा के बाद ग्रामीणों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा के दौरान समिति अध्यक्ष दिलीप अग्रहरि राजू गुप्ता अजीत गुप्ता मोहन अग्रहरि लाल बिहारी भगवान दास कश्यप अकीत जायसवाल बबलू अग्रहरि नीरज अग्रहरी विनय सेठ सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे राजू केसरी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज आज मां काली का धूम धाम पूजा किया गया है जिसमें नगर एवं बाल बच्चे खुशहाली के लिए आज पूजा की जाती है।

### भाजपा सरकार में महंगाई से गरीब मजदूर व मध्यमवर्गीय परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकटः मनोज सिंह डब्लू



**अशोक कुमार जायसवाल, चंदौली**। मुख्यालय स्थित बिछिया धरना स्थल पर शुक्रवार को समाजवादी पार्टी द्वारा एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेताओं ने महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार वह किसान की समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद की पूर्व सांसद रामकिशुन यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में समाज का प्रत्येक तबका परेशान है किसान की जमीनों का अधिग्रहण किया जाना गलत है। उन्होंने कहा कि किसान की जमीनों का मुआवजा देकर ही अधिग्रहण किया जाए। विधायक सकलडीहा प्रभु नारायण सिंह यादव ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण आज आम जनता त्रस्त है महंगाई के चलते गरीबों के घर में 2 वक्त का चूल्हा जलना भी मुश्किल हो गया बेरोजगारी की समस्या से युवा परेशान है सरकार द्वारा किए गए वादा पूरा न होने के कारण युवा कुलथिक मानसिकता के शिकार हो रहे हैं। विधायक ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण के नाम पर किसान की जमीनों का बिना मुआवजा दिए बिना अधिग्रहण किया जाना गलत है। उन्होंने किसानों को मुआवजा दिए जाने की मांग की कहा कि नहरों में पानी न होने के कारण किसान की फसल सूख रही है लेकिन सरकार के प्रतिनिधि नहरों में पानी छोड़े जाने का दावा कर रहे हैं। पूर्व विधायक मनोज कुमार सिंह डब्लू ने कहा कि पूरे प्रदेश में जंगल राज कायम है किसान युवा व्यापारी सभी परेशान है। श्री सिंह ने कहा कि नहरो की साफ सफाई न होने के कारण किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच रहा है एक तरफ बीजेपी सरकार किसानों का आय दोगुना करने की दावा कर रही है वहीं दूसरी तरफ किसान अपनी फसल को बचाने के लिए परेशान है। पानी के अभाव में खेतों में खड़ी फसल सूखने के कगार पर है श्री सिंह ने कहा कि विश्व प्रदेश में महंगाई से गरीब मजदूर व मध्यमवर्गीय परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है महंगाई पर अंकुश लगाने में सरकार पूरी तरह से फेल है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सामुदायिक शौचालयो पर लगा ताला एडीओ पंचायत मौन

**चकिया चन्दौली**। प्रदेश सरकार के द्वारा जहां गांवो को खुले से शौच मुक्त कराने को लेकर लगातार बिभिन्न योजनाओं को संचालित करते हुए लाखों रुपये खर्च किया जा रहा है तथा ग्रामीणों को खुले मे शौच से होने वाली बीमारियों को लेकर लगातार प्रचार प्रसार करते हुए जागरुक भी किया जा रहा है वही सरकार के द्वारा ग्रामीणों की सुविधाएं को लेकर स्वच्छ भारत मिशन के तहत ब्लाक सभी गांवों मे लाखो रुपये निर्मित सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया जिसका प्रमुख उद्देश्य था की जनपद मे गांवो के सभी लोगों को सामुदायिक शौचालय योजना का लाभ उपलब्ध हो सके मगर जमीनी स्तर पर लाखों खर्च के बाद भी शासन की स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत बने सामुदायिक शौचालय योजनाओं मे ग्रहण लगता नजर आ रहा है तथा सामुदायिक शौचालय पर ताला लगा रहता है ताला लगा रहने से ग्रामीण सामुदायिक शौचालय का उपयोग नही कर पा रहे है । आपको बताते चले की सामुदायिक शौचालयो मे लाखों खर्च के बाद सामुदायिक शौचालय योजना की कैसे दम तोडती नजर आ रही है तथा जमीनी हकीकत देखनी है तो आप चकिया ब्लाक के नेवाजगंज मे देख सकते है जहां स्वच्छ भारत मिशन के तहत सरकार के द्वारा लाखों रुपये निर्मित सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया सामुदायिक शौचालय के निर्माण को देखकर बगैर शौचालय वाले ग्रामीणों मे एक आस जगी की ग्रामीणों को आसानी से शौचालय व स्नानघर की सुविधाएं गांव मे ही उपलब्ध हो गयी है लेकिन ग्रामीणों की सुविधाओं पर ग्रहण लग गया है आपको बताते चले शौचालय के निर्माण के बाद शौचालय को खोलने की जिम्मेदारी समुह के माध्यम से सौपी भी गया ग्रामीणों ने बताया की शौचालय निर्माण के बाद भी सामुदायिक शौचालय पर बराबर ताला लगा रहता है सामुदायिक शौचालय खोलवाने को लेकर ग्रामीणों ने कई बार ग्राम प्रधान से फरियाद भी लगाई गई लेकिन आज तक कोई सुनवाई नही हुई।

**कार्यक्रम** महीने के आखिरी रविवार को प्रधानमंत्री के लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण होता है

# भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी के नेतृत्व में आम जनमानस ने सुनी मन की बात कार्यक्रम का 104 वा संस्करण



**पीडीडीयू नगर । बबुरी**। आज हर महीने के आखिरी रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण होता हैं आज मन की बात के 104 वा संस्करण को भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने मुगलसराय विधानसभा के बूथ संख्या 351 ग्राम बहेरा में भाजपा कार्यकर्ताओ व आम जनमानस के साथ सुना। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने चंद्रयान की सफलता का जिक्र करते हुए कहा मिशन चंद्रयान नए भारत की स्पिरिट का प्रतीक है. पीएम मोदी ने कार्यक्रम में अपनी कविता भी पढ़ी.पीएम मोदी ने कहा, चंद्रयान की सफलता बहुत बड़ी बात है. चारो ओर इसकी चर्चा हो रही है. चंद्रयान की सफलता ने बता दिया है कि सफलता के कुछ सूरज चांद पर भी उगते हैं. चंद्रयान नए भारत की उस स्पिरिट का प्रतीक बन गया है, जो हर हाल में जीतना चाहता है और हर हाल में जीतना जानता भी है ।चंद्रयान नारी शक्ति का जीवंत उदाहरण'उन्होंने कहा ये मिशन नारी शक्ति का जीवंत उदाहरण हैं. इस पूरे मिशन में अनेकों महिला वैज्ञानिक और इंजीनियर्स सीधे तौर पर जुड़ी रही हैं. पीएम मोदी ने कहा, भारत की बेटियां अब अनंत समझे जाने वाले अंतरिक्ष को भी चुनौती दे रही हैं. किसी देश की बेटियां जब इतनी आकांक्षी हो जाएं, तो उस दश को विकसित बनने से भला कौन रोक सकता है ।इस दौरान भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने बताया कि आज हमारी इतनी उड़ान इस लिए है की हमारे प्रयास बड़े हैं अगले महीने भारत जी20 के लिए तैयार है इस बार 15 अगस्त को देश ने हर घर तिरंगा अभियान को वास्तव में हर मन तिरंगा अभियान बना लिया, इस समय देश में मेरी माटी मेरा देश अभियान जोरो पर है जब हम अपनी मातृ भाषा से जुड़ जाते है तो अपनी संस्कृति और संस्कारो से जुड़ जाते है भारत में डेयरी सेक्टर आगे बढ़ रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के हर बातों का अपने जीवनकाल में अनुसरण करना चाहिए। इस मौके पर भाजपा नेता सुर्यमुनी तिवारी, शिवमंगल बियार, श्यामू बियार, जगदीश, दिनेश बियार, छोटक, शेषनाथ, ढात्तीलाल, विजय कुमार, रामगति बियार, काशी, चंद्रभान, गोविंद कुमार, मठरु, रमाशंकर सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# जल्द नगर के विकास का काम शुरू करें नगर पालिका चेयरमैन- संतोष कुमार पाठक एडवोकेट





**मुगलसराय**। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज नगर के सुभाष पार्क में तिरंगा शाखा लगाई म, तदोपरांत नगर में विकास कार्य के ठप होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए नगर पालिका परिषद पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया और नगर का विकास कार्य जल्द शुरू करने की नगर पालिका अध्यक्ष सोनू किन्नर से मांग की । इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने कहा कि पहले भाजपा के चेयमैन नगर में थे जमकर 10 साल तक नगर को लूटा गया । उसके बाद लोगों ने बड़ी उम्मीद के साथ सोनू किन्नर को नगर पालिका परिषद पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर का अध्यक्ष बनाया ताकि नगर का विकास कार्य तेजी से होगा। परंतु अभी तक नगर पालिका मुगलसराय का विकास कार्य शुरू ही नहीं हो पाया है । नगर में जगह जगह सडको पर गड्ढे हैं नालिया टूटी पडी हैं, गलियों में प्रकाश की व्यवस्था नहीं है। नगर पालिका के अध्यक्ष को क्या करना है? क्या नहीं करना है? उनके कुछ समझ में नहीं आ रहा है , अगर यह सही है तो चेयरमैन साहब को अपने साथ नगर के जानकारव ईमानदार लोगों की एक टीम बनाकर काम करें। क्योंकि नगर के लोगों ने उनको नगर के विकास के लिए और त्वरित गति से काम करने के लिए चुना है। संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने कहा कि अगर नगर के विकास कार्य जल्द शुरू नहीं हुई तो आम आदमी पार्टी जल्द ही नगर पालिका कार्यालय के सामने एक विशाल प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष ज्ञान पांडेय, जिला कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, नगर सचिव रणजीत कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।